भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 281, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बलूचिस्तान में बंदूकधारियों के हमले में 37 की मौत 14

फिल्म सिटी पहुंचकर भावुक हुई प्रियंका 13




**भए प्रगट गोपाला...** बरेली के राजेंद्रनगर में स्थित बांके बिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। घड़ी में जैसे ही रात्रि के 12 बजे, मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मंदिर के पुजारी ने कृष्ण के बाल रूप का पूजन-अर्चन और दुग्धाभिषेक किया।

हिमाचल प्रदेश से भाजपा सांसद कंगना का किसान आंदोलन पर विवादित बयान

# शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं होता तो पंजाब बन जाता बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी

फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत एक बार फिर विवादों में फंस गई हैं। इस बार उन्होंने किसान आंदोलन को लेकर ऐसी टिप्पणी की है, जिससे खुद उनकी पार्टी बैकफुट पर आ गई है। दरअसल, एक साक्षात्कार में कंगना ने कहा कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता।

कंगना ने आगे कहा कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां दुष्कर्म और हत्याएं हो रही थीं। किसान विधेयक को वापस ले लिया गया। वरना, इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी। वे देश में कुछ भी कर सकते थे। इस बयान के बाद विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हो गया है। मामला तूल पकड़ता देख भाजपा ने न सिर्फ कंगना के बयान से पल्ला झाड़ लिया, बल्कि उन्हें नीतिगत मामलों में न बोलने की हिदायत भी दी। पार्टी ने एक बयान में कहा, "भाजपा सांसद कंगना द्वारा किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी का मत नहीं है। पार्टी की ओर से पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए उन्हें न तो अनुमति है और न ही वह अधिकृत हैं।"

पार्टी की ओर से कहा गया, "भाजपा की ओर से कंगना रानौत को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें।

- पार्टी ने किया किनारा, कहा- नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए वे अधिकृत नहीं



### भाजपा सहमत नहीं तो पार्टी से निकाले: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा अपनी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के किसानों से जुड़े विवादित बयान से असहमति जताए जाने के बाद सोमवार को कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल अपनी सांसद की टिप्पणियों से असहमत है तो उन्हें पार्टी से बाहर करे। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि सरकार को कंगना के इस दावे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए कि अमेरिका और चीन देश के अंदर अस्थरिता की साजिश कर रहे थे। सुप्रिया ने कहा, 'किसी नेता ने आज तक अन्नदाताओं के खिलाफ उन शब्दों का इस्तेमाल नहीं था, जो कंगना रनौत ने किए हैं।' सुप्रिया ने कहा कि कंगना के बयान पर आक्रोश पैदा हुआ तो भाजपा से उसके रुख के बारे में पूछा गया। हरियाणा का चुनाव का नजदीक है और पता है कि भाजपा हारने जा रही है। ऐसे में भाजपा की तरफ से एक बयान आया, जिसमें कंगना की टिप्पणियों से असहमति जताई गई।


LAST 2 DAY
MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
- शर्ट, टी-शर्ट
- जीन्स, पैन्ट
- ट्राउजर
- ट्रैक सूट्स
- लोअर
- बरमूडा एवं ऑल मान्टी कारलो

FLAT 50% OFF

SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050



उपहार ही उपहार योजना का विस्तृत विवरण पेज नं. 3 पर देखें।


# एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे

## आगरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने बांग्लादेश का किया जिक्र, कहा- राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक होंगे। बंटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने इस क्रम में बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वे गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे-नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे।


योगी आदित्यनाथ सोमवार को आगरा पहुंचे थे। यहां उन्होंने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। योगी ने राधे-राधे कहकर जनसभा में उपस्थित लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण ऐसे समय में कर रहे हैं, जब हम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। देश की आजादी में 9 अगस्त 1925 में लखनऊ में पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम देकर उस समय अंग्रेज हुकूमत को चुनौती दी थी।

योगी ने कहा कि हम इतिहास जानते हैं। औरंगजेब का इस आगरा से भी कुछ संबंध था। इसी आगरा में हिंदवी पद बादशाही के महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब की सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि तुम चूहे की तरह तड़पते रह जाओगे, लेकिन तुझे हिंदुस्तान पर कब्जा नहीं करने देंगे। राजस्थान में महाराजा जसवंत सिंह इस मोर्चे को संभाल रहे थे। महाराजा जसवंत सिंह के महत्वपूर्ण सेनापति राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी थे। औरंगजेब ने कई बार कोशिश की, लेकिन कब्जा नहीं कर पाया। क्योंकि जहां राष्ट्रवादी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जैसे वीर हों, वहां कैसे कोई विदेशी आक्रांता कब्जा कर सकता है।



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का किया अनावरण



### श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर किया दर्शन-पूजन

**मथुरा।** जन्माष्टमी पर सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण के दर्शन-पूजन किए। योगी ने यहां कान्हा को पंचामृत स्नान कराया व भोग प्रसाद अर्पित किया। उन्होंने गर्भ गृह में भी दर्शन किया। गर्भ गृह को कारागार के रूप में सजाया या। फिर मंदिर प्रांगण का अवलोकन किया। इस दौरान पूरा प्रांगण 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' गूंज से गुंजायमान हो गया। इससे पहले रविवार को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर योगी ने वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी के दर्शन-पूजन किया था।

### पीएम का 'रोल प्ले' न करें योगी: अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बांग्लादेश पर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि वह (योगी) प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। कम से कम उन्हें प्रधानमंत्री का 'रोल प्ले' नहीं करना चाहिए। सपा प्रमुख यादव यहां सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का मामला देश की विदेश नीति से जुड़ा है और यह कार्य प्रधानमंत्री जी का है, भारत सरकार का है कि दुनिया में किस देश के साथ कैसा संबंध रखना है। सपा प्रमुख ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि केंद्र वाले उन्हें समझाएंगे कि दिल्ली वाले फैसलों में वह हस्तक्षेप न करें।



भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्राचार्य पर सीबीआई का शिकंजा

# गैर-जमानती धाराओं में दर्ज की एफआईआर

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। यह उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। एजेंसी ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार आदि की सात धाराओं में मामला दर्ज किया है।

कलकत्ता हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि इन सभी मामलों को एक साथ पढ़ने पर ये संज्ञेय अपराध लगते हैं और गैर-जमानती प्रकृति के हैं। घोष के अलावा, सीबीआई ने मध्य जोरहाट, बानीपुर, हावड़ा के मेसर्स मा तारा ट्रेडर्स, जेके घोष रोड, बेलगछिया, कोलकाता के मेसर्स ईशान कैफे और मेसर्स खामा लौहा के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव देबल कुमार घोष द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। सीबीआई द्वारा कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य द्वारा गठित एसआईटी से जांच अपने हाथ में लेने के बाद शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 9 अगस्त को एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। यह आदेश आरजी कर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका पर जारी किया गया, जिन्होंने संस्थान में कथित वित्तीय कदाचार की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का अनुरोध किया था।

अली ने उच्च न्यायालय का रुख किया था, क्योंकि इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या संस्थान में भ्रष्टाचार का संबंध महिला डॉक्टर की मौत से जुड़ा है और क्या पीड़िता को इसकी जानकारी थी एवं इससे मामले के उजागर होने का खतरा था।



- स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव ने की थी डॉ. घोष की शिकायत

## एक नजर

### चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सोरेन 30 अगस्त को रांची में पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सोरेन की मुलाकात की एक तस्वीर पोस्ट की। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी शर्मा भी बैठक में शामिल थे। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, "झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हमारे देश के दिग्गज आदिवासी नेता चंपई सोरेन जी ने कुछ समय पहले माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। वह 30 अगस्त को रांची में आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल होंगे।"

### चुनाव से पहले यशवंत सिन्हा बनाएंगे नई पार्टी

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी नई पार्टी बना सकते हैं। सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले यशवंत सिन्हा ने पत्रकारों से कहा कि समाज के तमाम वर्गों से परामर्श के बाद जल्द ही अटल विचार मंच (एवीएम) के गठन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# जो कांशीराम को गंवारा नहीं वह मेरे लिए भी संभव नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने सक्रिय राजनीति से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कांशीराम को गंवारा नहीं, तो उनके लिए भी यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुजनों के आंबेडकरवादी कारवां को कमजोर करने की विरोधी पार्टियों की साजिश को विफल करने के लिए डॉ. आंबेडकर व कांशीराम की तरह ही जिंदगी की आखिरी सांस तक पार्टी व इसके स्वाभिमान मूवमेंट को समर्पित रहने का उनका फैसला अटल है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भतीजे आकाश आनंद को उनके न रहने या अस्वस्थ्य होने के विकट हालात में उत्तराधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उन्हें राष्ट्रपति बनाया जाएगा, जबकि कांशीराम ने ऐसे ही ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया था कि राष्ट्रपति बनना सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना है, जो पार्टी के हित में कतई गंवारा नहीं था, तो उनकी शिष्या होकर उनके उन्हें यह स्वीकार करना कैसे संभव है।



- संन्यास की अटकलों को बसपा प्रमुख ने किया खारिज

## त्रिपुरा: मंदिर में मूर्तियां खंडित पाए जाने के बाद 12 घर जलाए

**अगरतला।** पश्चिमी त्रिपुरा के रानीरबाजार क्षेत्र में एक मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद अज्ञात लोगों ने कम से कम 12 घरों और कुछ वाहनों को आग लगा दी। रानीरबाजार के अंतर्गत जिरानिया उपखंड में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनंत दास ने बताया कि कैतुरबाड़ी में देवी काली की मूर्ति खंडित पाए जाने के बाद रविवार देर रात उपद्रवियों ने रानीरबाजार में करीब 12 घरों में आग लगा दी। आग में कुछ मोटरसाइकिलें और पिकअप वाहन भी जलकर खाक हो गए। इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्र भीड़ को देखकर लोग अपने घरों से भाग गए। दास ने कहा कि तनाव कम करने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और पुलिस महानिदेशक (खुफिया) अनुराग धनखड़ और पश्चिमी त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने क्षेत्र का दौरा किया है।

# देश में रहना है तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा: मोहन यादव

भोपाल, एजेंसी

जन्माष्टमी के मौके पर सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि देश में रहना है तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा। उन्होंने कहा कि रहीम या रसखान अपने आपको यहां की मिट्टी में जोड़कर चले तो आज सदियों से हम उनका स्मरण करते हैं। लेकिन सावधान! जो यहां का खाता है और कहीं और का बजाता है, ये नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री यादव सोमवार को अशोकनगर जिले के चंदेरी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मोहन यादव ने कहा, "भारत के अंदर रहना होगा तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा। इनके बाहर कुछ नहीं है। हमारे अपने देश के अंदर हम सबका सम्मान करना चाहते हैं। हम किसी का अपमान नहीं करते।" उन्होंने बताया कि चंदेरी की साड़ी बनाने वाले हैंडलूम पार्क में गया था। यहां क्या हिंदू और मुसलमान, धूमधाम से मेहनत कर रहे हैं। ये पवित्रता का भाव चाहिए। मोहन यादव ने कहा कि हमारे यहां हिंदू-मुस्लिम का भाव नहीं है। हमारे यहां परमात्मा को, सृष्टि को समझने वाले लोग चाहिए। हम सबके लिए पवित्रता का भाव रखते हैं। हम तो भाग्यशाली हैं कि भगवान राम-कृष्ण की भूमि पर जन्म लिया। हमारे देवी-देवताओं को समझने जाओगे तो पता चलेगा कि उन्होंने कदम-कदम पर कष्ट उठाए हैं।



- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के अवसर पर दिया बयान

## महादेव सट्टेबाजी एप मामलों की होगी सीबीआई जांच

**रायपुर।** बहुचर्चित महादेव सट्टेबाजी एप घोटाला मामलों की जांच सीबीआई करेगी। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने इस घोटाले के संबंध में दर्ज मामलों को सीबीआई को सौंप दिया है। महादेव घोटाले से जुड़े 70 मामले राज्य के विभिन्न थानों और एक मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा में दर्ज किया गया था।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुद्दा केवल एक राज्य के बजाय कई राज्यों का मामला बन गया है। ऐसा कहा जाता है कि इसके कुछ 'किंगपिन' विदेश में रहते हैं। अब सीबीआई इस मामले की जांच करेगी। बता दें कि इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी नाम आया था।

# चार हफ्तों के भीतर दें खुली जेलों की जानकारी: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार सप्ताह के भीतर खुली जेलों के कामकाज के संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्याय मित्र के. परमेश्वर ने सूचित किया कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं। परमेश्वर जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या से संबंधित मामले में शीर्ष अदालत की न्याय मित्र के रूप में सहायता कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने खुली जेलों की स्थिति और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी मांगने के लिए प्रश्नावली प्रसारित किए जाने के बावजूद अभी तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई हैं। यह भी नहीं बताया है कि क्या ऐसी जेलें उनके अधिकार क्षेत्र में मौजूद हैं या नहीं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए सूचीबद्ध की।

- उच्चतम न्यायालय ने राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को दिया आदेश

## लद्दाख में होंगे पांच नए जिले गृहमंत्री शाह ने किया ऐलान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाने की घोषणा की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक विकसित और समृद्ध लद्दाख बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ये नए जिले जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग होंगे, जो लद्दाख के हर हिस्से में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए फायदों को उनके दरवाजे तक पहुंचाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन की सराहना करते हुए इसे बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम बताया। उन्होंने कहा कि जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे सेवाओं और अवसरों को लोगों के और करीब लाया जा सकेगा।

# अब 21 दिन के भीतर होगा जन शिकायतों का निवारण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने जन शिकायत निवारण की समय सीमा मौजूदा 30 दिन से घटाकर 21 दिन कर दिया है। संशोधित दिशा-निर्देशों से जुड़े आदेश में शिकायतों के निपटारे के लिए समर्पित अधिकारियों की नियुक्ति का सुझाव दिया गया है।

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इसका अर्थ यह है कि शिकायत को किसी भी मामले में यह कहकर बंद किया जाएगा कि इस मंत्रालय/विभाग/कार्यालय से संबंधित नहीं है या इस तरह की अन्य भाषा के आधार पर इसे नहीं बंद किया जाएगा। यदि शिकायत का विषय प्राप्त करने वाले मंत्रालय से संबंधित नहीं है, तो इसे सही प्राधिकारी को हस्तांतरित करने का प्रयास किया जाएगा।

डीएआरपीजी के आदेश में कहा गया है कि जिन मंत्रालयों-विभागों में बड़ी संख्या में जन शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां स्वतंत्र प्रभार के साथ पर्याप्त पद पर एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त करने की सलाह दी जाती है। संशोधित दिशा-निर्देशों का उल्लेख करने वाला यह आदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 जून को भारत सरकार के सचिवों के साथ बातचीत के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद जारी किया गया। निर्देशों के अनुपालन में, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली को नागरिकों के लिए अधिक संवेदनशील, सुलभ और सार्थक बनाने के लिए मौजूदा प्रक्रियाओं की समीक्षा की। यह एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो लोगों को सरकारी विभागों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है।

केंद्र सरकार ने मौजूदा 30 दिन की समयसीमा घटाई

### निवारण में ज्यादा समय लगे तो शिकायतकर्ता को बताएं कारण

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा 23 अगस्त, 2024 जारी आदेश में कहा गया है कि सीपीजीआरएएमएस में शुरू किए गए 10 चरणों के सुधारों ने औसत समाधान समय को काफी कम कर दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए सीपीजीआरएएमएस में मामलों के लिए डीएआरपीजी द्वारा सुझाए गए अधिकतम निवारण समय को और घटाकर 21 दिन कर दिया गया है। आदेश में कहा गया कि जिन मामलों में निवारण में अधिक समय लगता है, वहां कारण बताते हुए अंतरिम उत्तर दिया जा सकता है तथा शिकायत के समाधान की अपेक्षित समयसीमा भी बताई जा सकती है।

## एक नजर

### खिरनीबाग ठाकुरद्वारा मंदिर में गूंजे आल्हा के स्वर

खिरनीबाग ठाकुर द्वारा में जन्माष्टमी पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की टीम ने आल्हा समेत अन्य लोकगीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इसी क्रम में बरेली की नव ज्योति नृत्य नाट्य संस्था तथा वीर विजय नृत्य नाट्य संस्था की टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सतरंगी छटा बिखेरी। आल्हा गायन टीम में योगेश पांडेय, राम कुमार, राम लाल, बेंचेलाल, माधोराम आदि शामिल रहे। आयोजन में मुख्य संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, अरुण दीक्षित आदि का सहयोग रहा। रात 12 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

### जन्माष्टमी पर दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिली है। वरिष्ठ अधिवक्ता फिरोज हसन खां के भांजे हमद उर्फ अरहान तारिक ने योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के रूप में सजधज कर कालेज के एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। हमद के साथ उसकी मां सबा खान और बहन नदीहा भी मौजूद रहीं। इसी तरह मोहल्ला गदियाना में एक मुस्लिम परिवार में रमशा ने राधा के स्वरूप में सजधज कर सभी का मन मोह लिया। रमशा मोहम्मद शान की बेटी है।

### कान्हा के रूप में बच्चों ने मन मोहा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देर शाम तमाम महिलाएं अपने बच्चों को राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजाकर मंदिरों की सजावट देखने उमड़तीं रहीं। टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में लोग नन्हें-मुन्नों को विभिन्न स्वरूपों में सुसज्जित कर पहुंचते रहे। पीली धोती, कुर्ती के साथ हाथ बांसुरी, माथे पर तिलक और चमचमाता मुकुट, गले में हार पहने बच्चे लोगों को आकर्षित कर रहे थे। इसी तरह महिलाओं ने घरों में भी बच्चों को कृष्ण रूप में सजाकर आनंद प्राप्त किया।



जन्माष्टमी पर माखन तैयार करती यशोदा मइया की झांकी। ● अमृत विचार



सीतापुर नेत्र चिकित्सालय उद्यान में योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस पर योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में भव्य आयोजन किया गया। ● अमृत विचार



लाला तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जेल में बंद वासुदेव-देवकी की झांकी।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जगमगाता हनुमतधाम।

# हाथी घोड़ा पालकी ... जय कन्हैया लाल की घर-घर मनाया गया नटखट कान्हा का जन्मोत्सव

## मंदिरों में गूंजे यशोदानंदन भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष, दूधिया और रंग-बिरंगी रोशनी से नहा उठे मंदिर

- मंदिरों और घरों में सजाई गईं आकर्षक झांकियां
- कारागार, थाने, पुलिस चौकियां, पुलिस लाइन में रही जन्मोत्सव की धूम
- आधी रात तक सजावट और झांकियां देखने उमड़ते रहे नर-नारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गीता में उपदेश देने वाले योगीराज भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में उत्साह, उमंग और श्रद्धाभाव से मनाया गया। घर-घर यशोदानंदन का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिरों, कारागार, थानों, पुलिस चौकियों में भी माखनचोर का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मना। जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण के बाल जीवन से लेकर कंस बध तक आकर्षक झांकियां सजाई गईं। आधी रात को जन्मोत्सव के बाद महाआरती हुई और भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिरों की सजावट और झांकियां देखने के लिए आधा रात तक महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे उमड़ते रहे। कई स्थानों पर राधा-कृष्ण और गोपियों के रूप में सजे-धजे बच्चों ने भजनों पर नृत्य कर खुशियां मनाईं।

माखन चोर नटखट कान्हा का जन्मोत्सव हिंदू समाज में सबसे अलग ढंग से मनाया जाता है। लोग उपवास रखकर भजन कीर्तन करते हैं। घर-घर पूजाघर सजाकर उत्सव मनाया जाता है। पकवान बनाए जाते हैं, जिनका भोग लगाया गया। मंदिरों को केले और तोरण के साथ रंग-बिरंगी झालरों, झंडियों आदि से सजाया गया। मंदिर परिसर और सड़क किनारे मंच बनाकर डीजे की व्यवस्था की गई।

डीजे पर बज रहे भजनों से देर रात तक वातावरण गूंजता रहा। महिलाओं, बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। पूरे शहर में जितने भी छोटे-बड़े मंदिर है, उनमें भव्य सजावट की गई थी। दूधिया और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते धार्मिक स्थलों की छटा अद्भुत नजर आ रही थी। प्रमुख मंदिरों में सजीव और अन्य प्रकार की आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। मंदिरों की सजावट और झांकियों को देखने के लिए लोग परिवार और मित्र मंडली के साथ उमड़ते रहे। भीड़ का आलम यह था कि शाम होते ही सड़कों पर त्योहारी भीड़ ही दिखाई दे रही थी।



घंटाघर मंदिर में राधा-कृष्ण की सजी आकर्षक झांकी।



टाउनहाल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

### कान्हा के जन्मोत्सव पर जगमगाए मंदिर

बाबा विश्वनाथ मंदिर, हनुमतधाम, कृष्णानगर मंदिर, राम नगर मंदिर, लाला तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर, खिरनीबाग स्थित प्राचीन मंदिर, बाबा बनखंडी नाथ मंदिर, बृज विहार कालोनी मंदिर, ओसीएफ मंदिर, लाल इमली चौराहा स्थित संकट मोचन मंदिर, बक्सरियां स्थित श्री दुर्गा रतन मंदिर, मंडी स्थित श्री दुर्गा मंदिर, चौकसीनाथ मंदिर, केरूगंज चौराहा स्थित सभी मंदिर, चौक के सभी मंदिरों, कच्चा कटरा मोड़ स्थित मंदिरों, शेरों वाले मंदिर, घंटाघर मंदिर, खिरनीबाग चौराहा मंदिर, जेल के सामने मंदिर, कृष्णानगर के शिव मंदिर, हयातपुरा मार्ग स्थित मंदिर, मालखाना मार्ग स्थित शनिदेव मंदिर, बहादुरगंज मंदिर, कटियाटोला निशात टाकीज मार्ग स्थित मंदिर, मनोकरण मंदिर रेती, सरायं काइयां क्षेत्र के मंदिरों समेत अन्य क्षेत्रों के छोटे-बड़े मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही।



इंडो किड्स स्कूल में जन्माष्टमी मनाई गई। राधा-कृष्ण के वेश में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया।



पुलिस जीप पर सवार कृष्ण के रूप में बालक।




मां के साथ कृष्ण के रूप में सजे बालक।



गाय के साथ बंशी बजाता कृष्ण स्वरूप बालक। ● अमृत विचार

### मकूनसप्री स्कूल में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मकूनसप्री स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती वंदना के बाद श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। बच्चों ने कृष्ण जी के रूप में मनमोहक वेश भूषा धारण कर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुनिका अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में कनिका सक्सेना, अथर्व सक्सेना आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अमन सक्सेना, इशा सक्सेना आदि अभिभावक मौजूद रहे। अंत में डायरेक्टर पूर्णिमा रस्तोगी ने कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे सीख लेने का कहा।





राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे और साथ में शिक्षक।



बाइक पर परिजनों के साथ कृष्ण के रूप में सजा बालक।



जन्माष्टमी पर मां के साथ कृष्ण के रूप में सजे बालक।

## सार-संक्षेप

### अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने किया गोपूजन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जिले के गो आश्रय स्थलों में गो-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कान्हा गौशाला व जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने टिंगरी गौशाला में विधि विधान से गो-पूजन किया। मंत्री ने सभी को गाय की सेवा गौशाला में जाकर करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए, गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की उपलब्धता रहे। सिमरा वीरान गौशाला में ब्लाक प्रमुख खुटार नमित दीक्षित और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने पूजन किया। पशुओं का पूजन कर गुड़, केले व हरा चारा खिला कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।

### इंडिया फोटो वीडियो एक्सपो का पोस्टर लांच



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से लखनऊ में आयोजित हो रही इंडिया फोटो वीडियो एक्सपो का पोस्टर लॉन्च किया गया। एक्सपो का पोस्टर जिला अध्यक्ष विजय कुमार के स्टूडियो व फोटोग्राफर एसोसिएशन के कार्यालय पर लांच किया गया। यह एक्सपो 6 सितंबर से शुरू होकर 8 सितंबर तक चलेगी। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिले के तमाम फोटोग्राफर इस एक्सपो में निशुल्क प्रवेश कर सकते हैं। यह एक्सपो लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान हाई कोर्ट के पास विभूति खंड गोमती नगर में लगेगी। एक्सपो में अपडेट वीडियो फोटो कैमरे फोटो पेपर, बैटरी चार्जर तमाम फोटोग्राफी से संबंधित चीजें देखने और खरीदने को मिलती है। पोस्टर के लांचिंग के समय जिला प्रभारी संजीव राठौर, महामंत्री राजू, उपाध्यक्ष राकेश मोहन, अश्वनी सक्सेना, सुखविंदर खालसा रौजा, बंटी शर्मा, इंद्रपाल आनंद, राजेश शर्मा, प्रियांशु राठौर, अंश कुमार, आरजू स्टूडियो, अमित सक्सेना आदि पदाधिकारी और फोटोग्राफर मौजूद रहे।

### संजय इंटर कॉलेज में लगेगा शतरंज व खो-खो महाकुंभ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की ओर से संचालित संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शतरंज व खो खो की प्रांतीय प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 28 को शाम 7 बजे उद्घाटन के साथ महाकुंभ शुरू होगा। प्रतियोगिता में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के 421 बालक, 55 संरक्षक आचार्य 27 निर्णायक, 6 वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी व पांच अतिथि शामिल होंगे।

## शाहजहांपुर महोत्सव में बिखरेंगे कला-संस्कृति के रंग

- क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के बैनर तले 29 से एक सितंबर तक गांधी भवन में होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के बैनर तले 29 अगस्त से एक सितंबर तक शाहजहांपुर महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव के संबंध में ग्रुप के सदस्यों ने रविवार को मीडिया को जानकारी दी।

ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सक्सेना ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की स्मृति में शाहजहांपुर महोत्सव चार दिन गांधी भवन में होगा। स्थानीय और गैर जनपदों के कलाकारों के साथ संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश एवं संगीत नाटक एकेडमी की टीम भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 29 अगस्त को 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना करेंगे। अध्यक्ष सचिन बाथम ने बताया कि 30 और 31 अगस्त को शाम 6.30 बजे से समाज सेवा सम्मान समारोह, बाढ़ पीडितों की मदद करने वाले और लगातार ब्लड डोनेट करने वाले विशिष्टजनों को सम्मानित किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन एक सितंबर को एक शाम मुकेश के नाम के नाम, किशोर अवार्ड, सेलिब्रिटी नाइट, अटल रत्न सम्मान और पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। महासचिव विक्रांत सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।



शाहजहांपुर महोत्सव के संबंध में जानकारी देते क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के पदाधिकारी।

## कूड़ा डालने वाले स्थान पर तैयार कर दी वाटिका

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिटीजन पब्लिक ग्रुप तथा पृथ्वी संस्था के तत्वावधान में रामनगर कालोनी के प्रवेश द्वार पर कूड़ा एकत्र करने वाले स्थान को वाटिका का रूप दे दिया गया है।

कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने कहा कि पंचवटी का रोपण मोक्ष प्रदान करने वाला होता है। डॉ. संजय पांडेय ने कहा कि पंचवटी के वृक्षों में कई गुण समाहित हैं। पार्षद कृष्ण गोपाल ने बताया कि जिस स्थान पर पंचवटी है उस स्थान पर कूड़े का ढेर लगा रहता था।

## राजकीय बाल गृह में गूंजे कान्हा के जयघोष



राजकीय बाल गृह में पुरस्कार के साथ जन्माष्टमी पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र और जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नवादा इंदेपुर स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी समेत अन्य प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, समाजसेवी मुकेश परिहार, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डीपीओ विनय सक्सेना, डॉ. अनिल कुमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों का महत्व समझाते हुए पौध रोपित करने का आह्वान किया। बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इसमें सागर, अमित गुप्ता और कपिल कुमार विजेता घोषित किए गए। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में आमिर खां व अयान विजयी रहे। कार्यक्रम में जन्माष्टमी के उपलक्ष में वरुण और राहुल ने राधा-कृष्ण के रूप में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विजेताओं को कैप, मेडल व कहानियों की पुस्तकें भेंट की गईं। इस अवसर पर अधीक्षक राम विनय यादव, क्राफ्ट्स प्रशिक्षक शोभा, सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार, हिमांशु सक्सेना समेत केंद्र के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**बढ़ने लगीं मुश्किलें** गांवों में बीमारी का बढ़ने लगा प्रकोप, बोले ग्रामीण-बुखार से पीड़ित हो रहे बच्चे

## गंगा का रौद्र रूप जारी, आबादी की तरफ बढ़ रहा पानी



शमशाबाद जलालाबाद स्टेट हाईवे पर चल रहा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार



मिर्जापुर पैलानी में गंगा की बाढ़ का पानी भरा हुआ। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** गंगा की बाढ़ विकराल होती जा रही है। बाढ़ का पानी अब आबादी में प्रवेश करने लगा है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। गंगा का रौद्र रूप देखकर तटवर्ती गांव के लोगों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। मिर्जापुर क्षेत्र के तटवर्ती गांवों में इस समय गंगा की बाढ़ कहर बरपाने लगी है।

क्षेत्र के आजादनगर में बाढ़ के प्रकोप के साथ बीमारी का कहर चल रहा है। गांव के समीर, इशाक, साबिर आदि ने बताया कि गांव के हर एक घर में बच्चे बुखार से पीड़ित हैं। झोलाछाप के सहारे इलाज से बीमारी से कोई राहत नही मिल पा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र की अभी तक कोई सुध नही ली गई है। वहीं मिर्जापुर ब्लाक के पैलानी, कटैलानगला , बांसखेड़ा-इस्लामनगर , मस्जिद नगला समेत कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। गांवों को आने वाले रास्तों पर तेज रफ्तार से पानी चलने लगा है। जिसके चलते आवागमन भी बाधित हो रहा है। जलालाबाद शमशाबाद स्टेट हाईवे पर भी तेजी से बाढ़ का पानी चलने से आवागमन प्रभावित है। नगला बसोला चौरा मार्ग पर भी तेजी से बाढ़ का पानी चल रहा है। खेत खलिहान बाढ़ के पानी से जलमग्न है जिससे जानवरो के चारे की विकट समस्या बनी हुई है।

जय गोगा जी महाराज
मेला श्री जाहरवीर बाबा का
ग्राम नगला डल्लू तह. बिल्सी बदायूं
बिल्सी से इस्लामनगर रोड पर (6 किमी.)
जाहरवीर गोगा जी महाराज के समस्त भक्तों को अति प्रसन्नता होगी कि गोगा जी महाराज के मन्दिर पर मेला बड़े धूमधाम से लग रहा है।
डा. योगेन्द्र सिंह मेला कमेटी अध्यक्ष
महेश शर्मा प्रबन्धक

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मरीज की मौत पर निजी अस्पताल में हंगामा

## इंजेक्शन लगाकर मार डालने का लगाया आरोप, बोले परिजन, 50 हजार रुपये जमा कराए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मिलने नहीं दिया और कह दिया मरीज की हो गई मौत**

**अमृत विचार:** अजीजगंज में एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिवार वालों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन ने पहले 50 हजार रुपये जमा करा लिए और मरीज से मिलने नहीं दिया। बाद में कह दिया कि मरीज की मौत हो गई। सूचना पर रात में ही चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके और परिवार वालों को समझाकर शांत कराया। बाद में परिजन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही लेकर चले गए।

हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के गांव रहगवा निवासी 40 वर्षीय शकूर की रविवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। हालत गंभीर होने पर परिवार वाले उसे शाहजहांपुर लेकर आए। यहां अजीजगंज स्थित प्राइवेट अस्पताल सत्यानंद में रात दस बजे लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर व स्टाफ ने मरीज को देखा और बताया कि मरीज की हालत गंभीर है। आरोप है कि स्टाफ ने इलाज शुरू करने के नाम पर तुरंत 50 हजार रुपये जमा करा लिए। इसके बाद स्टाफ मरीज को इलाज के लिए वार्ड में लेकर चले गए। कुछ देर बाद परिवार वालों ने मरीज से मिलने की इच्छा जताई तो डॉक्टर व स्टाफ ने मिलने से मना कर दिया। परिजन काफी कोशिश करते रहे लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टर और स्टाफ ने परिजनों के साथ अभद्रता भी की। करीब एक घंटे बाद स्टाफ ने सूचना दी कि तुम्हारे मरीज की मृत्यु हो गई है, तब परिवार के लोग हक्के-बक्के रह गए और अचानक मौत पर हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतक के परिजनों ने अपने और रिश्तेदार को बुला लिया। काफी देर तक हंगामे की वजह से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल स्टाफ ने मरीज को इंजेक्शन लगाकर मार दिया है और परिजनों को मरीज से मिलने नहीं दिया गया। जानकारी मिलते ही चौक कोतवाली से पुलिस बल पहुंच गया और मामले की जानकारी करने के साथ ही पीड़ित परिवार को कार्रवाई का भरोसा देते हुए शांत किया। परिजन जिन रुपयों को जमा किए जाने की बात कह रहे थे, वह रसीद पुलिस को नहीं दिखा पाए। इसके बाद दोनों पक्षों में वार्ता के बाद परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव लेकर चले गए।



अस्पताल में हंगामे के दौरान अस्पताल गेट पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

> मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से भी मना कर दिया और शव लेकर चले गए।
> –**राजीव तोमर**, प्रभारी निरीक्षक

> मरीज को मलेरिया और हार्ट की दिक्कत थी, मरीज की हालत गंभीर देखते हुए परिजनों से शाम छह बजे ही दूसरी जगह ले जाने को कहा था लेकिन परिजन अपने और लोगों को बुलाने की बात कहते हुए मरीज को नहीं ले गए और मरीज की मृत्यु हो गई। रुपये जमा कराने का झूठा आरोप लगा रहे थे। वह रुपये लिए जाने की रसीद नहीं दिखा पाए। इसके बाद वह लोग खुद ही बिना किसी कार्रवाई के शव को लेकर चले गए।
> –**डॉ. गौरव मिश्रा**, सत्यानंद हॉस्पिटल

## कार में बेहोशी की हालत में मिला शराबी, पुलिस के हाथ-पांव फूले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर में एक युवक ने कार के अंदर इतनी शराब पी ली कि वह अपना होश खो बैठा और कार का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। सदर बाजार थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम सात बजे घंटाघर पर एक कार खड़ी काफी देर से खड़ी थी। लोगों ने देखा कि कार के अंदर एक युवक चालक की सीट पर लेटा हुआ था। लोगों ने बहादुरगंज पुलिस चौकी को सूचना दी कि कार के अंदर एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा और कार के चारों दरवाजे बंद पड़े है। सिपाही घंटाघर पर पहुचे और कार का दरवाजा खटखटाया तो नहीं उठा। पुलिस ने कार की एक दरवाजे का शीशा तोड़कर दरवाजा खोला। उसे उठाया तो शराब पीए हुए था और नशे की हालत में था। पुलिस ने परिवार वालों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

### आज का मौसम



| 34.3° | 26.9° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## सास और बहू को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी कटोरी ने बताया कि 20 अगस्त को दिन में चार बजे उसकी बहू सरकारी नल पर पानी भरने के लिए गयी। गांव की रिंकी से उसकी बहू को विवाद हो गया। इस दौरान रिंकी ने उसकी बहू को पीटकर घायल कर दिया। वह अपनी बहू को बचाने गयी तो आरोपी ने कटोरी को भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव इंदलपुर निवासी प्रदीप ने बताया कि 20 अगस्त की सुबह छह बजे उसकी मां मुन्नी देवी पशुओं का चारा डालने जा रही थी। गांव के अशोक व महेन्द्र निवासी ककरौआ थाना माधौटांडा जिला पीलीभीत ने उसकी मां को गालियां दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

## राब लेकर जा रहा ट्रक पकड़ा 2.32 लाख का वसूला जुर्माना

संवाददाता, तिलहर

- **प्रभारी मंडलीय सचिव की चेकिंग में पकड़ा गया**

**अमृत विचार:** रविवार रात मंडी शुल्क की चोरी करके राब भर कर जा रहे एक ट्रक को मंडी समिति के अधिकारियों ने पकड़ लिया, जिससे 2,32000 का जुर्माना वसूला गया।

मंडी समिति के सचल दल प्रभारी मंडलीय सचिव प्रभात यादव जब हाईवे पर चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान तिलहर तथा कटरा के मध्य लाल पंप के समीप ट्रक चालक अविनाश निवासी सुनौली महाराजगंज तथा हेल्पर तोलन मिश्रा निवासी महाराजगंज राब भरकर बिहार जाता हुआ मिला। रोके जाने पर चालक कोई भी कागज नहीं दिखा सका। उसने बताया कि आर्यन कोल्ड स्टोर मीरानपुर कटरा से गेरावारी बिहार के लिए 1690 पीस लोड किए थे। पूछे जाने पर चालक मंडी समिति के पेपर नहीं दिखा सका। जिस पर अधिकारियों ने ट्रक को पकड़ा और नवीन गल्ला मंडी तिलहर में खड़ा करवा दिया। मंडी समिति के सचिव राम निवास कठेरिया ने बताया पकड़े गए ट्रक से 2 लाख रुपए आर्थिक दंड तथा 32, 025 रुपये मंडी समिति एवं विकास शुल्क वसूला गया है। एक सप्ताह पूर्व भी एक ट्रक उन्होंने पकड़ा था।

## पुलिस ने अभियुक्तों का किया चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार और एसओजी टीम ने रविवार की दोपहर मोहल्ला बाबूजई और ककरा कला में एक मकान में छापा मारकर चार अभियुक्तों को अवैध रूप से पटाखा बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सुतली बम, फूलझड़ी, मिर्ची बम, रैपर, बारूद आदि सामान बरामद किया था। बरामद सामग्री करीब पांच लाख रुपये की थी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त अरबाब निवासी बाडूजई थाना सदर बाजार, जब्बाद निवासी बाडूजई प्रथम थाना सदर बाजार, जमाल निवासी चौक आला खां थाना सदर बाजार और एक विधि विरुद्ध बालक का चालान कर दिया हैं।


## वीआईपी ग्रुप की दीपमाला अध्यक्ष, नीतू बनीं प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **वित्त मंत्री की मौजूदगी में कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन**

**अमृत विचार :** सामाजिक संगठन वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स की बैठक कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इस बार दीपमाला रस्तोगी को अध्यक्ष और अब तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाली नीतू गुप्ता को सर्वसम्मति से जिला कोआर्डिनेटर मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नई टीम को बधाई देते हुए पूरे जिले में सामाजिक कार्य किए जाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने संगठन का नाम भी बदले जाने का सुझाव रखा।

ग्रुप की संरक्षक अल्पना श्रीवास्तव के आवास पर हुई बैठक में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता , उद्यमी अनुजदेव गुप्ता, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, डॉ. बृजेंद्र सक्सेना, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, डॉ. राकेश दीक्षित, डॉ. वासु श्रीवास्तव, अंशिका गौतम आदि ने फूल मालाएं पहनाकर और बुके भेंटकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सेवाभाव के दायरे को और बढ़ाए जाने की जरूरत है। साथ ही इस ग्रुप का नाम बदलकर कोई जनोपयोगी नाम भी रखा चाहिए। इसके लिए उन्होंने कुछ नाम भी सुझाए। जिला प्रभारी नीतू गुप्ता नई कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें दीपमाला रस्तोगी को अध्यक्ष, हेमा अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश सक्सेना को महासचिव, सचिन बाथम, विनीत गुप्ता व विनायक अग्रवाल को उपाध्यक्ष, रिद्धि बहल को संयुक्त सचिव व मीडिया प्रभारी, कुलविंदर सिंह, अंकित खंडेलवाल व अभिषेक अग्रवाल को सचिव, दीपक शर्मा, विजय मिश्रा, कुलदीप गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य और डॉ. दीपा सक्सेना, अल्पना श्रीवास्तव व डॉ. दीपा दीक्षित को संरक्षक और डॉ. सुरेश मिश्रा को ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किया गया है।



कार्यकारिणी पुनर्गठन बैठक में वित्त मंत्री का स्वागत करते वीआईपी ग्रुप के सदस्य।

कूपन सैम्पल इसी तरह काटकर चिपकायें
भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081
शुक्रवार, 23 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 277, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



शांति के लिए भारत हर सहयोग को तैयार 14
सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज 13


उपहार ही उपहार योजना - कूपन प्रपत्र

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |
| | | | मास्टर कूपन | | | | मास्टर कूपन |

**उपहार ही उपहार योजना नियम एवं शर्तें:-** ◆ योजना अवधि 75 दिन (27.08.2024) से होगी, आपको किन्हीं 30 दिन के कुपन ऊपर चित्र में दर्शाये गए के अनुसार अपने अखबार की डेट काट कर चिपकाने होंगे। ये डेट का भाग ही कूपन होगा। ◆ **योजना अवधि के दौरान 10 मास्टर कूपन अखबार में छापे जायेंगे इन सभी कूपनों को चिपकाना अनिवार्य है।** ◆ कूल कूपनों की संख्या मास्टर कूपन सहित 40 होगी। ◆ **पूर्ण रूप से भरे कूपन प्रपत्र एवं आधार कार्ड की फोटो खींच कर 6392828360 पर व्हाट्सअप कर देना होगा।** उक्त कूपन प्रपत्र को संभाल कर रखना होगा। ◆ जिन प्रतिभागी का कूपन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरा होगा एवं रजिस्ट्रेशन में दी गयी डिटेल का मिलान करने के बाद भाग लेने वाले पाठको के नाम एवं पुरस्कार वितरण की तिथि अखबार में प्रकाशित की जाएगी। आप अपना उपहार उक्त तिथि को प्राप्त कर सकते हैं। ◆ यदि किसी पाठक ने योजना में रजिट्रेशन नहीं कराया होगा या कूपन प्रपत्र पूर्ण रूप से नहीं भरा होगा, उपहार नहीं दिया जायेगा। ◆ **एक से अधिक रजिस्ट्रेशन अमान्य होंगे।** ◆ उपहार प्राप्त करते समय आधार की छाया प्रति एवं रजिस्ट्रेशन का मेसेज पूर्ण रूप से भरे फॉर्म के साथ उपलब्ध कराना होगा। ◆ यह योजना सिर्फ बरेली संस्करण के नियमित पाठको के लिए ही होगी ◆ **योजना को किसी भी समय बंद करने, रद्द करने का निर्णय अमृत विचार संस्थान के पास रहेगा।** ◆ इस पुरस्कार योजना का उद्देश्य सिर्फ अमृत विचार के नियमित पाठको का मनोरंजन करना है। ◆ **किसी भी वाद/विवाद के लिए न्याय क्षेत्र बरेली होगा।**

पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त...
पढ़ते रहिए अमृत विचार ...

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर





डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157



डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
• 24 घंटे के अन्दर
• 14 दिन के बाद भी
• हथेली व तलुवे का भी पीला होना
• Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया



फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# ..रेशा रेशा टूट रही है रेशम की डोर

## दिलावरगंज में हुई प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



दिलावरगंज में प्रवाह संस्थान की गोष्ठी में काव्यपाठ करते कविगण।

**अमृत विचार :** प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य गोष्ठी का आयोजन कवि सुशील दीक्षित विचित्र के दिलावरगंज स्थित आवास पर किया गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ कवि चंद्रशेखर की अध्यक्षता में हुआ।

कवि चंद्रशेखर ने काव्य पाठ करते हुए कहा- कश्मीर की उन्नत चोटी, गौरव भाल हमारा है, उस पर शत्रु चरण पड़ जाएं यह अपमान हमारा है। वरिष्ठ गीतकार विजय ठाकुर ने गीत गुनगुनाया-आयु के बीते पलों में, आज है अनुभूति खोई, दर्द सहने को बना है बांट पता है न कोई। कमल मानव ने सुनाया-संबंधों का जंगल, जंगल में आदमखोर। रेशा रेशा टूट रही है यह रेशम की डोर। आयोजक कवि सुशील दीक्षित विचित्र ने पढ़ा-सुनने वाले चले गए थे और सुनाने वाले भी,

लेकिन इतना दर्द दबाए, बैठा रहा अकेला मैं। ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान

● **कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया**

ने ग़ज़ल सुनाई- तेरा ख्याल तो शामो सहर का हिस्सा है, लगी जो दिल में उसी के असर का हिस्सा है। नवगीतकार डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने गीत सुनाया- जिंदगी तुम बिन मरुस्थल रेत कण, ताप से अभिशप्त सूखा एक तृण। आ भी जाओ, है जरूर एक सावन की। कुलदीप दीपक ने सुनाया-अब सत्य अहिंसा का नारा कोई भी नहीं लगाएगा, यदि शांति मार्ग अपनाया तो भारत फिर से बंट जाएगा।

व्यंग्यकार उमेश सिंह ने गजल के माध्यम से बात रखी-तमाशा देखने को लोग सब तैयार बैठे हैं, कई मतलब से बैठे हैं, तो कुछ बेकार बैठे हैं। सरोज मिश्रा ने गीत सुनाया-कभी चांद के चटके घट से हाय बूंद भर पूनम टपके, जिसको पीकर अनुशासन के सारे संयम गल जाएंगे। राजीव सिंह भारत ने मुक्तक सुनाया-आओ चांद तारों को गोद रख लें, हाथों में अंगारे अच्छे नहीं। चंद्र मोहन पाठक ने ओज की कविता सुनाई- रणचंडी का रूप करो धारण, सीखो और शस्त्र ज्ञान। जो कुदृष्टि तुम पर डाले, उसके लो खींच प्राण। इस मौके पर पुष्पेंद्र दीक्षित, पुष्कर दीक्षित, नवनीत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बंटवारे को लेकर मारपीट, दंपती घायल

खुटार। थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर सैहजनिया निवासी तारा देवी पत्नी रंजीत कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उसके घर में जमीन के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। रविवार को जमीन के बंटवारे की बात जैसे ही शुरू हुई कि उसके देवर मंजीत, सास सुमित्रा पत्नी बटोही, देवरानी पुष्पा देवी ने गाली गलौज शुरू कर दिया। जिस पर उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी लोगों ने उसके साथ लाठी, डंडों व धारदार हथियार से हमला कर मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह लहू लुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। उधर जब पति रंजीत को झगड़े की बात की जानकारी हुई तो वह खेत से वापस घर पहुंचा और पत्नी तारा देवी को लहूलुहान देख कर मंजीत व अपनी मां सुमित्रा देवी से मामले की जानकारी ली। जिस पर उक्त सभी आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसका भी हाथ टूट गया। पुलिस ने घायल दंपती को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस ने तारा देवी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दुष्कर्म पीड़िता की तहरीर पर एक आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**मकसूदापुर, अमृत विचार:** बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़ित महिला की तहरीर पर बंडा पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव सकुलिया निवासी सौरभ यादव से उसकी फेसबुक के जरिये दोस्ती हो गई। इसके बाद फोन पर बातें होने लगी। 19 जुलाई को दोपहर दो बजे वह अपनी ससुराल से बंडा दवा लेने के लिए आई थी, वहीं पर सौरभ बाइक से आ गया और उसे अपने साथ गांव सकुलिया ले गया। घरवालों ने उसे घर छोड़ने की बात कही तो सौरभ उसे शाहजहांपुर ले गया । जहां 20 जुलाई को सौरभ ने रात 10 बजे उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि जब उसे पता लगा कि सास ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, तब वह किसी तरह अपनी ससुराल पहुंची और पति व सास को आपबीती सुनाई।

## दो बकरियों को जहर देकर मारने का आरोप

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बैकुंठापुर निवासी सोवरन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह रविवार की शाम गांव के बाहर खेतों में अपनी बहन के साथ बकरी चराने गया था। आरोप है कि पड़ोस के ही गांव के रहने वाले एक सिख फार्मर द्वारा घास चर रही दो बकरियों को जहर दे दिया। देर रात पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की जांच कर तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## न्याय के लिए अनशन पर बैठा, समझाया

**खुटार।अमृत विचार :** बस्ती जिले का एक व्यक्ति अपने मृतक भाई के लिए न्याय मांगने के लिए मंत्री जितिन प्रसाद के कैंप कार्यालय के बाहर अनशन बैठ गया। पुलिस ने उसको गाड़ी में डाल दिया। पीड़ित का आरोप है कि मंत्री के कैंप कार्यालय के स्टाफ ने अभद्रता की और पुलिस ने मारपीट की। उसे पुलिस गाड़ी में डालने का वीडियो वायरल हुआ है। विवेक नारायण तिवारी ने बताया कि वर्ष 2019 में उसके भाई आदित्य नारायण की हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस में रहते हुए ब्राह्मण चेतना आंदोलन चला रहे जितिन प्रसाद उनके आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि न्याय मिलेगा। लेकिन बाद में आरोपी बरी कर दिए गए थे। मृतक का छोटा भाई विवेक नारायण तिवारी दिल्ली के लिए पदयात्रा के निकला है। मंत्री के कार्यालय प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि उसके साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया गया ।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808




सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली



NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# शाहजहांपुर मुख्य मार्ग पर गड्ढों व जलभराव से मुसीबत उठा रहे वाहन सवार

## स्टेट हाइवे पर आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे बाइक और ई-रिक्शा सवार, निगोही में हमजापुर चौराहे से फिलिंग स्टेशन तक खराब है सड़क

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** निगोही-शाहजहांपुर मुख्य मार्ग पर गड्ढा और जलभराव बना हुआ है। बाइक और ई-रिक्शा सवार लोग आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे राहगीरों के लिए यह मार्ग आवागमान में खतरा बना है। यह रोड निगोही में हमजापुर चौराहे से फिलिंग स्टेशन तक खराब है। इसे दुरुस्त कराने की मांग कस्बे के वाशिंदों ने डीएम से की है।

निगोही से शाहजहांपुर मुख्यालय की दूरी लगभग 25 किमी है। इस मार्ग के बीच में हमजापुर चौराहे के पास हाईवे पर लगभग 500 मीटर की सड़क यातायात के लिए नागरिकों के लिए खतरे से कम नहीं है। स्टेट हाइवे में शुमार इस मार्ग का यह हिस्सा इतना जर्जर है कि इधर से गुजरने वाले ग्रामीण परेशान है। उनका कहना है हाइवे से गैर जिलों के लोग भी हर रोज आवगामन करते हैं। दिन में एक दिन आवागमन करने वाले लोग एक दिन मार्ग से गुजरते हैं और खराब मार्ग पर विभाग को कोसते हुए निकल जाते हैं लेकिन ग्रामीणों का रोज निकलना होता है। इसलिए ज्यादा परेशानी उन्हें होती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से हर रोज लगभग 4 से पांच हजार लोग आवागमन करते हैं लेकिन सड़क की जर्जर हालत उन्हें परेशान किये है।

निगोही में हमजापुर चौराहे के पास हाईवे पर बड़ा सा गड्ढा बन गया है। जिस कारण यहां पर जलभराव बना रहता है। इधर से गुजरने वाले लोगों के लिए हर वक्त खतरा बना रहता है। दिन में तो लोग बचकर निकल जाते हैं लेकिन सबसे बड़ा खतरा रात में रहता है। सामने से आने वाले वाहन की तेज रोशनी में जलभराव और गड्ढा दिखाई नहीं देता है। दोपहिया वाहन चालकों और ई-रिक्शा चलाने वालों को खतरा रहता है। कई बार गड्ढे में पहिया पड़ जाने से बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। एक सप्ताह पहले सवारियों को लेकर जा रहा ई-रिक्शा का पहिया गड्ढे में चला गया, जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उसमें बैठे तीन लोग चोटिल हो गए। तीन दिन पहले एक बाइक सवार युवक शाहजहांपुर से बीसलपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था। हमजापुर के पास पहुंचने पर बाइक जलभराव के पास गड्ढे में पहुंचते ही असंतुलित हो गई और पलटते-पलटते बची, बरसात के दिनों में खतरा बढ़ जाता है। कस्बा के बाशिंदों ने रोड दुरूस्त कराए जाने की मांग डीएम से की गई है। यह स्टेट हाईवे है। ● अमृत विचार



निगोही-शाहजहांपुर मुख्य मार्ग पर जलभराव और गड्ढा। ● अमृत विचार



ग्रामीणों के आवागमन वाला रास्ता दलदल में तब्दील है जो राहगीरों के लिए बना है खतरा।



सड़क की दुर्दशा पर आवागमन में हो रही दिक्कत बताते परेशान ग्रामीण अमृत विचार



इस रोड से हर वक्त लोगों का आना जाना होता है, इसलिए इस रोड को जल्द से जल्द दुरूस्त कराए जाने की जरूरत है, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**-समीर खां,** प्रधान बजीरपुर



जिम्मेदार लोग शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे है, तभी तो कई माह बीत जाने के बाद भी सड़क को दुरूस्त नहीं कराया गया है। लोगों को खतरा बना हुआ है।

**-राजीव वर्मा,** प्रधान, बरीलालपुर



इस रोड पर बरसात के दिनों में तो और भी स्थिति खराब हो जाती है, अक्सर लोग गिरकर चोटिल होते रहे हैं, गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई, लेकिन हो सकती है।

**-पवन वर्मा,** प्रधान, अजीजपुर



यह रोड शाहजहांपुर से निगोही होते हुए बीसलपुर, पीलीभीत और बरेली को भी जाता है, इसलिए यहां ट्रैफिक सबसे अधिक है, रोड पर गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

**-अमरीश सिंह,** प्रधान डींग

### दलदल वाले रास्ते से निकलने को मजबूर ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लाखों खर्च होने के बाद भी विकास व्यवस्था बदहाल

**अमृत विचार :** विकास खंड मिर्जापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमिरतापुर उर्फ हबिबुल्लापुर का मजरा सोंहड़ में विकास की व्यवस्था बदहाल है। रास्ते दलदल बने हैं। लोगों को इसी दलदल वाले रास्ते निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रधान पति को समस्या बताई है लेकिन कोई सुनवाई नही हुई और आजकल करके टाल दिया जाता है। गांव निवासी संदेश, सौदान व उदयपाल समेत दर्जनों लोगों ने डीएम से रास्ता सही करवाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि एक नाले का निर्माण करा दिया जाए। जिससे पानी का आवागमन हो जाएगा और सड़क पर दलदल नहीं होगी।

वहीं प्रधानपति दिनेश का कहना है कि कार्ययोजना में इसे शामिल किया गया है, धनराशि मिलने पर काम होगा।

## एक नजर

### रिक्शा चालकों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** गंगासरा के मुकेश पुत्र प्रभु दयाल ई रिक्शा चलाते है। 25 अगस्त दोपहर 1 बजे मुकेश की दूसरे ई रिक्शा के चालक कोहिनूर निवासी करनापुर से कहा-सुनी हो गई। इसके बाद कोहिनूर ने मुकेश के सिर पर लोहे की राड मार दी। जिससे मुकेश को गंभीर चोट लग गई। पुलिस ने मुकेश की तहरीर पर कोहिनूर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### हादसे में युवक को घायल

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव सिंघापुर निवासी आशीष कुमार शनिवार को शाम साढ़े छह बजे फर्रुखाबाद से बाइक से अपने घर आ रहा था। सिंगहा युसुफपुर गांव के सामने उसकी बाइक रोक दी। वह लघुशंका करने जा रहा था। कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक कार लेकर भाग गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### किशोरी को किया अगवा

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 24 अगस्त की सुबह नौ बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री किसी काम से गयी थी। वह दोपहर तक घर वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की गयी और पता नहीं चला। आरोप है कि मोनू निवासी जैतीपुर उसकी बेटी को अगवा करके ले गया। आरोपी उसके पड़ोस में आता जाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे रुपये, गिरफ्तारी की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** असिस्टेंट स्काउट मास्टर के पद पर नौकरी देने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के आरोपियों की पीड़ित ने गिरफ्तारी की मांग एसपी से की है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है। अब तक केवल एक आरोपी पर कार्रवाई की जा सकी है।

पुवायां के मोहल्ला आनंद वाटिका निवासी वेद प्रकाश पांडेय ने नौकरी के नाम पर रुपये हड़पे जाने की रिपोर्ट छह दिसंबर 2023 को दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि बरेली से प्रकाशित एक अखबार में विज्ञापन में असिस्टेंट स्काउट मास्टर के पद के लिए आवेदन मांगे गए थे। इस पद के लिए अपने बेटे उपेंद्र पांडेय का आवेदन कराया था। इसके बाद तिलहर के गांव जन्यूरी निवासी रतिराम वर्मा घर आए और प्रशिक्षण के नाम पर 46,500 रुपये मांगे, यह राशि उन्होंने बैंक ड्राफ्ट के जरिए दी। ट्रेनिंग के बाद उपेंद्र को 21 फरवरी 2022 को पुवायां में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में ज्वाइनिंग करा दी गई। रतिराम व एक अन्य ने परिषदीय विद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर दो बार में 1.30 लाख रुपये और ले लिए। ज्वाइनिंग के बाद वेतन नहीं मिलने पर वेद प्रकाश को धोखाधड़ी का अहसास हुआ, तब उन्होंने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एक आरोपी रतिराम वर्मा को 25 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे आरोपी पुवायां के गांव उमरसंडा निवासी जगपाल वर्मा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर कर दी थी, जिसे नौ अगस्त को कोर्ट ने खारिज कर दिया। घटना के समय आरोपी जगपाल वर्मा महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य था।

# नाबालिग पौत्री से छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 14 साल की नाबालिग पौत्री के साथ 20 जून की रात दस बजे गांव के ही लोगों ने छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ दिए। तहरीर देने के बाद भी पुलिस के कोई कार्रवाई न किए जाने पर आरोपियों के हौसले बुलंद होने पर दोबारा 21 अगस्त की रात 9 बजे क्षेत्र के मुकीमपुर गांव के रोहित, मोहित, सोहित, परीक्षित, छोटू, रामकिशन, उसके बेटे परवीन, नन्हे भइया ने घर में घुसकर गाली-गलौज कर पुत्र व पौत्र के साथ मारपीट की। आरोप है कि रोहित व सोहित ने घर में घुसकर नाबालिग पौत्री के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी जल्द हिरासत में होंगे।

# ई-रिक्शा में सवारी बन बैठी शातिर महिला ने हार और झाले उड़ाए

संवाददाता, रौसर कोठी

- पुलिस ने मांगे पीड़ित पति-पत्नी से सबूत
- बाद में पीड़ितों ने खुद ही ढूंढ निकाले आरोपी

**अमृत विचार :** सवारी बनकर ई रिक्शा में बैठी शातिर महिला ने विवाहिता के पर्स से हार और झाले निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस से मदद मांगी, लेकिन पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करने की जगह विवाहिता और उसके पति से ही सबूत मांगने लगी। इसके बाद पीड़ित पत्नी-पत्नी ने खुद ही ठगों को ढूंढ निकाला और पुलिस के हवाले कर दिया।



पीड़ित महिला अनीता।

थाना कांट क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी अनीता पत्नी उमेश रक्षाबंधन वाले दिन अपने मायके हरदोई के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव पिसौरा गई थीं। 24 अगस्त को अपने भतीजे शिवम और पांच माह के बच्चे के साथ ई-रिक्शा पर बैठकर घर वापस आ रही थीं। अनीता के मुताबिक शाहाबाद से एक महिला उनके बगल में आकर बैठ गई। उक्त महिला ने उनके बच्चे को अपने गोद में ले लिया और अनीता से घुलने मिलने लगी। हरदोई चौराहा आने से पहले ही महिला उतर गई। जबकि अनीता और उनका भतीजा कुछ आगे चौराहे पर उतरे। यहां उतरकर अनीता ने जब अपना बैग चेक किया तो उसमें से सोने का हार तथा झाले गायब थे। दोनों चीजों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। शिवम ने हरदोई चौराहे पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र में बैठे पुलिसकर्मियों को पूरा घटनाक्रम बताया। आरोप है कि पुलिसकर्मी मदद के बजाय सबूत मांगने लगे। सोमवार को अनीता पति उमेश और शिवम तीनों हरदोई चौराहे पर आए और महिला व ई रिक्शा चालक के संबंध में लोगों से पूछताछ की। इतने में वह महिला और चालक वहीं दिख गए। तीनों ने महिला व चालक को पकड़ लिया और थाना रामचंद्र मिशन ले आए। यहां पुलिस ने महिला व ऑटो चालक से पूछताछ की। हालांकि सोमवार शाम तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।

> तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सोमवार शाम तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।
>
> **- चंद्र प्रकाश शुक्ला,** इंस्पेक्टर

## सार-संक्षेप

### कार्यकर्ता व जनता का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त: सांसद



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सांसद अरुण सागर ने कटरा विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक जैतीपुर क्षेत्र के बरीप्रसिद्धपुर, टाटराबाद, खमरिया, गढ़िया रंगीन, मरूआझला, लोहरगवां कटाह समेत कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और लोगों का हालचाल जाना। भाजपा सांसद ने कहा कि अगर किसी कोई समस्या है, अधिकारी नहीं सुन रहे हैं या फिर किसी को बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है, ऐसे लोगों के साथ वह हमेशा खड़े हैं। कार्यकर्ता या जनता का उत्पीड़न किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की जनता ने लगातार दूसरी बार लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाया और जिले में विकास कार्य कराए जाने की जिम्मेदारी दी है। पहले कार्यकाल के दौरान जो कार्य अधूरे रहे गए थे। दूसरी बार जीत मिलने के बाद उन अधूरे विकास कार्यों पर कार्य शुरू कर दिया है।

### फार्मासिस्टों की बैठक में एकजुट रहने की अपील



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक पुवायां में मोहम्मदी रोड़ शहीद ठाकुर रोशन सिंह स्मृति द्वार के पास स्थित राम मेडिकल स्टोर पर तहसील अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अगले माह 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान प्रवक्ता देश कुमार ने बताया सभी फार्मासिस्टों को सारी नियमावली को पूरा करते हुए, एकजुट रहना है। तहसील अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र ने बताया कि तहसील की सारी कार्यकारिणी सक्रिय रूप से है। अगले माह 25 सितंबर को जो कार्यक्रम होना है, उसके लिए हर एक फार्मासिस्ट से संपर्क कर उनको प्रेरित किया रहा है। बैठक में गौरव पाल, हरीदर्श मिश्र, शिवम मिश्रा, उदय प्रताप सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### डीएलएड प्रशिक्षुओं का स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसबीएस इंस्टीट्यूट बंडा में डीएलएड प्रशिक्षुओं के चल रहे पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन लीडर ट्रेनर करुण पांडेय के मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं ने टेंट निर्माण, मीनार आदि का प्रदर्शन कर निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रशिक्षक जिला स्काउट प्रशिक्षण कमिश्नर निकहत परवीन और जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर ने डीएलएड प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड संबंधी जानकारी दी। गाइड प्रतियोगिताओं में गुलाब टोली प्रथम, कमल टोली द्वितीय और लीची टोली तृतीय स्थान पर रही। स्काउट प्रतियोगिता में बाघ टोली प्रथम, सिंह टोली द्वितीय रही। प्रबंधक नरवेल सिंह, प्रधानाचार्य अनीता कटियार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। सामेंद्र वर्मा, महेश मिश्रा, विवेक मिश्रा, सिद्धांत सिंह आदि मौजूद रहे।

### शांतिभंग करने की आशंका में पांच का चालान

**पुवायां।** कोतवाली पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांतिभंग करने की आशंका के चलते अय्यूब निवासी खिरिया पाठक, नाबिर खिरिया पाठक, राजेश निवासी बिलसंडी बुजुर्ग, कोहिनूर निवासी करनापुर, अशोक निवासी सबलापुर का चालान कर दिया और एक पास्को एक्ट का आरोपी शिवम पुत्र रामदास निवासी मोहल्ला जिया खेल शाहजहांपुर को बड़ागांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# टावर से उपकरण चुराने वाले चार गिरफ्तार

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस मोबाइल टावर से पुर्जे चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर बरेली जिले के है। पुलिस ने एक लाख 80 हजार रुपये, एक अदद अजन पुर्जा और एक बाइक बरामद किया है। बरामद अजन उपकरण की कीमत 12 लाख रुपये बतायी जाती है।

सेहरामऊ दक्षिणी थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह को सोमवार की सुबह साढ़े तीन बजे सूचना मिली कि मोबाइल टावर से अजन नामक उपकरण चुराने वाले गिरोह कस्बा में सीएचसी टावर के निकट खड़ा है। जो चोरी की योजना बना रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर प्रदीप निवासी तिलगास थाना मीरगंज जिला बरेली, मोहम्मद उवैश निवासी सराय तुलसी राम थाना जानसठ जिला मुजफ्फनगर, दुर्गा प्रसाद निवासी तिलगास थाना मीरगंज जिला बरेली, रविन्द्र सिंह निवासी तिलमास थाना मीरगंज जिला बरेली है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से टावर का एक अदद अजन उपकरण, एक लाख 80 हजार रुपये नगद, एक बाइक, एक तार कटर, चार पेचकस, एक रिंच चाबी बरामद की है। बरामद अजन उपकरण की कीमत 12 लाख रुपये बतायी जाती है। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया है। टीम में उप निरीक्षक अजय वर्मा, वीकेश कुमार, अंकित कुमार, सिपाही अक्षय राठी, सौरभ राठी, विद्रेश, नितिन है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### सरगना मोबाइल टावर पर कर चुका है काम

गिरोह का सरगना प्रदीप है। अभियुक्त प्रदीप तमिलनाडु में मोबाइल टावर पर चार साल काम कर चुका है। उससे मोबाइल टावर के पूर्जो की जानकारी है। अभी कुछ दिन पहले सरगना अपने साथियों के साथ अजना उपकरण चोरी करने में पकड़ा गया था और कुछ दिन पहले जेल छूटकर आया था। वह मोबाइल टावर चढ़ने और उपकरण खोलने में एक्सपर्ट है। रवीन्द्र और दुर्गा प्रसाद टावर के आसपास निगरानी रखते है। उपकरण चोरी करके उवेश को बेच देते है। जो रुपये मिलते है, आपस में बाट लेते है। सरगना पर विभिन्न धाराओं के 13 मुकदमे दर्ज है।

# रास्ते में घात लगाकर बैठे लोगों ने पीटा

**पुवायां, अमृत विचार:** बगडेर गांव के सचिन पुत्र रामवीर ने गांव के ही मुलायम, मनोहर समेत पांच अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

सचिन ने बताया कि वह 24 अगस्त को रात लगभग 8 बजे बाइक से घर जा रहा था। उसके साथ पिंकू और बृजेश थे। रास्ते में डुगराउंची और बगडेर गांव के बीच पुलिया पर पहले से ही घात लगाए बैठे मुलायम और मनोहर ने अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। सचिन ने बताया कि उसने गांव के प्रधान के भतीजे हरिओम गोस्वामी एवं परिजनों के पास फोन किया जिनके पहुंचने पर मारपीट कर रहे आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। इसी गांव के मुन्नालाल ने गांव के ही सौरभ और हरिओम गोस्वामी के खिलाफ मारपीट गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।

# खराब हो गईं स्ट्रीट लाइटें रात में ग्रामीण होते हैं परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खिरनीबाग में जीएफ कॉलेज हॉस्टल के पास भी लाइटें खराब

**अमृत विचार :** शहर में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें खराब हो गई हैं, जिस कारण रात में सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है, इससे लूट और छिनैती की घटनाओं की आशंका बनी हुई है।

शहर में त्रिमूर्ति चौराहे के पास से ओवरब्रिज होते हुए रोडवेज बस स्टैंड की ओर जाने वाली सड़क और मोहनगंज की ओर जाने वाली सड़क पर शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। यहां के रहने वाले लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद भी रोड लाइट सही नहीं कराई गई। इससे रात में एक्सीडेंट और आपराधिक घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। सबसे अधिक डर रोड से निकलने वाली महिलाओं के लिए बना हुआ है क्योंकि अंधेरे में किसी भी महिला के साथ कोई भी घटना हो सकती है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए लखनऊ से आया एक युवक फुटपाथ पर सो गया। जहां अंधेरे का फायदा उठाते हुए कोई उसका मोबाइल चोरी कर ले गया। ऐसी स्थिति रोडवेज बस स्टैंड के आगे पुलिस लाइन गेट से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर भी है। रात के अंधेरे में यहां पर सड़क किनारे गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं, जिनमें अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। खिरनी बाग में जीएफ कॉलेज हॉस्टल के पास भी सड़क पर रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं थीं लेकिन कुछ दिन रोशनी देने के बाद अब यह लाइटें खराब हो गई और शाम होते ही यहां पर भी अंधेरा पसर जाता है। नागरिकों का कहना है कि कहने को तो नगर को नगर निगम का दर्जा मिल गया है लेकिन सुविधाएं अभी भी जस की तस बनी हुई हैं, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा का कहना है कि जहां लाइटें खराब हैं, उन्हें सही कराया जाएगा।

# विभिन्न थानों की पुलिस ने आठ वारंटी किए गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कलान थाना के उपनिरीक्षक हरकेश सिंह ने बताया कि अभियुक्त संजेश निवासी तिलौआ थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

कांट प्रभारी निरीक्षक अश्चनी कुमार ने बताया कि अभियुक्त मोहम्मद नूर निवासी पट्टी थाना कांट व चंद्रपाल सिंह निवासी बरुआ थाना कांट के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। कटरा थान के उप निरीक्षक इतेश तोमर ने बताया कि अभियुक्त अनुज निवासी कुम्हारों वाली गली थाना कटरा, शाने आलम निवासी बंगशान थाना कटरा, बलवीर सिंह निवासी समधाना थाना कांट, संतोष सिंह निवासी समधाना थाना कांट, हरपाल निवासी फीलनगर थाना कांट के खिलाफ कोट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। परौर थाना उप निरीक्षक विक्रम कुमार ने बताया कि अवनीश निवासी अमृतापुर थाना परौर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।

# युवक को लाठी से पीट पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के नया गावं निवासी शोभित ने बताया कि रविवार की शाम पांच बजे खेत पर था। गांव उवरिया के रोहित ने जानवर उसके खेत में कर दिए। उसने जानवर खेत में करने का विरोध किया। इस दौरान आरोपी उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे लाठी से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# ससुराल वालों ने दो बहुओं को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बंडा और कटरा थाना में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज के लिए ससुराल वालों ने दो बहू को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया। दहेज में बाइक और नगदी की मांग करते थे। बंडा और कटरा पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव भितिहा श्याम निवासी हिना ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले पुष्पेंद्र निवासी डीगरपुर थाना रोजा के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और वह मायके से एक लाख रुपये और बाइक लाने की बात कहते रहते थे। हिना ने इस मांग को मानने से इंकार कर दिया था तभी से ससुराल वाले नाराज हो गए। ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि शनिवार को ससुराल वालों ने मारा पीटा। पति उसे गांव के बाहर छोड़कर यह कहकर चला गया कि सिसुराल जब आना एक लाख रुपये व बाइक लेकर आना। पुलिस ने आरोपी पति पुष्पेंद्र समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अन्य घटना में कटरा थाना क्षेत्र के गांव भनपुरा निवासी कमला देवी ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मीनू की शादी चार साल पहले जितेंद्र निवासी बल्लिया थाना भमौरा जिला बरेली के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले उसकी पुत्री को परेशान करते थे। ससुराल वालों ने उसकी पुत्री से कहा कि दो लाख रुपये मायके से मंगाकर दो। उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने पर बीमार हो गयी। आरोप है कि ससुराल वाले 18 जून को बीमारी हालत में उसकी पुत्री को घर छोड़ गए। उसकी पुत्री मायके में रह रही और विदा कराने नहीं आ रहे है। पुलिस ने पति जितेंद्र समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी

Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


पंचायती राज विभाग के 500 कर्मियों ने बार-बार निर्देश देने के बाद भी नहीं दिया चल-अचल संपत्ति का ब्योरा

# ...कहीं भ्रष्टाचार उजागर होने का तो नहीं सता रहा डर

- डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत को तत्काल कर्मचारियों को ब्योरा फीड करवाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों में घोटाले समेत अन्य अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में छाए रहने वाले पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उजागर होने का डर सता रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि लगातार निर्देशों के बाद भी विभाग के 500 से अधिक कर्मचारियों ने अपनी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा नहीं दिया है। इस पर डीपीआरओ ने सभी सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को तत्काल कर्मचारियों का ब्योरा फीड कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। वहीं ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों का अगस्त माह को वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है।

पंचायती राज विभाग के निदेशक ने शासनादेश जारी कर राज्य कर्मचारियों को नियमानुसार चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के संबंधी निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया कि कर्मचारियों के पास मकान, कार, प्लाट आदि कितनी चल-अचल संपत्ति है। इसका ब्योरा विभाग को उपलब्ध कराएं। इसके बाद विभाग के माध्यम से उसे मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। शासन के निर्देश पर डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत, सचिव, सफाई कर्मी एवं कार्यालय में तैनात सभी कर्मचारियों को चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए थे, लेकिन छह माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी संबंधित कर्मचारियों ने चल-अचल संपत्ति से संबंधित कोई भी ब्योरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया।

पिछले माह भी डीपीआरओ ने सभी कर्मचारियों को 27 जुलाई तक ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इधर, मामला शासन के संज्ञान में आने के बाद प्रमुख सचिव ने 31 अगस्त तक संपत्तियों का ब्योरा देने वालों का ही वेतन दिए जाने के निर्देश दिए थे। ब्योरा न देने वालों में 474 सफाईकर्मी, 26 ग्राम पंचायत अधिकारी, तीन कार्यालय कर्मचारी आदि शामिल है।

> शासन के निर्देशानुसार विभाग में कार्यरत कर्मचारियों से चल-अचल संपत्ति का ब्योरा उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद कुछ कर्मचारियों द्वारा ब्योरा नहीं दिया गया है। सभी एडीओ पंचायत को तत्काल कर्मचारियों का ब्योरा फीड कराने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। ब्योरा फीड न कराने वाले एडीओ जिम्मेदार होंगे। ब्योरा न देने वालों के अगस्त माह के वेतन भुगतान पर रोक लगाई जाएगी। - **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

# गर्भवती की मौत मामले में मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट, अफसरों के उड़े होश

## डीएम की बनाई कमेटी ने सीएमओ कार्यालय में दर्ज किए बयान, प्राचार्य समेत कई नदारद

- तीन महीने पहले मेडिकल कॉलेज में इलाज न मिलने से चली गई थी जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** चार माह पहले मेडिकल कॉलेज में एक गर्भवती को इलाज नहीं मिलने पर मौत हो गई। इस मामले में हुई मानवाधिकार आयोग से शिकायत अब सख्ती शुरु हो चुके है। आयोग के तल्ख देवर के बाद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कमेटी गठित कर इस प्रकरण से जुड़े डॉक्टर और स्टाफ को बयान देने के लिए बुलाया गया था। लेकिन, प्राचार्य समेत कई अन्य लोग बयान देने के लिए नहीं पहुंचे। हालांकि जो कर्मचारी और डॉक्टर पहुंचे थे। उनके बयान दर्ज किए हैं। अन्य को दोबारा से बयान देने के लिए बुलाया जाएगा ताकि जांच रिपोर्ट तैयार कर मानवाधिकारी आयोग को भेजी जा सके। फिलहाल इस मामले में अस्पताल प्रशासन की लापरवाही उजागर होने की चर्चा बनी हुई है। यही कारण है कोई खुलकर कुछ बताने से बच रहा है।

बता दें कि पांच मई को शहर से सटे गांव अलीगंज की रहने वाली सात माह की गर्भवती पूनम बेहोशी की हालत में ई-रिक्शा से मेडिकल कॉलेज पहुंची थी।

आरोप है कि ई-रिक्शा पर सवार गर्भवती व उसके परिजन महिला अस्पताल के गेट पर खड़े रहे लेकिन न ही उन्हें स्ट्रेचर नसीब हुआ, और न ही किसी चिकित्सक का परामर्श। बेहोश गर्भवती को देखे बिना ही एक चिकित्सक ने कहीं और ले जाने की सलाह दे डाली। डॉक्टर ने आईसीयू की सुविधा न होने के कारण मरीज का इलाज करने में असमर्थता जताई थी। अस्पताल गेट पर मौजूद एक आउटसोर्सिंग कर्मी ने मरीज को एक निजी अस्पताल का नाम बताकर वहां ले जाने को कह दिया था। परिजन बेहोशी की हालत में ई-रिक्शा से ही सात माह की गर्भवती को माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के निकट एक हॉस्पिटल ले गए। मगर उसे वहां भी इलाज नहीं मिल सका। इसके बादगर्भ में पल रहे बच्चे सहित गर्भवती की मौत हो गई थी।

महिला और बच्चे की मौत होने के मामले में डीएम संजय कुमार सिंह ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में प्राचार्य की ओर से संविदा चिकित्सक डा. वैशाली को बर्खास्त कर दिया था। जबकि अन्य स्टाफ पर कोई एक्शन नहीं लिया गया था। गर्भवती की मौत के मामले में मानवाधिकार आयोग से भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस मामले में अब आयोग ने जांच रिपोर्ट तलब की है। इस मामले में डीएम संजय कुमार ने सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी को नामित किया था।

इसके बाद कमेटी ने इस प्रकरण से जुड़े महिला अस्पताल के सीएमएस डा. राजेश, सीनियर रेजीडेंट डॉ. हिना, पूर्व संविदा चिकित्सक डॉ. वैशाली, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुपल खरे, स्टाफ नर्स और गार्ड को बयान के लिए रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में बुलाया गया था।जहां कमेटी ने सभी के अलग-अलग बयान दर्ज किए हैं। हालांकि कुछ अफसर बयान देने के लिए नहीं पहुंचे।

> इस प्रकरण में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से जांच कराई जा रही है। इसकी पूरी आख्या बनाकर आयोग को भेजी जाएगी। - **डॉ.आलोक कुमार**, सीएमओ

# रात में प्रेमी के बजाय पड़ोस के घर में पहुंच गई प्रेमिका, हंगामा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** प्रेमी से मिलने पहुंची युवती को परिजन बमुश्किल घर ले गए। रात मे युवती परिजनों को चकमा देकर निकल गई थी और अंधेरा होने पर प्रेमी के पड़ोसी के घर में घुस गई। इस पर हंगामा होने लगा। परिजन रात में ही युवती को जबरन घर लेकर चले गए।

कोतवाली क्षेत्र की एक युवती का पड़ोस के रहने वाले युवक से प्रेम प्रंसग है। रविवार रात युवती प्रेमी से मिलने पहुंच गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर आ गए और उन्होंने युवती को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। वह उसकी पिटाई लगाते हुए घर ले गए। कुछ देर बाद मौका पाकर युवती फिर प्रेमी के गांव पहुंच गई। जानकारी लगने पर परिजन उसे पकड़ने के लिए पीछे से आ गए। घबराई युवती अंधेरा होने पर प्रेमी के घर के बजाय पड़ोसी के घर में घुस गई। रात में युवती के घर में घुसने पर पड़ोसी के यहां अफरा तफरी मच गई। इस दौरान उसके परिजन भी आ गए। काफी देर तक हंगामा होता रहा। परिजन युवती को जबरन घर लेकर चले गए। इस प्रेमी कहानी की गांव में चर्चा होती रही ।

# बाघ की दहशत में दूसरे दिन खेत पर नहीं गए किसान

- रविवार को घास काटने के दौरान ग्रामीण पर किया था हमला
- वन विभाग को बाघ और तेंदुए दोनों के मिले पगचिन्ह

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** खेत पर घास काटने गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर दिया था। बाघ के हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की जांच में बाघ के हमले की पुष्टि हुई है। हालांकि नजदीक में ही तेंदुए के पगमार्क भी टीम को मिले हैं। वन विभाग की टीम निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया गया है।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव नवदिया मुजप्ता के रहने वाले मुनीश पुत्र कुंदनलाल रविवार को खेत में घास काटने गए थे। इस दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया था। ग्रामीणों ने शोर शराब कर उन्हें बचाया।

मुनीश का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हमले के बाद हरीपुर रेंज की वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान जिस खेत में हमला हुआ था। वहां बाघ के पगचिन्ह पाए गए। टीम ने आस पास के खेतों में भी जांच की तो वहां तेंदुए के भी पगचिन्ह मिल गए। जिससे बाघ और तेंदुए दोनों की दस्तक का पता चला और दहशत बढ़ गई। दहशत के चलते दूसरे दिन सोमवार को ग्रामीण खेतों में काम करने नहीं गए।

हांलाकि खतरे को देखते हुए वन विभाग ने गामीणों से झुंड बनाकर और शोर शराब करते हुए खेतों में काम करने के लिए कहा है। टीम लगातार मोके पर रहकर वन्यजीवों की निगरानी कर रही है। रेंजर बीएस रावत ने बताया कि हमले के बाद टीम ने जांच पड़ताल की। इस दौरान बाघ और तेंदुए के पैरों के निशान मिले हैं। ग्रामीण पर बाघ ने हमला किया था। टीम निगरानी के लिए लगाई गई है।

# बिजली ठीक करते समय करंट लगने से युवक की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** घर की बिजली ठीक करते वक्त एक युवक को करंट लग गया। उसकी करंट लगने से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और जानकारी जुटाई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम डंडिया भगत के रहने वाले शंकर लाल का 28 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार मजदूरी करता था। सोमवार शाम को उसके घर की बिजली खराब हो गई। जिसको वह खुद ही ठीक करने लगा। बताते हैं कि इस बीच उसको करंट लग गया और वह झटका खाकर बेसुध होकर गिर पड़ा। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और जानकारी जुटाई। मृतक के परिवार में चीख पुकार मची रही। मृतक के तीन बच्चे हैं। मृतक सोमवार को ही उत्तराखंड के रुद्रपुर से घर आया था।

# ओम प्रकाश मंजुल की पांच पुस्तकों का विमोचन



शिव शक्ति धाम परिसर में पुस्तकों का विमोचन करते लोग।। • अमृत विचार

- अशोक कालोनी के शिव शक्ति धाम परिसर मे हुआ समारोह

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** नगर की अशोक कालोनी के शिव शक्ति धाम परिसर में जन्माष्टमी पर्व पर प्रसिद्ध लेखक ओमप्रकाश मंजुल की पांच पुस्तकों का समारोह पूर्वक विमोचन किया गया।

पंडित अनिल पाण्डेय शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान को पुस्तकें समर्पित की। इस दौरान राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अनंत राम पालिया, सरदार श्रीकांत सिंह, रामप्रकाश शुक्ला निरंकार पाण्डेय ने सोंधी गंध, महकता पानी, कबीर ने इंटर पास किया, जेब कटवाइये और चैन की नींद सोइए, मस्ती के दिन चार मुझको मेरी बीवी से मिलाओ पुस्तकों का लोकार्पण किया। इस दौरान रचानाकार ओमप्रकाश मंजुल ने किताबों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। समारोह में पंडित रामौतार शर्मा, सतीश मिश्र अचूक, उमाशंकर शुक्ला, अंशुमाली दीक्षित, अनिल पांडेय शास्त्री, संदीप खण्डेलवाल, प्रशांत पाण्डेय, डा.बृजमोहन पाण्डेय, राम औतार पांडेय, संतोष मौर्य आदि ने भी पुस्तकों से संबंधित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अशोक खंडेलवाल ने किया। लेखक ओमप्रकाश मंजुल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

वार्षिक राष्ट्रीय समूह गान | चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम, उपविजेता अंगूरी देवी कन्या इंटर कॉलेज रहा

# प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारत विकास परिषद टाइगर शाखा पीलीभीत की ओर से सोमवार को वार्षिक राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता शहर के अग्रवाल सभा भवन में कराई गई। जिसमें जनपद के 20 विद्यालयों के बच्चे आमंत्रित किए गए थे, इसमें से ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, गोस्वामी मॉम्स प्राइड, इकरा पब्लिक स्कूल ,वीरांगना अवंती बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी कन्या विद्यालय ,कंपोजिट राजकीय विद्यालय बरहा, सेंट एलॉयसियस कॉलेज, लायंस कॉलेज, ,संतराम शिशु मंदिर , चिरौंजीलाल वीरेंद्रपाल, बेनहर पब्लिक स्कूल, लिटिल एंजेल्स कॉलेज, स्प्रिंगडेल समेत 14 स्कूलों के बच्चे शामिल हुए।



प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी मिलने पर खुशी जताते विजेता। • अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक उपासना पांडे, प्रांत महिला संयोजक ज्योति खुराना, निर्णायक मुकंदी लाल पांडे, विशाखा प्रसाद, गोपी जीवन गोस्वामी, जिला प्रभारी डॉ.अनिल सक्सेना , अध्यक्ष सौरभ सक्सेना, महिला संयोजक डॉ. अनुरीता सक्सेना ने संयुक्त रूप से की।

प्रथम विजेता चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर और उपविजेता अंगूरी देवी कन्या इंटर कॉलेज रहा। बेनहर पब्लिक स्कूल हिंदी ग्रुप विजेता जबकि संस्कृत ग्रुप विजेता लिटिल एंजेल्स पब्लिक स्कूल रहा। संस्था की ओर से सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। सोनी टीवी पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके क्षितिज सक्सेना को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि उपासना पांडे ने कार्यक्रम की सराहना की।

मंजू सक्सेना, नलिनी गर्ग , नेहा सक्सेना ने वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। शशि मैनी, शशि गुप्ता, उर्मिला शर्मा, राम अवतार गुप्ता , राकेश कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अनिल मैनी, सचिव जगदीश सक्सेना, विनोद कुमार गुप्ता ,डॉ. विजय कुमार सिंह, अशोक शर्मा ,अवनीश सक्सेना, लक्ष्मीकांत शर्मा ,आरपी गंगवार, प्रोफेसर विनय गुप्ता ,संजय बंसल, शेखर सक्सेना ,हरीश दुलवानी ,राघवेंद्र नाथ मिश्रा ,शैशव अग्रवाल, अनीता जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### घेर में खड़ा ट्राला चोरी

**दियोरिया कलां :** ग्राम गुलड़िया राधे के गिरधारी लाल ने बताया कि उनका ट्राला गांव के बाहर बने घेर में खड़ा रहता है। वहीं पर वह सोते हैं। 24 अगस्त की रात दस बजे किसी काम से अपने घर आ गए और यहीं सो गए। दूसरे दिन सुबह जब पहुंचे तो ट्राला चोरी गायब था। काफी तलाशने के बाद भी ट्राला का पता नहीं चल सका। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### घर लौटी किशोरी से पुलिस ने की पूछताछ

**पूरनपुर :** नगर की 13 वर्षीय किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। उसकी मां ने अज्ञात के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को किशोरी खुद घर वापस लौट आई। जानकारी लगते ही पुलिस उसके घर पहुंची और किशोरी के बयान दर्ज किए। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि किशोरी के पास से मथुरा के रेलवे टिकट बरामद हुए। मामले की जांच की जा रही है।

# मां के साथ ननिहाल आई बच्ची की बुखार से मौत

संवाददाता, बिलसंडा

- स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर की जांच, बांटी दवा

**अमृत विचारः** ननिहाल में मां के साथ आई चार साल की बच्ची की बुखार की चपेट में आने के बाद मौत हो गई। बच्ची की मौत का पता चलते ही ग्रामीण संक्रामक रोग की दहशत में दिखे। इसकी सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की। मेडिकल परीक्षण करने के बाद दवा का वितरण किया गया।

शाहजहांपुर जनपद के गांव गंगसरा के वीरेंद्र पाल की बेटी चाहत ( 4) अपनी मां के साथ रक्षाबंधन पर अपनी ननिहाल क्षेत्र के ग्राम गांगूपुर में लालाराम के घर आई थी। बताते हैं कि दो दिन पहले चाहत को तेज बुखार आया। उसका निजी डॉक्टर से उपचार कराया गया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। बच्ची की बुखार से हुई मौत के बाद गांव में दहशत फैल गई। उधर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सीएमओ को दी। फिर स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची और शिविर लगाकर ग्रामीणों का मेडिकल परीक्षण किया गया। मौके पर ही टीम ने दवा का वितरण किया। बता दें कि चार दिन पूर्व गांव गौहनिया के धर्मेंद्र कुमार की सात साल की बेटी उपासना की डायरिया की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उसके बाद गांव माहमदपुर में दो महिलाओं की संक्रामक रोग की चपेट में आने से मौत हो गई। सीएमओ डा. आलोक कुमार शर्मा भी गांव पहुंचे थे और घर-घर जाकर मरीजों के बारे में जानकारी की थी। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समस्त मरीज ठीक हैं। ग्रामीणों को साफ सफाई रखने, उबला पानी पीने व दिक्कत होने पर सीधे सीएचसी आने की सलाह एमओआईसी की से दी गई है।

# सिपाही को चाकू मारने वाले ने फिर मचाया उत्पात सगे भाई और पड़ोस के दंपती को किया लहूलुहान

## रविवार रात दरवाजा तोड़कर घुसा घर के भीतर और फिर चाकू से करता रहा हमला, ग्रामीणों में दहशत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



घायलों के मेडिकल कॉलेज पहुंचने के बाद इमरजेंसी के बाहर लगी भीड़।


घटना की सूचना मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंची कोतवाली पुलिस।

**अमृत विचारः** सप्ताह भर पूर्व सिपाही को चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। इस बीच आरोपी वापस गांव पहुंच गया और पड़ोसी दंपती व सगे भाई को चाकू से वारकर लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख दंपती को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। एक सप्ताह में दोबारा युवक के हमला करने से ग्रामीण दहशतमें हैं।

घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नावकूड़ की है। 19 अगस्त को भाईयों के बीच मारपीट की सूचना पर यूपी 112 पुलिस गांव पहुंची थी। भाई के साथ झगड़ा कर रहे गांव के ही अमन ने सिपाही राशिद के पेट में चाकू मार दिया था। जिसमें सिपाही गंभीर रुप से घायल हो गया था। उसका बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने झगड़ा करने वाले दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने तमाम दबिशें भी दी लेकिन उसे गिरफ्तार करने में सफलता नहीं मिल सकी। इधर, सप्ताह भर बाद ही आरोपी अमन ने दोबारा नावकूड़ गांव पहुंचकर उत्पात मचा डाला। रविवार रात को वह गांव पहुंचा और पड़ोसी गोपाल कृष्ण के मकान का दरवाजा तोड़कर घुस गया। इसके बाद गोपाल कृष्ण और उनकी पत्नी पुष्पा देवी से झगड़ा करने लगा।

विरोध करने पर दंपती को चाकू से वार कर लहूलुहान कर दिया। चीख सुनकर घर पर मौजूद आरोपी का भाई सूरज मौके पर पहुंच गया। उसने जब शांत कराने का प्रयास किया तो आरोपी उस पर भी हमलावर हो गया। उसने सूरज को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। तीन लोगों को घायल करने के बाद वह भाग गया। घटना का पता चलते ही गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर कोतवाल नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। तीनों घायलों को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज लाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर दंपती को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस हमले की जानकारी कर आरोपी की धरपकड़ के लिए दबिश देने में जुट गई।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा हमलावर

पहले पीआरवी के सिपाही और अब सात दिन के भीतर ही सगे भाई समेत तीन लोगों को चाकू से वार कर घायल करने वाला आरोपी अमन मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। उसके लगातार हमलावर होने को लेकर ग्रामीण भी दहशत में है। वहीं, पुलिस की भी अब तक उसकी गिरफ्तारी न करने के चलते खासा फजीहत हो रही है। इसके साथ ही आरोपी के गिरफ्त से बाहर होने पर टेंशन भी बरकरार है।

### किशोरियों को बाहर भेजने की जिद कर करता रहा अभद्रता

शहर से नावकूड़ गांव में हुई घटना के बाद पुलिस विभाग में भी खलबली मची रही। वहीं, ग्रामीण आरोपी की हरकतों को लेकर चर्चा करने में जुटे रहे। ग्रामीणों के अनुसार घायल पड़ोसी दंपति पर हमला करने से पहले वह काफी देर तक उनके घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करता रहा था। किशोरियों को घर के बाहर भेजने की जिद करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी करता रहा। जब कोई बाहर नहीं निकला तो वह उग्र होता चला गया। इसी के बाद मकान में घुसकर एक-एक कर तीन लोगों को घायल कर दिया।

- सात दिन के भीतर दूसरी बार किया हमला, कोतवाली पुलिस पड़ताल में जुटी, घायल हायर सेंटर के लिए रेफर

"घटना की सूचना मिलने पर पुलिस गांव गई थी। घायलों के स्वास्थ्य के साथ ही घटना की जानकारी की गई है। घायल दंपति के परिवार से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी टीम लगाई है। - नरेश त्यागी, सदर कोतवाल

# मजदूर के घर से चोरों ने समेटा नगदी समेत हजारों का माल


घटना के बाद विलाप करती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** नगर में एक बार फिर चोरों ने दस्तक दी। दीवार के सहारे मकान में प्रवेश कर चोर नकदी, जेवरात समेत अन्य सामान समेट ले गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हालांकि देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर के इलियास कश्मीर के एक भट्टे पर मजदूरी करते हैं। उसके घर पर पत्नी नसीम बानो बच्चों संग रहती है। रोज की भांति खाना खाने के बाद रविवार रात परिवार वाले सो गए। मकान की दीवार नीची है। इसकी का फायदा उठाकर चोर मकान में प्रवेश कर गए। कमरे में पहुंचकर सामान खंगालना शुरू कर दिया। संदूक का ताला तोड़कर चोर दस हजार रुपये, जेवरात और अन्य सामान ले गए। सोमवार सुबह जागने पर परिवार वालों को घटना का पता चला। चोरी का शोर मचते ही आसपास के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

# पत्नी से कहासुनी के बाद घर से निकला युवक खेत में बेसुध मिला

संवाददाता, बरखेड़ा

- जहरीला पदार्थ खाए होने की चिकित्सक ने जताई आशंका
- बरखेड़ा पुलिस मामले की जांच में जुटी, युवक निजी अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचारः** पत्नी से हुई कहासुनी के बाद गुस्सा होकर घर से निकला युवक रहस्यमय ढंग से बेसुध हालत में दूसरे दिन गांव के बाहर एक खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भर्ती कराया। परिवार वालों ने उसकी पहचान की और निजी अस्पताल ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चिकित्सक से हुई वार्ता में युवक के जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जताई गई है। अभी किसी तरह की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

घटना बरखेड़ा क्षेत्र की है। सोमवार सुबह प्रतापपुर गांव में बने अंडरपास के नजदीक के खेत में 35 वर्षीय युवक बेसुध हालत में पड़ा मिला। ग्रामीण खेतों पर कामकाज करने पहुंच रहे थे। इस दौरान बेसुध हालत में पड़े युवक पर नजर गई तो हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिरौनिया चौकी इंचार्ज संदीप प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में युवक को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। उसके बारे में जानकारी करते हुए पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से संपर्क साधा। जिसके बाद बस्थना गांव के ही भगवानदास ने बेसुध हालत में मिले युवक की पहचान अपने पुत्र दुर्गेश कुमार के रूप में की। पुलिस ने परिवार के सदस्यों से जानकारी की। जिसमें पता चला कि रविवार को दिन में युवक की अपनी पत्नी रिंकी से मामूली कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद वह गुस्सा होकर घर से निकल गया था। इसके बाद से वह लापता चल रहा था। अब इसी विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कराकर ले गए और पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

जिरौनिया चौकी इंचार्ज संदीप प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की पहचान हो गई है। चिकित्सक उसके जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जता रहे हैं। मामले में किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है।

### पीलीभीत से रात को वापस पहुंचा था गांव

पत्नी से कहासुनी के बाद युवक जब घर से निकला था तो उसने परिवार वालों से अपनी ससुराल कन्नापुर गांव जाने की बात कही थी। हालांकि वह ससुराल गया नहीं। कुछ ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वह दिन में पीलीभीत चला गया था। उसके बाद रात को वापस आ गया लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसे रात के वक्त कई ग्रामीणों ने अपने ही गांव में घूमते देखा था। इसके बाद गांव के बाहर प्रतापपुर अंडरपास के नजदीक खेत में पड़ा मिल गया।

# किशोरी को ले गया दूसरे समुदाय का युवक

संवाददाता, पूरनपुर

- मां के साथ बर्थडे पार्टी में गई थी पूरनपुर की किशोरी
- आरोपी के दोस्त को पकड़कर ले गई खटीमा पुलिस

**अमृत विचारः** कस्बे की रहने वाली किशोरी को पड़ोस का दूसरे समुदाय का युवक दोस्त की मदद से बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी के भाई ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी बरामद कर उत्तराखंड पुलिस को सौंप दी। आरोपी के दोस्त को भी पुलिस अपने साथ ले गई।

नगर की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी के चाचा उत्तराखंड के खटीमा में रहते हैं। शनिवार को चाचा के यहां खटीमा में जन्मदिन की पार्टी थी। किशोरी अपनी मां के साथ चाचा के घर गई थी। आरोप है कि मोहल्ले का रहने वाला दूसरे समुदाय का युवक अपने दोस्त की मदद से किशोरी का पीछा करते हुए खटीमा पहुंच गया। मौका पाकर युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। जानकारी लगते ही परिजनों के होश उड़ गए।

उन्होंने काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का पता नहीं चल सका। इसकी सूचना पर खटीमा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी। रविवार को उसके भाई ने कार्रवाई के लिए पूरनपुर कोतवाली पुलिस को दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने किशोरी बरामद का उत्तराखंड पुलिस को अवगत कराया। सोमवार सुबह थाना खटीमा की पुलिस पूरनपुर पहुंची। पुलिस बरामद किशोरी और उसे ले जाने वाले आरोपी के दोस्त को अपने साथ ले गई।कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि किशोरी बरामद हो गई है। आरोपी के घर दबिश दी गई। एक युवक और किशोरी को उत्तराखंड साथ ले गई है।

# सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला



**अमरिया, अमृत विचार :** ग्राम बारात बोझ में एक बरात घर सोमवार को भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह हुए। जहानाबाद मंडल अध्यक्ष जयजय राम राजपूत के नेतृत्व में हुई कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान के माध्यम से लोगों को जोड़ने पर जोर देने के साथ ही आवश्यक टिप्स दिए। कहा हमें गांव गांव जाकर लोगों को संगठन एवं अपनी विचार धारा से जोड़ना है। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। संचालन मंडल महामंत्री शिशिर कांजीलाल एवं विवेक गुप्ता ने किया। जमुना प्रसाद मौर्य, कालीचरण मौर्य आदि मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पताः सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309




फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक

**कायचिकित्सा विभाग :-** शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
**शल्यतंत्र विभाग :-** बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
**पंचकर्म विभाग :-** शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
**कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
**शालाक्य तंत्र विभाग :-** तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
**प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :-** नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
**अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :-** ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी

ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम रोहित कुमार शर्मा (ROHIT KUMAR SHARMA) था जिसे बदलकर अब मैंने रोहित शर्मा (ROHIT SHARMA) कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **रोहित शर्मा (Rohit Sharma) पुत्र नरेंद्र कुमार शर्मा निवासी कुबरगढ़ दूधिया मंदिर रोड पीलीभीत 262001।**

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

NOTICE
I Gita Devi ( Exiting Name of spouse as per change of next of kind Record /Service Document), spouse of Ram milan (Name of the husband) Resident of Nusratpur urf Badi Gaon, Rausar kothi, shahajahanpur (Adress) have changed my Name from Gita Devi ( Exiting Name of spouse as, per change of Next of kin Record /service Documents) to Geeta Devi ( proposed/ adopted New Name ) vide affidavit dated 22/08/2024 (date of the affidavit in format ) before jaji kutcherry shahajahanpur, U. P. ( Name and place of the court)

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### संकुल स्तरीय विज्ञान मेला 28 को

**पूरनपुर, अमृत विचार :** माधोटांडा रोड पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में 28 अगस्त को संकुल स्तरीय विज्ञान मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें विज्ञान प्रश्नमंच, विज्ञान प्रदर्शन, प्रयोग समेत कई कार्यक्रम होंगे। प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडे बतौर अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### साले पर हमला कर धमकाने का आरोप

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम लुकटिहाई टांडा के रहने वाले संजीव कुशवाहा पुत्र गया प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 22 अगस्त की दोपहर अपने ड्राइवर के साथ काम से पूरनपुर गए थे। काम निपटाकर वापस लौटने के दौरान आरोप है कि जब वह बिल्हा मोड़ के पास पहुंचे तो उसके सगे साले विपिन ने दाएं पैर के निचले हिस्से पर मोटरसाइकिल चढ़ा दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। विरोध करने पर साले ने तमंचा दिखाकर धमकाया और मारने की धमकी दी। एसओ विशेष कुमासर ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

### दहेज हत्या में सास और ससुर को भेजा जेल

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** करीब एक माह पूर्व ग्राम केशवपुर की रहने वाली सुनीता देवी जलकर मौत हो गई थी। इस मामले में मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पति विमल कुमार को पुलिस 15 दिन पहले जेल भेज चुकी है। अब अन्य दो आरोपी सास सुखदेवी व ससुर द्वारिकाप्रसाद को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। चालान कर कोर्ट में पेश करके दोनों को जेल भेज दिया है।

# सजी झांकियां, घर-घर गूंजी बधाई जब जन्मे कृष्ण-कन्हाई

## 'कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर रंग बिरंगी रोशनी से नहाए मंदिर, आज भी रहेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम


आवास विकास कॉलोनी में दही हांडी फोड़ते गोपाला।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा – कृष्ण के रुप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार


पंचमुखी हनुमान मंदिर में राधा कृष्ण की झाकी प्रस्तुत करते बाल गोपाल।

**अमृत विचार :** इस बार भी जन्माष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं में असमजंस बना रहा। दो दिन का पर्व होने की वजह से सोमवार को कुछ मंदिरों और घरों में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। जबकि राधा कृष्ण मंदिरों में आज जन्माष्टमी मनाई जाएगी। सोमवार को पर्व मनाने वाले श्रद्धालुओं के घरों में सुबह से ही तैयारियों में जुटे रहे। श्रीकृष्ण जन्म से पहले शाम को अचानक झमाझम बारिश हुई। कान्हा के जन्मदिन पर मौसम सुहावना रहा। बारिश ने कृष्ण जन्म के समय की याद दिला दी। लेकिन बारिश के चलते भी कृष्णजन्म की खुशियां कुछ कम नहीं हुईं। लोगों ने जन्मोत्सव की तैयारियां जारी रखीं। देर रात श्रीकृष्ण जन्म के साथ घंटे घड़ियाल गूंजने लगे।

सोमवार को शहर के अशोक कॉलोनी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, शेर वाली मठिया, आवास विकास कॉलोनी में ज्वाला देवी मंदिर समेत शहर के विभिन्न इलाकों में जन्माष्टमी मनाई गई। सुबह से मंदिर और घरों में साफ सफाई करने के बाद वहां पूजा अर्चना और श्रीकृष्ण के आगमन को लेकर सिंहासन आदि की भव्य सजावट की गई। घरों में भगवान को भोग लगाने के लिए पकवान बनाए गए। शाम को अंधेरा होते ही मंदिर रंग बिरंगी रोशनी से चकाचौंध हो गए। कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर झांकियां सजाई गईं। रात को जैसे ही 12 बजे मंदिरों और घरों में हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की...उद्घोष से वातावरण

● **सुबह से ही मंदिर और घरों में पूजा अर्चना का चलता रहा सिलसिला**

गूंज उठा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान श्रीकृष्ण के जन्म की परंपरा व पूजन कराई गई। कान्हा का जन्म होते ही लड्डू गोपाल को स्नान कराकर सुंदर वस्त्र पहनाए और पालने में बैठाया गया। मंदिरों में पालना झुलाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती उतारने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कान्हा के जन्म की खुशी में देर रात तक बधाई का सिलसिला जारी रहा। आवास विकास कॉलोनी और शेर वाली मठिया के पास देर रात मटकी फोड़ने का कार्यक्रम रखा गया। बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

इधर, काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में भी जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। जहां महंत विशाल ने श्रद्धालुओं के साथ सुबह पूजा अर्चना की। इसके बाद बालाजी महाराज को श्रीकृष्ण के स्वरूप में अलौंगिक श्रृंगार किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। उधर, मंगलवार को शहर के राधारमण मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, परमट मंदिर, काला मंदिर समेत अन्य मंदिरों में आज जन्माष्टमी मनाई जाएगी। जहां सोमवार को तैयारियां चलती रही।

### राधा कृष्ण का रूप धारण कर किए रंगारंग कार्यक्रम

**जहानाबाद, अमृत विचार :** कस्बे के एचके पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता हुई। तजिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बच्चे राधा कृष्ण का रुप धारण कर सजकर पहुंचे। कुछ बच्चों ने राखियां भी बनाई। इनाया फातिमा और अनुष्का राधा के रुप में सजी। जबकि हन्नान, मन्नान और वंशिका ने कृष्ण का मनमोहक रुप धारण किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए। जिसकी जमकर सराहना की गई।



## बोल राधा बोल तूने यह क्या किया...

**बिलसंडा, अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर समेत क्षेत्र भर में परंपरागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के खदनिया बाबा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पर समाजसेवी ठाकुर अक्षय सिंह, सोनल जिंदल,सौरभ जिंदल ने भक्तिमय कार्यक्रम कराया। भक्ति संगीत नृत्य पर श्रद्धालु झूम उठे। रात 12 बजे आतिशबाजी छोड़ी गई। पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया। कलाकारों ने बोल राधा बोल तूने यह क्या किया.. आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। अरे द्वार पालों कन्हैया से कह दो..आदि गीत पर भी प्रस्तुति दी गई। जन्मोत्सव के समय फूलों की होली से पूरा पंडाल फूलों की सुगंध से महक उठा। नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता ने नगर के मंदिरों पर साफ सफाई कराई। ठाकुरद्वारा मंदिर,संतोषी माता,देविस्थान,शिव मंदिर,कॉलेज रोड पर हरदेव राजा, शनि मंदिर आदि को रंगीन झालरों से सजाया गया। मंदिर के बाहर देर रात तक प्रसाद लेने वाले भक्तों का तांता लगा रहा।

उधर व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल,देवदत्त सक्सेना,बन्टू जायसवाल,अंकित जायसवाल,अजय ायसवाल,सत्येंद्र शुक्ला मनू,राजीव राठौर ने भी नगर में तमाम धार्मिक आयोजनों में भागीदारी कर घर घर जाकर रात्रि में प्रसाद वितरित किया। बमरोली,करेली,सिंधौरा, मुड़िया, खुटरायां गांव में भी पुत्तुलाल शर्मा,अनिल शर्मा,अंकित शर्मा,सुरेश कुमार,प्रदीप यादव की ओर से जन्माष्टमी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।


बिलसंडा में राधा के रूप में सजी नन्हीं अमायरा।


बिलसंडा में कृष्ण के रूप में सजा बालक।


रंगोली मनाती महिला पुलिस कर्मी।

### बीसलपुर: मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

क्षेत्र में परंपरागत तरीके से सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। नगर के जानकी रतन मंदिर, बेनीराम मंदिर, मठिया नाथ मंदिर, गुलेश्वर नाथ मंदिर, बंगाली बाबा मंदिर, लक्षीराम नगाइच मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भव्य सजावट की गई। सूरज कॉलोनी स्थित देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रबंध समिति ने मंदिर की सजावट कराई। कन्हैया की बाल रूपों की झांकी बच्चों ने प्रस्तुत की। महिलाओं ने राधा कृष्ण के भजन गाए। इस मौके पर दिव्या पाठक, अमित पाठक, वंदना पाठक, मोहित पाठक ने भोग का अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न कराया। व्यवस्था में,मुकुल मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, ,माया मिश्रा, नागेंद्र त्रिवेदी , बीएल पांडे, आदि मौजूद रहे।


लड्डू गोपाल के लिए पोशाक व झूला खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार


लड्डू गोपाल के लिए पोशाक पसंद करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

## पूरनपुर में कान्हा की भक्ति में डूबे नजर आए लोग


पूरनपुर के गांधी पार्क में की गई सजावट। ● अमृत विचार


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर रंगबिरंगी रोशनी से जगमग बरखेड़ा थाना।

संवाददाता, पूरनपुरः नगर सहित देहात क्षेत्रों में सोमवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिरों पर साज सज्जा की गई। राधा माधव जगन्नाथ मंदिर, राम जानकी मंदिर, सीताराम मंदिर, बमनपुरी में शिव मंदिर सहित सभी मंदिरों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। इस दौरान भजन कीर्तन भी हुए।

वहीं, जन्माष्टमी के अवसर पर पहली बार कोतवाली में भी सजावट की गई। डायमंड हाकी क्लब की ओर से पकड़िया चौराहा और गांधी पार्क में सुंदर झांकियां तैयार की गईं। इसमें टाइगर रिजर्व की छटा भी देखने को मिली। दिन ढलते ही लोग पार्क में की गई सजावट देखने के लिए पहुंचे।

इस दौरान झूला, सुदामा की झोपड़ी आकर्षक रहीं। देर रात तक पकड़िया चौराहे पर भक्ति भजन और कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

## पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा समर्थकों के साथ देंगे धरना

संवाददाता, बीसलपुर

● **पूर्व मंत्री के पुत्र विवेक वर्मा मौजूदा समय में हैं भाजपा विधायक**

**अमृत विचार:** भाजपा विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा के पिता एवं पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने नगर पालिका में भ्रष्टाचार, आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई से जांच कराने, आवारा गोवंशियों के लिए अस्थाई गोशालाएं खुलवाने, रेलवे स्टेशन से कोयला डिपो हटाने समेत कई मांगों को लेकर 27 अगस्त से मंडी समिति परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का एलान कर अफसरों की टेंशन बढ़ा दी है।

पूर्व मंत्री ने अपने आवास पर सोमवार को कार्यकर्ताओं व समर्थकों संग बैठक की। जिसमें कहा कि वह अन्याय और शोषण के विरुद्ध हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार और अत्याचार नहीं होने देंगे। मांगें पूरी न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शरद पाल सिंह, लल्लन वर्मा, श्री कृष्णा शर्मा, परदेसी बाबू, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, पूर्व मंत्री का अपनी सरकार में ही धरना देने के ऐलान के बाद कुछ भाजपाइयों में विरोध भी दिखने लगा है। इधर पुलिस प्रशासन धरना प्रदर्शन को लेकर पूरी तरह से सजग हो गया है। स्थानीय अधिकारियों ने इस धरना प्रदर्शन की जानकारी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दे दी है।

## सार-संक्षेप

### 100 छात्र-छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र



**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के नई बस्ती चौराहा पर स्थित ब्रिटिश अकैडमी में सोमवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह में कोर्स संपन्न करने वाली 100 छात्र – छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए। इकरा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अखलाक हुसैन, वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका अनीता जोशी, लकी चिल्ड्रन स्कूल के प्रबंधक अखिल टंडन, जावेद फिटनेस फ्यूजन एंड डांस अकैडमी के कोरियोग्राफर जावेद हुसैन, राजेश सक्सेना और उनके गायक क्षितिज सक्सेना, अमित जायसवाल आदि बतौर अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर फैज, मेहज बी, फरदीन, ज़ुनहरा, समन खान ,शाकिर अली, राजा वारसी ,मनीष शर्मा, जगमोहन वर्मा, नेहा यादव ,निशानाज ,नेहा नाज आदि मौजूद रहे।

### चंद्रशेखर की जीत से बदलाव का इशारा



**पूरनपुर :** विधानसभा पुरनपुर क्षेत्र के ग्राम चंदिया हजारा, राहुल नगर, ठक्का चाट में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया। लोगों को सांसद चंद्रशेखर आजाद व संगठन की नीतियों कार्यशैली से अवगत कराया ।जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने कहा कि नगीना की जनता ने बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद को भारी मतों से सांसद बनाकर उत्तर प्रदेश में यह संकेत दे दिया है कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता चन्द्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। पूरा बहुजन समाज उनकी ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। लोगों को संगठन से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि जल्द ही बड़ी संख्या में लोग भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी में शामिल होंगे। इस मौके पर एडवोकेट राजाराम माथुर , जिला महासचिव प्रेम सागर चक्रवर्ती, उमेश कुमार गौतम, रोहन वाल्मीकि, रामदीन गौतम आदि मौजूद रहे।

### अमरिया में अकीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम



अमरिया : तहसील क्षेत्र के गांवों में सोमवार को इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला का चेहल्लुम अकीदत के साथ मनाया गया। दोपहर बाद कर्बला घेरा शरीफ में गांव तुमड़िया, चठिया न्याज अहमद, सरैनी तिरकुनिया, धुंधरी, ढेरम, सुकटिया, कैंचू टांडा, माधौपुर, पिंजरा वमनपुरी आदि गांवों से ताजिये एकत्र हुए। गांव धुंधरी के ताजिए के तीन हिस्सों को क्रेन के द्वारा जोड़ा गया उसके बाद घेरा शरीफ ले जाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से तहसील क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

एएमए ने दिए निर्देश

कालोनाइजरों पर शिकंजा कसने को जनपद भर में सर्वे कर खंगाली जाएंगी अवैध कॉलोनियां

# बिगड़ गया जिले का भूगोल तब आई जिला पंचायत को कार्रवाई की याद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद में बगैर नक्शा पास कराए बनाई गई अवैध कॉलोनियों की फेहरिस्त लंबी होने वाली है। यह दीगर बात है कि जिला पंचायत को उस समय याद आई, जब जिले भर में दर्जनों अवैध कॉलोनियां उनके कर्मचारियों की सांठगांठ से खड़ी कर दी गई। जिला पंचायत अब जनपद भर में सर्वे कर अवैध कॉलोनियां खंगालेगा। इसको लेकर अपर मुख्य अधिकारी (एमएमए) की ओर से संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में कोरोना काल के बाद अवैध कॉलोनियों की ऐसी बाढ़ आई कि कॉलोनाइजरों ने पूरे जिले के भूगोल को बिगाड़ रख दिया। अभी तक शहर-नगर के आसपास ही इन अवैध कॉलोनियों की नीवें रखी जा रही थी, मगर पिछले कुछ समय यह अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच चुका है। जनपद में पिछले कुछ समय से कॉलोनाइजरों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कॉलोनियां बनाने का खेल तेजी से चल रहा है।

शहर समेत जिले भर में इस खेल से जुड़े कॉलोनाइजर किसानों से सस्ते दामों में जमीन को खरीदकर प्लाटिंग कर रहे हैं। नियमानुसार शहरी क्षेत्र में कॉलोनी बनाने के लिए विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास करना चाहिए, जबकि बाहरी क्षेत्र में जिला पंचायत से नक्शा पास कराने के बाद ही कॉलोनी का निर्माण कराया जाना चाहिए।

मगर, जिले में इन नियमों की अनदेखी हो रही है। अधिकांश कॉलोनाइजर बिना नक्शा एवं लेआउट पास कराए ही कॉलोनियां बनाने को अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते तो कहीं-कहीं कॉलोनियां बनकर तैयारी भी चुकी हैं। पिछले दिनों जिला पंचायत द्वारा किए गए सर्वे में 25 कॉलोनियों समेत अन्य अवैध निर्माण चिहिन्त किए गए थे। अवैध निर्माण कराने वाले सभी 25 लोगों को जिला पंचायत द्वारा नोटिस जारी किए गए। इसमें एक कॉलोनाइजर ने भी तो जिला पंचायत से नक्शा पास करा लिया, जबकि अमरिया के भिखारीपुर में कराए गए अवैध निर्माण को जिला पंचायत ने प्रशासन की मदद से ढहवा दिया।

जानकारों की मानें तो 25 अवैध कॉलोनियां सिर्फ शहर के आसपास क्षेत्र में बनाई गई है। जिले भर में यदि गहनता से जांच की जाए तो इनकी फेहरिस्त खासी लंबी हो सकती है। सूत्रों की मानें तो यह अवैध कॉलोनियां बीसलपुर, बरखेड़ा, पूरनपुर-कलीनगर मार्ग, न्यूरिया क्षेत्र में हैं।



जिला पंचायत कार्यालय।

### दोबारा खंगाली जाएंगी कॉलोनियां

जिला पंचायत द्वारा किए गए सर्वे में 25 अन्य अवैध निर्माण समेत अवैध कालोनियां चिन्हित की गई थी। इधर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह के संज्ञान में आया कि जनपद में अन्य कॉलोनियां भी बिना नक्शा पास कराए ही बना दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को पुन : सर्वे कर अवैध कॉलोनियां चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को चिन्हांकन कार्य में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि अपर मुख्य अधिकारी भी स्वयं उन क्षेत्रों का जायजा लेंगे, जहां अवैध कॉलोनियां विकसित की गई है।

"बगैर नक्शा पास कराए कॉलोनियां बनाने का मामला संज्ञान में आया है। जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सर्वे कर अवैध कॉलोनियों की पड़ताल की जाएगी। इसको लेकर संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया है। संभवत पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न होने के बाद सर्वे कार्य शुरू कराया जाएगा।
– **हरमीक सिंह**, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

● **-विनियमित समेत जिला पंचायत क्षेत्र में है दर्जनों अवैध कॉलोनियां**

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट का इनामी दबोचा

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार का निवासी आबिद पुत्र मुन्ने गैंगस्टर एक्ट का आरोपी है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी आबिद को मकरंदपुर गौटिया तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया।

### घर के बाहर बैठे ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मसीत के रहने वाले अशोक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अगस्त की रात साढ़े नौ बजे वह घर के सामने बैठे थे। इस बीच गांव का यशपाल, सोमपाल, सुरेंद्र कुमार और ओमप्रकाश आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर मारपट की। पड़ोसियों ने बीच बचाव करके बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# अफसरों ने दिखाए तेवर तब बननी शुरू हुई अधूरी सड़क

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 4.87 करोड़ की लागत से 9.6 किलोमीटर लंबी बदहाल सड़क का निर्माण हुआ था मंजूर
- दो साल में एक किलोमीटर सड़क बनाकर ठेकेदार ने अधूरा छोड़ दिया था काम

**अमृत विचार:** करोड़ों की लागत से टनकपुर हाईवे से कनाकोर वाया सजैना मुस्तकिल नवादा खुशहाली तक दो साल से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण अफसरों के शिकंजा कसने पर ठेकेदार ने आखिरकार शुरू करा दिया है। इस सड़क का निर्माण कार्य वैसे तो जून 2023 तक पूरा होना था, लेकिन विभागीय अफसरों की लापरवाही से दो साल से सड़क अधूरी पड़ी है। इसको लेकर पूर्व में डीएम से शिकायत की गई थी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उक्त सड़क का निर्माण करीब दो साल पहले शुरू कराया गया था। करीब नौ किमी लंबी सड़क 4.87 करोड़ की लागत से बनाई जानी थी और इसका निर्माण जून 2023 तक पूरा करना था। शुरुआत में ठेकेदार ने खानापूरी करने को पूरी सड़क को जेसीबी से उखाड़ कर पत्थर डलवा दिया। इसके बाद ठेकेदार ने करीब एक किमी सड़क के हिस्से में कोलतार से सिंगल कोड कर काम रोक दिया था। बताते हैं कि ठेकेदार की ओर से सड़क के जिस हिस्से को सिंगल कोड से बनवाया गया था, उसमें बड़े-बड़े गड्ढे होने के साथ ही सड़क जहां-तहां से उखड़ चुकी है। भाजपा नेता प्रशांत कुमार रवि ने डीएम से सड़क निर्माण में ठेकेदार और विभागीय अफसरों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बीते दिनों मामले की जांच किसी अन्य विभाग के अधिकारियों से कराने की मांग की थी। इधर, इस सड़क से कनाकोर, ढकिया, नवादा खुशहाली, मीरपुर, सैजना, प्यास, अमरगंज समेत करीब 20 गांव के ग्रामीण इसी उखड़खाबड़ सड़क से गुजरते हैं। सड़क पर पत्थर पड़ा होने से ग्रामीणों का निकलना दूभर हो रहा है।

आए दिन बाइक सवार और राहगीर सडक पर फैले पत्थरों पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विभागीय अफसरों की लापरवाही के चलते दो साल से काम अटका चल रहा है। 20 गांवों के ग्रामीणों की इस समस्या को अमृत विचार समाचार पत्र ने 22 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) की नींद टूटी है। विभागीय अफसरों ने संबंधित ठेकेदार को तत्काल अधूरे पड़े कार्य का जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए है। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। सड़क पर पड़े पत्थरों के ऊपर मिट्टी डालकर रोलर से समतल कराया गया है। इधर सड़क निर्माण शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने खुशी का माहौल देखा जा रहा है।



प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

> उक्त सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया है। ठेकेदार को गुणवत्तापरक ढंग से जल्द कार्य पूरा कराने की हिदायत दी गई है। ठेकेदार की हीलाहवाली के चलते उस पर पूर्व में जुर्माना भी वसूला गया है। – **अशोक कुमार**, अधिशासी अभियंता, आरईएस


सड़क पर पड़े पत्थरों के ऊपर डाली गई रेत। ● अमृत विचार

### हिस्ट्रीशीटर पकड़ा गया

**पूरनपुर।** नगर के मोहला इंद्रानगर के दिलदार पर चोरी और एनडीपीएसएक्ट के कई मुकदमें दर्ज हैं। लंबा आपराधिक इतिहास होने पर वह पुलिस रिकार्ड में हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं। वह पिछले डेढ़ साल से पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पा रहा था। पुलिस उसे ढूंढ रही थी। रविवार को पुलिस ने उसे मोहल्ले से ही गिरफ्तार कर लिया। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया आरोपी दिलदार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

### युवक बाइक चोरी में गिरफ्तार

**गुलाबटांडा।** थाना माधोटाडा के ग्राम टांडा गुलाबराय के रहने वाले विकास प्रजापति को लखीमपुर जनपद के भीरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि वह ऑटो लिफ्टर गिरोह का सदस्य था। कई वाहन भी लखीमपुर पुलिस ने बरामद किए हैं।एसओ माधोटांडा अचल कुमार ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में क्षेत्र के विकास नामक युवक की गिरफ्तारी लखीमपुर पुलिस ने की है। कई बाइक भी बरामद हो चुकी है। उस पर लखीमपुर पुलिस के स्तर से कार्रवाई की गई है।

# अस्पताल खुद बीमार...कैसे होगा मरीजों का इलाज

## जिले में 1200 से अधिक टीबी मरीज, डीपीसी व पीपीएमसी समेत कई पद लंबे समय से हैं खाली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 टीबी के खात्मे को लेकर किए जा रहे प्रयास जिले में पूरे होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। यहां टीबी मरीजों का इलाज और जांच करने वाले स्टाफ की कमी दशकों से बनी हुई है। जिसको लेकर अफसर भी गंभीर नहीं दिखते। जिसका खमियाजा मरीजों को भुगतान पड़ रहा है। आलम ये है कि मरीजों की जांच करने वाले एलटी से लेकर दवा मुहैया और निगरानी करने वाले सुपरवाइजरों के पद लंबे समय से खाली हैं। टीबी की बीमारियों के बारे में जानकारी देने और जागरुकता कार्यक्रम करने के लिए डिस्ट्रिक प्रोग्राम कोआर्डीनेटर (डीपीसी) का पद सृजित किया गया था। उस पर भी अभी तक तैनाती नहीं हो सकी है। वहीं पीपीएमसी का पद भी करीब चार सालों से खाली है। इस वजह से प्राइवेट सेक्टर में इलाज करने वाले मरीजों की ट्रेसिंग और जागरुकता कार्यक्रम ठप हैं। हालांकि कमी को पूरा करने के लिए विभाग रोस्टर के हिसाब से ड्यूटी लगाने का दावा कर रहा है।

जिले की स्थिति पर गौर करें तो 720 ग्राम पंचायतें हैं। जिले में करीब 21 के आसपास डीएमएस (डेजगनेटेड माइक्रो सेंटर) और 13 यूनिट हैं। इन सेंटरों में पांच से अधिक सेंटरों पर लंबे अरसे से एलटी तैनात नहीं है। जिनमें शिवनगर, भरतपुर, दियोरियाकलां, जटपुरा, मझोला आदि हैं। आलम यह है कि जिले में करीब 1200 से अधिक टीबी मरीज चल रहे हैं। जिनकी देखरेख करने के लिए सुपरवाइजर भी पूरे नहीं है। जिन स्थानों पर एलटी की कमी है, वहां पर सुपरवाइजर भी नहीं है। ऐसे में मुख्यालय पर ही इन टीबी मरीजों को लोड बढ़ रहा है। साथ ही पब्लिक प्राइवेट मैनेजर कोऑर्डिनेटर (पीपीएमसी) पद भी करीब तीन साल से खाली है। इस पद पर तत्कालीन जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश भट्ट की पत्नी कार्यरत थी। उन्होंने भी इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अभी तक किसी की तैनाती नहीं की गई है। जिला स्तर से कई बार पत्राचार किया गया। लेकिन अभी तक कोई तैनाती नहीं हो सकी है। अफसर भी इसको लेकर कोई सटीक जवाब नहीं दे पाते है। वह भी सिर्फ कर्मचारियों को संबद्ध कराकर योजना का क्रियान्वयन कराने का दावा करते है।



जिला क्षय रोग अस्पताल का भवन।

> जिला क्षय रोग अस्पताल में कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शासन स्तर से की जाती है। ये बात सही है कि पीपीएमसी और डीपीसी का पद लंबे समय से खाली है। कुछ माह पहले चार एलटी मिले थे। जिन्हें रिक्त स्थानों पर तैनात किया गया है। अन्य स्थानों पर कर्मचारियों को संबद्ध कर काम लिया जा रहा है। शासन स्तर पर पत्राचार जारी है। – **डॉ .हरिदत्त नेमी**, एसीएमओ

### खाली पड़े सेंटर, नहीं हो रही जांच

जिले में 21 डीएमएस सेंटरों में संभावित क्षयरोगियों की जांच होती है। जहां पॉजिटिव मिले क्षय रोगियों का पंजीकरण कर दवा मुहैय्या कराई जाती है। खासबात यह है कई डीएमएस सेंटर पर लैब टेक्नीशियन ही नहीं है। जाहिर है इन डीएमएस सेंटरों पर आने वाले रोगियों की जांच नहीं होती होगी। खासकर शारदा पार के भरतपुर हजारा, मझोला और शिवनगर में बीते कई माह से किसी मरीज का सैंपल मुख्यालय नहीं भेजा गया है। कारण यह बताया जाता है कि जिन कर्मचारियों को यहां अटैच किया है उनके स्तर से लापरवाही बरती जा रही है। फिलहाल विभाग का दावा है कि इन सेंटरों पर रोस्टर बनाकर दूसरे सेंटरों के लैब टेक्नीशियन भेजा जाते हैं। लेकिन, वह मनमर्जी तरीके से काम करते हैं। वह कभी जांचें करते हैं और कभी नहीं। इसलिए हर साल टीबी मरीजों का बढ़ती संख्या वर्ष 2024 में घटी है। हालांकि यह एक अच्छा संकेत भी हो सकता है, लेकिन मरीजों की ट्रेसिंग न होने टीबी के मरीजों के बढ़ने का कारण बन सकती है।

### डीपीसी के पद पर नहीं हुई तैनाती

टीबी रोग के निदान को लेकर चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी डिस्ट्रिक प्रोग्राम कोआर्डीनेटर की है। यह पद कई दशक पहले सृजित किया था। बिडवंना यह है कि इस पद पर यहां आज तक किसी की तैनाती नहीं की गई। यह सारा कार्य जिला क्षय रोग अधिकारी और उनके कर्मचारी करते हैं। वर्तमान समय में जिला क्षय रोग अधिकारी का पद एसीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी को चार्ज दिया गया है। जो टीबी अस्पताल को संभाल रहे हैं। अतिरिक्त लोड होने के चलते वह भी काम ही यहां मौजूद रहते हैं।

# सितारगंज हाईवे : तीन साल पहले ही तैयार हो गई थी घोटाले की जमीन

बरेली कार्यालय

- घोटाले की जांच में कई और अधिकारियों-कर्मचारियों के फंसने की संभावना
- ज्वाइंट मेजर सर्वे में की गई थी गड़बड़ी, राजस्व विभाग और आउटसोर्सिंग एजेंसी भी सवालों के घेरे में
- सर्वे से भुगतान होने तक की प्रक्रिया में एक बार भी नहीं कराया गया सत्यापन

**अमृत विचार:** बरेली-सितारगंज हाईवे के लिए वर्ष 2021 में भूमि अधिग्रहण के दौरान ही खेल शुरू हो गया था। ज्वाइंट मेजर सर्वे (जेएमआर) में गड़बड़ी कर करोड़ों के गोलमाल की जमीन तैयार की गई। इसके बाद बिना जांच-पड़ताल फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल पर पहुंचती रहीं। माना जा रहा है कि अगर गहराई से जांच हुई तो कई और अधिकारी फंसेंगे और इस घोटाले में हड़पी गई रकम भी 50 करोड़ से कई गुना ज्यादा पहुंच सकती है।

फिलहाल 50 करोड़ का घोटाला सामने आया है और इसमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बरेली खंड के परियोजना निदेशक बीपी पाठक और क्षेत्रीय अधिकारी संजीव कुमार शर्मा के निलंबन के बाद विभाग में भारी हलचल का माहौल है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में बरेली-सितारगंज हाईवे के लिए जेएमआर हुआ था। सर्वे के बाद भुगतान होने तक की अवधि में बीपी पाठक के अलावा और भी परियोजना निदेशक रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2021 में हुए सर्वे में राजस्व विभाग भी शामिल था। एक आउटसोर्सिंग कंपनी को भी इसमें लगाया गया था।

इस कंपनी ने सर्वे के लिए कई रिटायर्ड तहसीलदार और लेखपालों को हायर किया था। कहा जा रहा है कि गलत सर्वे के जरिए ही करोड़ों का घोटाला हुआ। कंपनी ऐसा क्यों और किसके इशारे पर किया, यह भी जांच का प्रमुख बिंदु होना चाहिए। दरअसल, सभी कागजों पर सर्वे के दौरान तैनात रहे एनएचएआई के परियोजना निदेशक के हस्ताक्षर हैं। जमीनों का रेट भी 2021 में ही तय किया था। इसके बाद 2022 में थ्री डी मैप और डीपीआर भी बनी थी। घोटाले में निलंबित किए गए परियोजना निदेशक बीपी पाठक के कार्यकाल में 2023 में भुगतान किया गया।

इस तरह पुरानी फाइलें आगे बढ़ती रहीं और फर्जीवाड़ा होता गया। एनएचएआई के अधिकारी इस सवाल पर भी घिरे हुए हैं कि सर्वे के बाद भुगतान तो कर दिया गया लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान सत्यापन नहीं कराया गया। ऐसे में इस प्रकरण में एनएचएआई के एक्सईएन और जेई स्तर के कर्मचारी भी फंस सकते हैं। गलत सर्वे पर जवाबदेही तय कर आउटसोर्सिंग एजेंसी को काली सूची में डाला जा सकता है। जांच के दौरान 2021 से अब तक तैनात रहे कर्मचारियों की भूमिका की भी पड़ताल होगी।

> ज्वाइंट मेजर सर्वे मेरे कार्यकाल से पहले हुआ था। उस समय दूसरे परियोजना निदेशक तैनात थे। मेरी तैनाती भुगतान के समय हुई और पुरानी फाइलों को आगे बढ़ा दिया। जांच होगी तो पता चलेगा कि असली दोषी कौन है। सर्वे में राजस्व विभाग की टीम भी शामिल थी। – **बीपी पाठक**, निलंबित पीडी एनएचएआई

# गन्ने का बकाया भुगतान नहीं मिला तो होगा आंदोलन

संवाददाता, अमृत विचार,

- भाकियू की बैठक में लिया गया निर्णय, किसानों का 200 करोड़ दबाए बैठी है बजाज मिल

**बिलसंडा।** बजाज शुगर मिल मकसूदापुर की मनमानी के चलते किसानों को बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हो सका है। भुगतान की लेटलतीफी से गन्ना किसान लगातार कर्ज में डूबते जा रहे हैं। इधर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने बैठक कर शीघ्र भुगतान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

ब्लाक क्षेत्र के करीब 50 फीसदी किसान बजाज शुगर मिल मकसूदापुर को गन्ने की सप्लाई करते हैं। चीनी मिल द्वारा गत वर्ष छह नवंबर से दो मार्च तक गन्ने की खरीद की गई। इस दौरान मिल द्वारा 300 करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना खरीदा, लेकिन भुगतान सिर्फ 51 दिन का ही किया है। ऐसे में किसान बकाया भुगतान को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। गन्ना किसान वीरेंद्र सिंह एवं कीरत वर्मा ने बताया कि गन्ने की छिलाई और ढुलाई पर अत्यधिक खर्च आ रहा है। जिसकी किसानों को भरपाई करना मुश्किल हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी मिल प्रबंधन भुगतान पर ध्यान नहीं दे रहा है। इधर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह ने कहा कि किसान परेशान है और चीनी मिल किसानों का 200 करोड़ से अधिक भुगतान दबाए बैठी है। निर्णय लिया गया कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया, तो कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** ननिहाल में रहने आई किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी की मां ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बीसलपुर क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपनी ननिहाल रहने आई थी। गांव के सत्यवीर का साला लखीमपुर के ग्राम शाहपुर बरवर का रहने वाला रामजीत किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। सत्यवीर और उसकी पत्नी सीता देवी ने सहयोग किया। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी की तलाश के लिए टीम लगाई है।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा बने कार्तिकेय मिश्रा।

## ई-मेल से भेजे जाने वालों मामलों का समय से करें निस्तारण

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल के बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पत्र भेजकर ई-मेल से भेजे जाने वाले मामलों का प्राथमिकता और समय से निस्तारण कराने के आदेश दिए हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि ई-मेल से आने वाले मामलों को गंभीरता से लेकर समय-सीमा में निस्तारित कराएं। उन्होंने शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने का भी आदेश दिया।

# इज्जतनगर मंडल के सात हजार रेल कर्मियों को यूपीएस का लाभ

**बरेली,अमृत विचार:** इज्जतनगर रेल मंडल में यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) का सात हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। डीआरएम कार्यालय में सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने प्रेसवार्ता में बताया कि न्यू पेंशन स्कीम में कई कमियों की वजह से सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यूपीएस पेश की है।

उन्होंने बताया कि इज्जतनगर रेल मंडल के सात हजार कर्मचारी एनपीएस के तहत आ रहे थे। इनको यूपीएस से बड़ी राहत मिलेगी। पेंशन में 25 वर्ष की न्यूनतम सेवा के लिए पेंशन की राशि सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत होगी। वहीं कम से कम 10 वर्ष की सेवा करने पर पेंशन की धनराशि आनुपातिक होगी।

# हद है..! यहां तो जिम्मेदार ही कूड़े से पटवा रहे तालाब


बिलसंडा के मोहल्ला देवी स्थान के तालाब में डलवाया गया कूड़ा। ● अमृत विचार

संवाददाता,बिलसंडा

- लाखों की रकम खर्च कर बनवाया एमआरएफ सेंटर दो साल से बना शोपीस, मशीनें खा रही जंक
- गंदगी के कारण संक्रामक रोग फैलने की बढ़ी आशंका के बीच लोगों में दहशत

**अमृत विचार:** लाखों की लागत से स्थापित एमआरएफ सेंटर शोपीस बना है। जबकि नगर के कूड़ा करकट को नगर पंचायत प्रशासन की ओर से निष्पादन कराने की बजाय तालाब में डलवाया जा रहा है। जिसकी वजह से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बनी हुई है। मगर जिम्मेदारों को इसकी कोई चिंता नहीं है।

बता दें, नगर का कूड़ा निष्पादन को नगर से सटे गांव रुरिया घुरिया में एमआरएफ सेंटर स्थापित कराने पर लाखों रुपये फूंके गए। यहां बनकर मशीनें स्थापित करा दी। मगर, अभी तक इसके चालू न होने से एमआरएफ सेंटर में रखी मशीन जंक खा रही हैं। इधर, नगर पंचायत प्रशासन कूड़ा करकट को मोहल्ला देवीस्थान स्थित तालाब में डलवा रहा है। जिसकी वजह से संक्रामक रोगों के फैलने का डर बना है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि एक तरफ जहां शासन स्तर से तालाबों के संरक्षण और उसकी साफ सफाई पर लाखों का बजट खर्च किया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ इसके विपरीत तालाब में कूड़ा करकट डलवा कर उसका पटान हो रहा है।यहां छुट्टा पशु कूड़े के ढेरों पर विचरण कर रहे हैं। इसी तरह बमरोली मार्ग पर स्थित निर्माणाधीन कान्हा गौशाला के सामने भी नगर पंचायत प्रशासन कूड़ा डलवा रहा है। कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध की वजह से राहगीरों का निकलना मुश्किल है। गांव रुरिया घुरिया में ग्राम समाज की जिस जमीन पर एमआरएफ सेंटर बनवाया गया है। वहां कूड़ा की गाड़ी पहुंचने के लिए कच्चे रास्ते पर अभी तक खड़ंजा भी नहीं बिछवाया गया। जबकि एमआरएफ केंद्र बने हुए दो वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। जिसकी वजह से नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी बरसात के दिनों में तो दूर की बात सामान्य दिनों में भी नहीं पहुंच पाती हैं।

> एमआरएफ सेंटर तक पहुंचने वाले रास्ते पर खड़ंजा निर्माण कराने और बिजली कनेक्शन के लिए लाइन खिंचवाने समेत प्रस्ताव पारित कर पत्रावली डीएम को भेजी जा चुकी है। खड़ंजे का निर्माण संबंधित ग्राम पंचायत को कराना है। खड़ंजा निर्माण और बिजली कनेक्शन होते ही एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा निषादन का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। – **डीके गुप्ता**, चेयरमैन नगर पंचायत बिलसंडा

## बीसलपुर क्षेत्र में बाढ़ ने पिछले महीने जमकर मचाई थी तबाही, कई संपर्क मार्ग बहने के बाद से ग्रामीणों की मुसीबत

# जिम्मेदारों ने दावे तो खूब किए... हालात अब तक नहीं सुधरवा पाए

संवाददाता, बीसलपुर

- तहसील मुख्यालय पहुंचने को 10 के बजाय 25 किमी का तय करना पड़ रहा सफर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बाढ़ आए दो माह बीतने को हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद मची तबाही ने जन-जीवन अस्त व्यस्त कर दिया था। कई जगह संपर्क मार्ग पानी के तेज बहाव के चलते कट गए थे। जिसके बाद से आवागमन प्रभावित होने पर जल्द सुधार कर राहगीरों को राहत देने की बात अफसरों ने कहीं, लेकिन धरातल पर हालात खराब है। काम शुरू नहीं कराने से दर्जनों गांवों के ग्रामीण परेशान है। आलम ये है कि दस किमी के सफर को तय करने के लिए 26 या फिर उससे अधिक किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। जिसमें समय के साथ खर्च भी बढ़ रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाह कार्यशैली को लेकर भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है।

बीते माह पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद क्षेत्र की नदियों का जलस्तर बढ़ गया था। तहसील क्षेत्र में ही कई संपर्क मार्ग पानी के तेज बहाव में कट गए थे। बीसलपुर से रम्पुरा नगरिया होते हुए चौसर हरदोपट्टी की ओर जाने वाले मार्ग पर पर देवहा नदी पर पुल से आधा किलोमीटर आगे की सड़क का 25 मीटर हिस्सा बाढ़ के पानी में बहने से अभयपुर, भगवंतपुर, चौसर हरदोपट्टी, मलकपुर, पटनिया ,श्यामपुर ,सोराह पनबडिया, फुलवैया, सिसैया ,मलकपुर, ललौरगुजरानपुर जल्लापुर समेत करीब 20 गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट गया था। जिसके चलते महज दस किमी के लिए 26 किमीदूरी तय करके तहसील पहुंचना पड़ रहा है। इससे जहां ग्रामीणों का समय और खर्च बढ़ गया है। वहीं, जगह-जगह क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक करने के नाम पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से जेसीबी मशीन से मिट्टी डलवा कर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली गई है। उधर, ग्राम भैंस्टा जाने वाले संपर्क मार्ग पर पुलिया के पास की सड़क का 50 मीटर हिस्सा कट गया था। ग्राम प्रधान इश्तियाक अल्वी की शिकायत पर इस मार्ग पर मिट्टी तो डलवा दी गई लेकिन काम अभी भी नहीं कराया जा सका है। जिसके चलते आवागमन सुचारू नहीं हो सका है। भाजपा नेता डॉ. रत्नेश गंगवार ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कर संबंधित विभाग को निर्देशित कर जल्द मार्ग पर काम पूरा कराने की मांग की गई है।


रम्पुरा से चौसर हरदो पट्टी गांव जाने वाली बाढ़ में कटी सड़क। ● अमृत विचार

> बाढ़ के दौरान कई जगह संपर्क मार्ग कट गए थे। इनका सुधार कराने के लिए काम कराया जा रहा है। किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। जल्द ही समस्त मार्ग दुरुस्त कराकर आवागमन सुचारू कराया जाएगा। – **गगन कुमार**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी


### समस्या से हर कोई परेशान, समाधान फिर भी नहीं



बाढ़ से कटा रम्पुरा चौसर हरदोपट्टी संपर्क मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग ने अभी तक ठीक नहीं कराया है। वहां पर सिर्फ मिट्टी डाल दी गई है। आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री व संबंधित अधिकारियों से कर चुकी हूं। समाधान कराया जाना चाहिए। – **प्रियंका गंगवार**, जिला पंचायत सदस्य



बाढ़ से रम्पुरा चौसर हरदोपट्टी संपर्क मार्ग कट गया था। दो माह बाद भी सुधार नहीं हो सका। बच्चों व महिलाओं को आवागमन में दिक्कत झेलनी पड़ रही है। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय करना पड़ रही। काफी दिक्कतों का सामना विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है। शासन स्तर पर शिकायत की है। – **डॉ .रत्नेश गंगवार**, भाजपा नेता



बाढ़ से कटे भैंस्टा संपर्क मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया है। संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी दिक्कत हो रही है। अधिक दूरी तय करने से समय के साथ धन क खर्च भी बढ़ा है। अधिकारी समस्या का समाधान कराएं। – **इश्तियाक अल्वी**, ग्राम प्रधान मुसेली भैंस्टा

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भजते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत्प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते हैं, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग को बढ़ावा

रक्षा उद्योग और तकनीकी सहयोग में भारत-अमेरिका के बीच साझेदारी मौजूदा समय में भू-राजनीति और भू-अर्थव्यवस्था के कई पहलुओं को उजागर करती है। पिछले दो दशकों में रक्षा सहयोग का मुद्दा भारत और अमेरिका के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों के केंद्र में रहा है। दोनों देश यह मानते हैं कि पहले दो दशकों की तुलना में आने वाले समय में अलग चुनौतियों का सामना करना होगा, जिसके लिए समय के साथ बदलाव के लिए तैयार रहना होगा और अतीत में जो बाधाएं मौजूद रहीं, उन पर काबू पाने की जरूरत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाल में अमेरिका दौरे के बीच दोनों देशों के बीच एक अहम रक्षा सौदा हुआ है। सौदे से भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ेगी। भारत की बदलती विदेश रणनीति देखिए कि जिस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन यात्रा पर थे, उसी दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका के साथ रक्षा समझौते कर रहे थे। इससे चीन जैसे दुश्मन हैरान हैं।

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग की शुरुआत शीत युद्ध के बाद 1990 के दशक के मध्य में हुई थी और 21वीं सदी के पहले दशक में द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में तेजी से प्रगति हुई। कुछ क्षेत्रों में मतभेदों के बावजूद, बढ़ते रक्षा और सुरक्षा संबंधों में एक चीज समान रही है कि पहले इनके केंद्र में हिंद महासागर था और बाद में पूरा हिंद-प्रशांत क्षेत्र इसमें शामिल हो गया है। ताजा समझौते में भी हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर अधिक जोर है। भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाते हुए इसे व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में बदलने के फैसले से भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा और इसे अधिक मजबूती मिलेगी। यानि एसओएसए के माध्यम से भारत और अमेरिका राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए पारस्परिक प्राथमिकता समर्थन प्रदान करने पर सहमत हुए हैं। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका की प्रमुख रक्षा कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत रक्षा उत्पादन करेंगी। चूंकि 2047 से पहले विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए भारत-अमेरिका के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग का पूरी तरह लाभ उठाने के लिए, अमेरिकी एजेंसियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहयोग से जुड़े वादों को पूरा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा के भीतर ठोस कदम उठाने होंगे। दूसरी ओर भारत को अपने रक्षा प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों और तंत्र में महत्वपूर्ण सुधार के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है।

# जन समुदायों की स्थापत्य विरासत का संरक्षण कब



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार, रोहतक

सन 1861 से लेकर अब तक के कार्य के दृष्टिगत लिस्टेड मॉन्युमेंट्स एंड प्रोटेक्टिव साइट्स की सूची और प्राथमिकताओं को देखा जाए तो कस्बाई इलाकों और ग्राम्यांचलों में मौजूद गौण धरोहर की लिस्टिंग और देख-भाल का कार्य लगभग उपेक्षित रहा है।

सदियों से उपेक्षित भारत की वास्तु, स्थापत्य और ललित कलाओं से संबद्ध मूर्त धरोहर के अवशेषों की लिस्टिंग और संरक्षण को लेकर ब्रिटिश इंडिया में अंग्रेज अधिकारियों ने सन 1860 के बाद से ध्यान देना शुरू किया था। इसके अंतर्गत सर एलेग्जेंडर कन्निंघम की रहनुमाई में इस काम को सिलसिलेवार करने के लिए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की स्थापना हुई। सर्वे विभाग की एनुअल रिपोर्ट्स और रिपोर्ट्स ऑफ़ टूअर्स की अनेक वॉल्यूम्स में केवल बड़ी और राष्ट्रीय महत्व की वास्तु धरोहरों पर ध्यान दिया गया जिनकी सूची अब 3500 के आसपास है। इनके अलावा देश में ऐसे स्थल बहुत हैं जिन्हें संरक्षित और असंरक्षित की श्रेणी में रखने के बावजूद ये अभी तक अवशेषों के रूप में बिखरे पड़े हैं। बहुत स्थल ऐसे हैं जो जनसमुदायों की मिलकियत हैं या मिलकियत विहीन हैं। असंरक्षित होने की वजह से ही मूर्त धरोहर की चोरी और स्मगलिंग होती है।

द आर्मी ऑफ़द ईस्ट इंडिया कंपनी की जरूरतों के मद्देनज़र मुकर्रर किए गए सर्वे तकनीक में दक्ष मेजर जेम्स रैन्नेल से लेकर मेजर जनरल सर एलेग्जेंडर कन्निंघम और जॉन मार्शल तक की लीजेंडरी गाइडेंस के अंतर्गत देश के अधिकांश इलाकों में सन 1793 के बाद महत्वपूर्ण पुराधरोहर को चिह्नित और प्रकाशित करने का काम शुरू हुआ। मेजर रेन्नेल ने पहली बार सन 1793 में मेमायर ऑफ़ ए मैप ऑफ़ हिंदुस्तान प्रकाशित किया जिसमें बंगाल प्रोविंस की सर्वे रिपोर्ट में रंगीन नक्शों का प्रकाशन हुआ। ईस्ट इंडिया कंपनी और ब्रिटिश इंडिया के विद्वान अंग्रेज प्रशासकों को भारत की स्थापत्य विरासत और अलंकरण शैलियों की विविधता चकित करती थी। ऐसे स्थलों पर मौजूद विरासत को चिह्नित करने और स्थानीय जनों की मदद से जानकारी जुटाकर, जांच करके अकादमीय स्तर के लेख कैलकटा रिव्यु, कैलकटा मैगज़ीन, द एशियाटिक जर्नल, द कैलकटा गज़ट, इंडियन एंटिक्वेरी और जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल में अंग्रेज़ और भारतीय खोजियों ने बहुत लेख प्रकाशित किये थे। इनकी बिब्लियोमीट्रिक स्टडीज करने की जरूरत बहुत समय से महसूस की जा रही है। उपेक्षित जानकार ब्रिटिश प्रशासकों ने भारतीयों की इच्छा जाने बिना, अनुमति लिए बिना

ब्रिटिश राज के समय में भारतीय विद्वानों द्वारा किए गए डॉक्यूमेंटेशन कार्य की नींव पर भारत के इतिहास एवं पुरावेत्ताओं का अधिकांश आधुनिक स्कॉलरली कार्य टिका रहता है।

हज़ारों कलाकृतियां ब्रिटिश म्यूजियम और इंडिया हाउस में भेज दीं ठान लेकिन अमरावती स्तूप स्थल के इर्द-गिर्द बिखरे हुए उत्कृष्ट रूप से अलंकृत किए गए 121 स्कल्पचर्स और परिक्रमा स्तंभों को लंदन में ब्रिटिश म्यूजियम भेज दिया गया। बाकी के भेजे जाने के समय भारतीयों की आपत्ति के मद्देनज़र इन्हें मद्रास पोर्ट तक नहीं पहुंचने दिया गया और वे आज भी फोर्ट सैंट जॉर्ज के तहखाने में रखे हुए हैं। अमरावती स्तूप की कथा आर्ट हिस्टोरियन जेनिफर होज़ ने विस्तार से, प्रमाण सहित लिखी है।

ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रभाव के विस्तार के दिनों में भारत में विजित प्रदेशों के राजघरानों के कीमती सामान जैसे कि कलात्मक टेक्सटाइल्स, पेंटिंग्स और आर्ट वर्क, कीमती शस्त्र, वार मटेरियल, पात्र, संग्रहणीय अनोखी वस्तुएं, और पुस्तकालय की पांडुलिपियां तक लंदन में इंडिया हाउस, ब्रिटिश म्यूजियम और ब्रिटिश लाइब्रेरी में भेज दी थीं। इस बारे में सबाल्टर्न पर्सपेक्टिव को चेक करने की जरूरत महसूस नहीं की गई और बड़े स्तर पर ब्रिटिश लीगेसी को ही हम फॉलो करते रहे। लिट्रेरी वर्क्स को कलकत्ता में फोर्ट सैंट विलियम में भेजा गया। जनसमुदायों की स्थापत्य और सांस्कृतिक धरोहरों को गौण समझ कर सीमांत पर ही छोड़ दिया गया है।

सन 1861 से लेकर अब तक के कार्य के दृष्टिगत लिस्टेड मॉन्युमेंट्स एंड प्रोटेक्टिव साइट्स की सूची और प्राथमिकताओं को देखा जाए तो कस्बाई इलाकों और ग्राम्यांचलों में मौजूद गौण धरोहर की लिस्टिंग और देख-भाल का कार्य लगभग उपेक्षित रहा है। बज़ट और दक्ष मानव संसाधन को बढ़ाए बिना, विश्वविद्यालयों से कोलैबोरेशन, वैज्ञानिक रिसोर्सेज में बढ़ोतरी किए बिना न तो इस काम की वॉल्यूम को समझा जा सकता है और न ही क्वालिटी कंट्रोल के लिए साइंटिफिक इंटरवेंशन की जा सकती है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) संस्था ने चैप्टर्स-नेटवर्क की मार्फ़त देश की असूचीबद्ध गौण धरोहर और साइट्स की मैपिंग का कुछ काम किया है। ऐसी उपेक्षित धरोहरों की संख्या 50 लाख से अधिक होने का अनुमान है जिसके लिए कम्युनिटी लेवल पर काम करने के तौर तरीके तय करने होंगे। अभी 10 प्रतिशत गौण धरोहर को भी सूचीबद्ध नहीं किया जा सका है। कस्बाई क्षेत्रों और ग्रामांचलों में काम करने के लिए वैध तरीके विकसित करने के लिए सन 2014 में ड्राफ्ट-लॉज बन कर तैयार थे लेकिन विमर्श से आगे बात नहीं खिसकी।

सन 1843 से लेकर 1940 तक किए गए भारत संबंधी पुरातात्विक और अन्य सांस्कृतिक-वैज्ञानिक अध्ययनों-एंथ्रोपोलॉजिकल, एथनोग्राफ़िक, टेक्सटाइल्स, पारंपरिक इंडस्ट्री, आयुर्विज्ञान एवं इंडिजेनस मेडिसिन, वानस्पतिक संपदा, इकॉनोमिकली यूजफुल प्रोडक्ट्स, खनिज, जल, जियोग्राफी और मौसम, कार्टोग्राफी, मृदा, पशु और वाइल्ड लाइफ एवं रेलवेज, के सर्वे हेतु स्थापित महकमों के कार्य से बहुत जानकारी जुटाई गई। उस समय ऐसे कॉन्सेप्ट्स से अपरिचित भारतीयों ने इन नए महकमों द्वारा संकलित की जाने वाली जानकारी को इकट्ठा करने में सहयोग दिया था। नए ज्ञान का सृजनकार्य अधिकांश अंग्रेजी भाषा में किया गया। निसंदेह इससे भारत में ब्रिटिश एम्पायर मजबूत हुई परंतु संबंधित क्षेत्रों की मैपिंग और डॉक्यूमेंटेशन होने से बहुत कुछ ऐसा बचाया जा सका जो क्षतिग्रस्त और लुप्त हो सकता था। कंप्यूटर एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी से इन विषयों में नॉलेज रिसोर्सेज का डिजिटलायिज़ेशन किए जाने से इनफार्मेशन एक्सेस और शेयरिंग त्वरित हुई जिससे कार्य योजना तैयार करने और इसके निष्पादन में श्रम और समय की बचत है। ब्रिटिश राज के समय में भारतीय विद्वानों द्वारा किए गए डॉक्यूमेंटेशन कार्य की नींव पर भारत के इतिहास एवं पुरावेत्ताओं का अधिकांश आधुनिक स्कॉलरली कार्य टिका रहता है। इसमें नए कंटेंट के जुड़ने से समझ में इजाफा हुआ है क्योंकि कुछेक बिन्दुओं पर नई दृष्टि से आख्यान पेश किए गए। ज्ञात स्रोतों को ध्यान में रख कर निर्मित किए गए ऐसे बहुसंख्य टेक्स्ट और नैरेटिव भारत के उस इलीट वर्ग ने प्रोड्यूस किए जो विदेशी विश्व विद्यालयों में कॉलोलियल हिस्ट्री में रोमांस और रोमांच ढूंढता नज़र आता है। दशकों के निजी स्वामित्व की कस्बाई और ग्राम्यांचल की वास्तु-स्थापत्य धरोहर बौद्धिक स्तर के आख्यान लिए इसीलिए अनुपलब्ध है। मुश्किल यह कि संबद्ध विषयों के उद्भट अध्येताओं को विदेशी विश्वविद्यालय अपनी ओर खींच लेते हैं जिससे सबाल्टर्न या गौण समझ ली गई धरोहर की इच्छा को मूर्त रूप नहीं मिल पाता। उच्च शिक्षण एवं शोधकार्य के लिए प्राइवेट सेक्टर को ऐसा करने की सीमित अनुमति है और राज्य एवं केंद्र सरकार के महकमों में अकादमीय और तकनीकी रूप से क्षमतावान उपलब्ध स्टाफ वर्तमान में वर्क लोड झेल नहीं पा रहा है। सिन्धु-हड़प्पा कालीन पुरातत्व अध्ययन के मामले में हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्र को लेकर उत्कृष्ट अध्ययन मौजूद हैं। लेकिन इस क्षेत्र की कल्चरल हिस्ट्री से संबधित अध्ययन के नैरेटिव कमज़ोर हैं। इंटरप्रिटेशन्स भी गंभीर और आख्यात्मक नहीं है। उत्तर-पश्चिमी भारत की सबाल्टर्न हिस्ट्री, कल्चर और टेंजिबल हेरिटेज के बारे में उच्च स्तर की शोध सामग्री का अभाव होने से नए शोधकर्ता अकसर परेशान नज़र आते हैं और मजबूर होकर ऑक्सफ़ोर्ड, कैंब्रिज और अमेरिकल स्कॉलर्स के भारत अध्ययनों को ही संदर्भ के तौर से थीसिस वर्क में पेश करते हैं। पश्चिमी भारत में पानी के पारंपरिक टिकाऊ निर्माण जैसेकि कुएं, कुंड, बावड़ी और चिनाई वाले पक्के तालाब, भवन अलंकरण की पारंपरिक शैली, वास्तु एवं स्थापत्य, कॉस्ट्यूम, श्रृंगार सामग्री, खान-पान और कलावंतों के कौशल पर उड़ती सी नज़र डालने वाले अधिकांश शोधपत्र प्रिडेटरी जर्नल्स में प्रकाशित होने लगे हैं जिमका विद्वत्त समीक्षा मैकेनिज्म निम्न स्तर का है। विषयों में ऑब्जेक्ट्स को लेकर प्रस्तुत अध्ययनों की सोशियोलॉजी और इकोनॉमिक्स, स्किल्स लेवल्स एवं इनके परिवेशी रिश्तों के बारे में बारीकी से जानकारियां दर्ज नहीं की जातीं क्योंकि शोधार्थी में अंतर्विद्यावर्ती सोच नहीं है। पश्चिमी जगत के पुरावेत्ताओं के भारत संबंधी अध्ययन चकित करते हैं क्योंकि उनके विश्वविद्यालयों के प्योर साइंसेज और समाज विज्ञान के टीचर्स रिसर्च पार्टनर्स होते हैं।

## प्रसंगवश

# अव्वल प्रेमयोगी



दीपाली अग्रवाल
नई दिल्ली

कृष्ण को सिर्फ महसूस किया जा सकता है, भीतर उतारा जा सकता है। कृष्ण को समझा भी नहीं जा सकता, अनुभूत ही किया जा सकेगा बस, तब शायद धीरे-धीरे समझ भी आएं। श्रीमद्भागवत या गीता किसी को भी पढ़ने का कोई अर्थ नहीं है, अगर कृष्ण को जान ही न सके, भीतर न समेट सके। कृष्ण को अनुभव करने का गहरा सूत्र अनासक्ति है, पूरी गीता का सार एक शब्द में सिमटता है। ठीक वैसे ही जैसे सारे गुणों का अर्थ कृष्ण स्वयं हैं सारी कलाओं के योग उनकी लीला और उनके पूरे जीवन का सार है प्रेम, प्रेम और मोह के अंतर को स्पष्ट करते हैं मोहन। जो मोह होता तो वे गोकुल से दूर कभी द्वारिका न जा बसते। द्वारिकाधीश जीवनपर्यन्त वृन्दावन नहीं लौटे थे, गोकुल नहीं पहुंचे। वे अपने महल में पहुंच गोपियों की पीड़ा तो समझते हैं, उद्धव के हाथ संदेश भेजते हैं पर ख़ुद नहीं जाते। वे कर्मयोगी हैं, ज्ञानयोगी भी उससे अव्वल प्रेमयोगी। वे माता-पिता का कष्ट महसूस करते हैं, बचपन याद करते हैं पर लौटते नहीं, जीवन की दिशा नहीं बदलते। हम मथुरा में कृष्ण की ओर से एक पद गाते हैं कि

ऊधौ मैया ते जा कहियो, तेरौ श्याम दुख पावै/मैया कूं सुनइयो/ कोई ना खवावै मोहे माखन-रोटी/ जल अचरानि करावै/माखन-मिश्री नाम ना जानूं/कनुआ कहि मोहे कोई ना बुलावै-इस पद को सुन संतप्त महसूस होता है कि कृष्ण जो एक भव्य नगरी के राजा भी हैं वे दुख में हैं, वे बचपन याद करते हैं। जो एक बार निकले तो पग नहीं फेरे, वे भव्यता के बीच कैसा महसूस करते होंगे यह भाव इस पद में है। वे जो रणभूमि में मोह के विरुद्ध अनासक्ति की बात करते हैं, आत्मा के ज्ञान की बात करते हैं, सुख-दुखे समे कृत्वा का उपदेश देते हैं। जिस स्थान पर वे पैदा हुए उस के द्वार पर ही सारथी के रूप में हैं। अपने बालकाल से ही मोह को छोड़े वे जीवन की रणभूमि में योगी की तरह जीते हैं। फिर मोह को छोड़ प्रेम को अपनाने की यह प्रक्रिया अंतस से ही होगी। जीवन को कर्मयोग की समग्रता में अपनाने का संदेश जैसे कृष्ण देते हैं, उस पर कितनी ही टीकाएं हुई हों लेकिन उसे बिना जिये नहीं जाना जा सकता। कृष्ण को आत्मा के उस सोपान तक उतारे बिना नहीं जाना जा सकेगा।

# वर्चुअल संस्कृति को समर्पण चाहिए



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

वर्चुअल का लक्षण है, अस्तित्व है किंतु स्वीकृति के बिना। इससे हमें संतोष मिलता है। क्योंकि हम उसमें विश्वास नहीं करते। इससे स्वायत्तता का भ्रम पैदा होता है।

वर्चुअल में प्रत्येक घटना चाहे वह सुख की हो या दुख की। सब कुछ निर्मित है। इससे आप बच नहीं सकते। पश्चाताप प्रकट नहीं कर सकते। वर्चुअल में प्रत्येक चीज अनैतिक और संवेदनात्मक है। सिर्फ शरीर ही नहीं बल्कि इच्छाशक्ति भी संवेदनात्मक और अकस्मात की शक्ल लेती है। अभिनेता अपने अस्तित्व में विश्वास नहीं करते। फलतः वे जिम्मेदारी भी नहीं लेते। अपनी इच्छा और आकांक्षाओं का क्रमशः पालन करते हुए खुश हैं। चीजों की पीड़ादायक दुर्घटनाओं का सम्मान करते हुए खुश हैं। वे सिर्फ अस्तित्व रक्षा के खास नियमों को देखते हैं, ये वे नियम हैं जिनको पहले उन्होंने वैधता प्रदान नहीं की।

वर्चुअल का लक्षण है, अस्तित्व है किंतु स्वीकृति के बिना। इससे हमें संतोष मिलता है। क्योंकि हम उसमें विश्वास नहीं करते। इससे स्वायत्तता का भ्रम पैदा होता है। यथार्थ वैध अवैध, प्रामाणिक अप्रामाणिक के परे चला जाता है। अब वर्चुअल सत्य है सत्य वर्चुअल है। वर्चुअल को समर्पण चाहिए। अनालोचनात्मक स्वीकृति चाहिए। आज हम आजाद नहीं हैं और न हमारी इच्छाएं ही स्वतंत्र हैं। एब्सर्डिटी साफतौर पर देख सकते हैं। अमूमन ऐसी परिस्थितियों में घिरे होते हैं, ऐसे विषयों पर फैसला ले रहे होते हैं जिनके बारे में हम कुछ भी नहीं जानते या कुछ भी जानना नहीं चाहते। अन्य की शक्ति निज के जीवन को नियंत्रित कर रही है,उसका दुरूपयोग कर रही है। अब न इच्छा है और न यथार्थ ही है। कहने का तात्पर्य यह है कि वस्तुओं को पकड़ न पाने का निरंतर विभ्रम है और साथ ही यह भी विश्वास कि हम पकड़ लेंगे,समझ लेंगे। चीजों के बारे में विभ्रम और उनकी रेशनल त्रासदी हमारी बौध्दिकता के साथ मुठभेड़ कर रही है।

वर्चुअल रियलिटी में संकेत का विभ्रम खत्म हो जाता है। सिर्फ उसका आपरेशन रह जाता है। सत्य और असत्य के बीच आनंदायी अभेद, यथार्थ और संकेत के बीच का अभेद पैदा हो जाता है। हम निरंतर अर्थ पैदा कर रहे हैं। प्रासंगिक चीजें पैदा कर रहे हैं, यह जानते हुए कर रहे हैं कि ये सब कुछ नहीं बचेगा। प्रासंगिक चीजें भी एक अवस्था के बाद अप्रासंगिक हो जाएंगी। विभ्रमों को अर्थवान मानना सबसे बड़ा विभ्रम है। यह जगत के विध्वंस का प्रधान कारण है। यह तरंगों और कोड का युग है। तरंगों से जुड़ते हैं कोड से खुलते हैं। समाचार, संवाद, संपर्क, व्यापार, युध्द, संस्कृति आदि सब कुछ रेडियो तरंगों की देन हैं। तरंगे हमारे जीवन का सेतु हैं। तरंगें न हों तो हम अधमरे हो जाएं। आज तरंगें ही सत्य है और सत्य ही तरंग है। तरंगें भ्रम पैदा करती हैं। स्थायित्व का भ्रम पैदा करती हैं। तरंगें संतुलन पैदा कर सकती हैं और तरंगें अतिवाद अथवा अतिरंजना में डूबो सकती है। तरंगों में सब कुछ चरम पर घटित होता है। तरंग का सार है अतिवाद, चरमोत्कर्ष, अतिरंजना। अंत है विलोम। तरंगों के जमाने में समानता, मानवधिकार आदि वायवीय हैं। इन सवालों में दर्शकों की दिलचस्पी घट जाती है। ये सिर्फ नजारे अथवा तमाशे की चीज बन जाते हैं। वर्चुअल ने इन सबको नजारा बना दिया है। हम सबको तमाशबीन बना दिया है। नागरिक को तमाशबीन बना दिया है। तमाशबीन के कोई अधिकार नहीं होते। तमाशा देखा और खिसक लिया। तमाशबीन का किसी से लगाव नहीं होता। वह निर्वैयक्तिक होता है। आज तमाशा वर्चुअल है और वर्चुअल तमाशा है। सूचना बेजान और देखने वाला भी बेजान। निर्वैयक्तिकता का चरम वर्चुअल की धुरी है। अपनी ढपली अपना राग इसका मूल मंत्र है।

तरंगों के कारण कथनी और करनी में आकाश पाताल का अंतर आता है। जिसने कभी कोई चित्र नहीं बनाया, चित्रकला नहीं सीखी वह कलाप्रेमी और कलामर्मज्ञ का स्वांग करता नजर आता है। जिसकी राजनीति में आस्था नहीं है वह सत्ता और राजनीति का सबसे बड़ा भोक्ता है। जिसने दर्शन नहीं पढ़ा वह दार्शनिक मुद्रा में डूबा नजर आता है। जो कभी सच नहीं बोलता वह सत्य का पुजारी नजर आता है। अयथार्थ या यथार्थ का अंश विराट और यथार्थ छोटा नजर आता है। सच झूठ और झूठ सच नजर आता है। प्रत्येक चीज सिर के बल खड़ी नजर आती है। सीधी चीज उल्टी और उलटी चीज सीधी नजर आती है। प्रत्येक चीज विलोम दिखती है। यही वर्चुअल का विचारधारात्मक चरित्र है।

अब प्रत्येक चीज में वर्चुअल मिल गया है। अच्छे-बुरे,पानी और शराब आदि सभी में वर्चुअल आ गया है। आज मनुष्य के पास समय का अभाव है। समय के अभाव के कारण मनुष्य हमेशा मानसिक तौर पर समयाभाव में रहता है। समय का अभाव कालान्तर में स्थान के अभाव में रूपान्तरित होता है। आप जहां से चले थे एक अर्सा बाद फिर वहीं पहुंच जाते हैं। अब स्थान समय में तब्दील हो जाता है। इसे बदला नहीं जा सकता।

## सोशल फोरम

# अलबेले कृष्ण



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

जन्माष्टमी, हमारी संस्कृति के सबसे चमकते सितारे कृष्ण का जन्मदिन। हवाओं में अभी से ही बंशी की धुन तैरने लगी है। कृष्ण को सोचें तो उनकी कई छवियां हमारे मन पर एक साथ अंकित हो जाती हैं-एक नटखट बच्चा, एक चंचल और पराक्रमी किशोर, एक समर्पित शिष्य, एक आत्मीय मित्र, एक अद्भुत बांसुरी-वादक, एक उत्कट प्रेमी, एक मानवीय शासक, एक प्रचंड योद्धा, एक मौलिक विचारक, एक महान योगी, एक दूरदर्शी कूटनीतिज्ञ, एक चतुर रणनीतिकार और एक विलक्षण दार्शनिक। अपने समय की परंपराओं और लीक से हटकर चलने वाला ऐसा महामानव जिसने अपने कालखंड को इशारों पर नचाया। त्रेतायुगीन राम अपनी तमाम करुणा, प्रेम और मानवीयता के बावजूद अपने समय की परंपराओं और राजकीय मर्यादाओं के पार नहीं जा सके। द्वापर के कृष्ण ने अपने समय के धार्मिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का बार-बार अतिक्रमण भी किया और अपनी स्थापनाओं को मान्यता भी दिलाई। उन्होंने शांति की भूमिका भी लिखी और युद्ध की पटकथा भी। निर्माण की परिकल्पना भी है उनमें और विनाश की योजना भी। पत्नियों की भीड़ भी और प्रेम का एक एकांत कोना भी। अथाह मोह भी और असीमित वैराग्य भी। जिसे हम उनकी लीला कहते हैं, वह वस्तुतः जीवन के समग्र स्वीकार का उत्सव है। गोकुल के चरवाहे से भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तित्व तक की कृष्ण की जीवन-यात्रा युगों-युगों से हमें रोमांचित और भावविभोर करती रही है। देश की संस्कृति के महानायकों के बीच अकेले उन्हें 'संपूर्ण पुरूष' का दर्ज़ा प्राप्त है। जनमानस में गहराई तक धंसे कृष्ण एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हे जीते जी दिव्य पुरुष का आदर मिला और कालांतर में भगवान विष्णु का अवतार घोषित किया गया। यह बहस निरर्थक है कि वे हमारी तरह मानव थे या ईश्वर के अंश अथवा अवतार। ईश्वर हमारा स्रष्टा है तो हम सब ईश्वर के ही अंश या अवतार हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कृष्ण ने अपना ईश्वरत्व पहचान लिया था और हम अपना वास्तविक स्वरुप भूलकर अंधेरे में भटक रहे हैं। **-फेसबुक वॉल से**

# द्वंद्व से उबरना सिखाते श्रीकृष्ण



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

द्वंद्व में रहते हुए, द्वंद्व का समाधान कृष्ण के दर्शन का आधार है। वह जहां प्रेम और करुणा में डूबे हुए हैं वहीं वह युद्ध में विचलित अर्जुन को अपना श्रेष्ठ देने के लिए युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं, वह रण छोड़ नहीं हैं, और ना ही दीनता उनका धर्म है।



जैसे-जैसे यह दुनिया कठिन और संघर्षशील होती जाएगी... जैसे-जैसे यह संसार द्वंद्व का विस्तार बनता जाएगा, भौतिक शक्तियों का वर्चस्व और स्व की रक्षा का संघर्ष जैसे-जैसे गहराता जाएगा.. भगवान श्री कृष्ण और उनका दर्शन दुनिया में विस्तार पाता जाएगा। क्योंकि श्री कृष्ण का दर्शन ही वह दर्शन है, जिसने जीवन में पहली बार अतीत में अपनी जड़ें रखते हुए भविष्य के आंगन में फूल खिलाए हैं। जिसने मनुष्य और मनुष्यता को रोग और दुख की निराशा से मुक्त कर,शुभ की उम्मीद से भर कर उत्सव धर्मी बनाया है।

श्रीकृष्ण ने पहली बार नेति-नेति यानी ऐसा नहीं है, ऐसा नहीं है, से आगे स्वीकार और अंगीकार के रूप में धर्म को परिभाषित किया है। श्री कृष्ण प्रतिषेध और प्रतिबंध के विपरीत स्वीकार पर जोर देते हैं, वह मनुष्य की वृत्तियों काम, क्रोध, लोभ, मोह को स्वीकार करते हैं, उन्हें परिमार्जित करते हैं। वह देख कर (दृष्टा भाव) समय की आवश्यकता के साथ इनके परिमार्जन और स्वीकार की कला सिखाते हैं। प्रतिबंध के विपरीत परिष्कार और स्वीकार के धर्म ने ही सभ्यता का विस्तार किया, अन्वेषण को मान्यता दी...। इस प्रकार विचार करने की शक्ति, मीमांसा को जीवन का आधार बनाकर कृष्णा ने धर्म के मार्ग को विज्ञान के करीब पहुंचाने का भी कार्य किया है। कृष्ण ही वह प्रवर्तक हैं, जिन्होंने धर्म और दर्शन की पर्याय बन चुकी "निराशा" को, दुख को, स्वीकार करने के साथ नृत्य के, उत्सव के अवसर में बदल दिया।

इससे पहले त्रेता युग के युगपुरुष भगवान श्रीराम मान्यता और मर्यादाओं के पालन करने का धर्म सिखाते रहे। इस प्रकार जहां मर्यादा का बड़ा हिस्सा प्रतिबंधों पर केंद्रित था, इन प्रतिबंधों ने मनुष्य के जीवन में द्वंद्व का विस्तार किया। मनुष्य की ऊर्जा का बड़ा हिस्सा मर्यादाओं के संकल्प में और उन्हें बचाए रखने में ही बीतने लगा जिससे समाज में उत्पादकता का ह्रास हुआ।

इस प्रकार मर्यादाओं के पालन में जो पीड़ा समाज के भीतर पसर रही थी, उसका समाधान श्रीकृष्ण ने समग्र की स्वीकार्यता से दिया। इस स्वीकार ने मनुष्य के भीतर के (द्वंद्व) उसके महाभारत का समाधान किया। दुविधा के विदा होते ही मनुष्य उत्सव धर्मी हुआ। इस प्रकार श्रीकृष्ण ने हंसते हुए जीवन जीने की कला का विज्ञान विकसित किया।

द्वंद्व में रहते हुए, द्वंद्व का समाधान कृष्ण के दर्शन का आधार है। वह जहां प्रेम और करुणा में डूबे हुए हैं वहीं वह युद्ध में विचलित अर्जुन को अपना श्रेष्ठ देने के लिए युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं, वह रण छोड़ नहीं हैं, और ना ही दीनता उनका धर्म है। वह सिर्फ कर्म पर अधिकार की बात ही नहीं करते बल्कि " योगः कर्मसु कौशलम" का संदेश देते हुए हर कार्य को पूर्ण निपुणता से करने का संदेश भी देते ही हैं। इस प्रकार कृष्ण जीवन का जो दर्शन हमें देते हैं, उसमें वह अतीत के बंधनों से मुक्ति और भविष्य की अपेक्षाओं के बोझ से छूट जाने का मार्ग बताते हैं।

श्रीकृष्ण हर पल वर्तमान को शत प्रतिशत जीने की कला सिखाते हैं। वह जीवन में ग्लानि और पश्चाताप जैसे शब्दों को मिटाकर उसे उत्सव बनाने की कला सिखातें हैं। हम कृष्ण के मर्म को समझें, मान्यताओं की गांठो को खोल सकें, अपना जीवन सरल कर सकें ऐसी सामर्थ्य श्रीकृष्ण हम सबको दें।

# कृष्ण क्यों अधिक लोकप्रिय हैं



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कृष्ण भारतीय लोक हृदय की सर्वोत्तम ईश्वरीय सृष्टि हैं, पर उन्हें आज कई जगहों पर मानवीय प्रेम भावना की स्थापना की जगह महज श्रृंगार या छप्पनभोग तक सीमित कर दिया जाता है। जन्माष्टमी के अवसर पर लोग कृष्ण की झांकियों में खो जाते हैं, कृष्ण को जान नहीं पाते। वस्तुतः आम लोगों के दिल में वे कृष्ण हैं जिनके हाथ में सुदर्शन चक्र नहीं बांसुरी है और सिर पर राजमुकुट नहीं मोरपंख है। कोई संगीत सात सुरों के बिना अधूरा है और देश सात रंगों के बिना। हमारा देश एक मोरपंख जैसा ही तो है। देखने की चीज है, ऐसे देवता का जन्म कारागार में होता है। सत्य की राह बहुत कठिनाइयों से भरी होती है।

कृष्ण सभी हिंदू देवताओं में कई कारणों से विलक्षण हैं। वे एकमात्र देवता हैं जो माता के नाम से जाने जाते हैं और यशोदानंदन कहे जाते हैं, कई बार देवकीनंदन भी। आज किसी शिक्षित से भी पूछो कि तुम किनके बेटे हो तो वह सिर्फ अपने पिता का नाम लेगा, मानो मां तो बस ऐसे ही है। मथुरा-वृंदावन के कृष्ण की धारणा में पितृसत्ता को चुनौती है। कृष्ण से राधा को अलग नहीं किया जाता। आज भी ब्रज क्षेत्र के लोग अभिवादन के समय कहते हैं- राधे राधे। भक्ति की यह उच्चतम दशा है, जब ईश्वर कृष्ण भी प्रसन्न होकर इतने भक्तमय हो जाएं कि कहने लगें-राधे राधे। आज देश के किसी भी मंदिर में रुक्मिणी-कृष्ण की नहीं, राधा-कृष्ण की आराधना होती है। यह युगल मूर्ति 'सर्वत्र प्रेम' का संदेश देती है। यह समझने की जरूरत है कि महाभारत में कहीं यमुना की महत्ता नहीं है, सिर्फ गंगा (भीष्म) की महत्ता है। इस महाकाव्य में मथुरा–वृंदावन की जगह द्वारका है।

जन्माष्टमी वाले कृष्ण महाभारत के कृष्ण से अलग हैं। खासकर सातवीं सदी के बाद पीतांबरधारी, बंशीवादक, मोरपंखधारी त्रिभंगी कृष्ण ही इस देश के लोगों के हृदय में बसे हैं। पहले गोपियों और राधा का नामोनिशान न था। ये पिछली सहस्राब्दी के भागवत पुराण (800 ई.) तथा ऐसे ही कुछ ग्रंथों की देन हैं। इधर वृंदावन के वंशीधारी कृष्ण की जगह महाभारत के युद्ध रथ पर बैठे सुदर्शनधारी कृष्ण का प्रचार ज्यादा किया गया है, यह भी कृष्ण को जानने में एक बड़ी बाधा है। जबकि आज लोगों के हृदय में वे कृष्ण बसे हैं जो राधा के साथ हैं और यमुना किनारे खेलते हैं। सूरदास ने कृष्ण का जो बाल रूप रचा, माखन–दधि का, घुटरुन चलने का, चंद्र खिलौना मांगने और न देने पर सत्याग्रह करने का, गोपिकाओं के निश्छल प्रेम का, आज कृष्ण का वही रूप लोगों के मन में है। सौंदर्य वहां नहीं है जहां रूढ़ियां,अहंकार और हिंसा है। सौंदर्य सिर्फ वहां है, जहां प्रेम है। कृष्ण का वृंदावन सिर्फ एक गांव नहीं है, यह एक उदात्त लोकमानस का रूपक है, जहां गिले-शिकवे हैं तो अद्भुत प्रेम भी है। क्या मन को वृंदावन बनाए बिना कभी राम राज्य लाया जा सकता है?

# बगैर किसी वैध परिस्थिति के जीवनसाथी का साथ न देना क्रूरता

## हिंदू विवाह केवल सामाजिक अनुबंध नहीं एक संस्कार : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना किसी उचित कारण के जीवनसाथी का साथ देने से इनकार करने को हिंदू विवाह कानून के तहत क्रूरता माना है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति जो वैवाहिक संबंध में प्रवेश करता है, वह अपने चुने हुए जीवनसाथी के साथ अपनी संगति का आनंद लेने और उसे साझा करने का सामाजिक तथा व्यक्तिगत दायित्व लेता है।

एक व्यक्ति दूसरे को बिना किसी कारण के जब अपनी संगति से पूरी तरह से वंचित करता है तो इसे क्रूरता ही मानी जाएगी। कोर्ट ने हिंदू विवाह के संदर्भ में क्रूरता की अवधारणा को परिभाषित करते हुए कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, न कि केवल एक सामाजिक अनुबंध, जिसमें एक साथी बिना किसी वैध परिस्थिति के दूसरे को छोड़ देता है। ऐसा आचरण विवाह की आत्मा और भावना को नष्ट कर देता है। हिंदू विवाह की आत्मा की मृत्यु पति या पत्नी के लिए क्रूरता का कारण बन सकती है, जो न केवल शारीरिक संगति से बल्कि सभी स्तरों पर अपने पति या पत्नी के साथ पूरी तरह से वंचित हो जाता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की खंडपीठ ने श्रीमती अभिलाषा श्रोती की प्रथम अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए की। मामले के अनुसार वर्ष 1989 में पक्षकारों का विवाह संपन्न हुआ। दंपति के बीच वैवाहिक रिश्ता मुश्किलों से भरा था। शादी के कुछ साल बाद दंपति अलग हो गए, लेकिन 1999 में उनके बीच कुछ समय के लिए सुलह हो गया। इसके बाद वर्ष 2001 में वे हमेशा के लिए अलग हो गए। पत्नी ने वर्तमान अपील प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय झांसी द्वारा पारित तलाक के आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की। पत्नी की अपील पर विचार करते हुए कोर्ट ने पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को बरकरार रखा। कोर्ट ने तलाक के आदेश को बरकरार रखते हुए पत्नी को स्थाई गुजारा भत्ता के रूप में 5 लाख रुपए देने का आदेश दिया।



● कोर्ट ने पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को बरकरार रखा

## कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा पिलाकर किया बलात्कार, रिपोर्ट दर्ज

**मथुरा, एजेंसी :** जिले में सुरीर क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की को कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पिलाने और उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सुरीर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक महिला द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली 11 अगस्त को उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेत पर गई थी जहां पड़ोसी गांव खायरा के रहने वाले आकाश और राम कोल्ड ड्रिंक पी रहे थे। महिला का आरोप है कि उन्होंने उनकी पुत्री को भी कोल्ड ड्रिंक पिला दी, जिसमें कोई नशीला पदार्थ मिला रखा था। महिला का आरोप है कि इसे पीने के बाद उनकी पुत्री को नशा हो गया और फिर आरोपियों ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। अधिकारियों के मुताबिक, महिला का आरोप है कि आरोपियों ने मोबाइल फोन से लड़की की अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी।

## जिसे फिसड्डी माना वह प्रस्तुत कर रहा कानून-व्यवस्था का मॉडल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



● मोक्ष ग्रंथ है भगवतगीता न्यायपालिका में भी इसके प्रति उतनी ही श्रद्धा: योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश पुलिस बल ने हानि-लाभ की चिंता के बिना कर्म को प्रधान माना है। जिस पुलिस व प्रदेश को सबसे फिसड्डी मान लिया गया था। आज वह देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। कानून-व्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवत गीता मोक्ष ग्रंथ है। न्यायपालिका में भी इसके प्रति उतनी ही श्रद्धा का भाव रखती है, जितना सनातन धर्मावलंबी रखते हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को राजधानी के रिजर्व पुलिस लाइन में कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन व कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्ण भी अर्जुन से यही कहते हैं कि कर्म करो, फल की चिंता न करो। हम अक्सर कर्म से पहले लाभ-हानि की चिंता करते हैं। ऐसा करने से हम उसके पुण्य से वंचित हो जाते हैं। अच्छा करेंगे तो अच्छा होगा, बुरा करेंगे तो पाप से कोई मुक्त नहीं कर सकता। लोक कल्याण का कार्य किया है तो उसके पुण्य से कोई ताकत वंचित नहीं कर सकती।

कर्म की प्रेरणा महत्वपूर्ण है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, मुख्य सचिव मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नीरज अवस्थी और मुंतजिर को भेजा गया जेल

**कानपुर, अमृत विचार :** जूही लाल कालोनी की विधवा महिला की संपत्ति पर साथियों के साथ कब्जा करने के मामले में गिरफ्तार किए गए प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी और पत्रकार मुंतजिर अंसारी को सोमवार को स्पेशल मजिस्ट्रेट के यहां पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जूही लाल कालोनी निवासी राबिया बेगम ने दर्ज एफआईआर में बताया कि पति की 2019 को मौत हो गई थी। उनका 530 गज का भूखंड साकेत नगर में है। आरोप है कि पति की मौत के बाद उक्त संपत्ति पर पत्रकार नीरज अवस्थी, प्रदीप श्रीवास्तव, मुंतजिर अंसारी व अन्य 40 से 50 पत्रकारों ने आपराधिक गुटों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया। जगह खाली करने के लिए बोला तो मेरे पुत्र अमान अली को जान से मारने की धमकी देकर डराया धमकाया गया। आरोप है कि पत्रकारों के आतंक से लगभग 1 साल तक कानपुर छोड़कर अपने पुत्र के साथ फर्रुखाबाद चली गई थी।

### एससी आरक्षण पर कांग्रेस को देना चाहिए जवाब

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल करते हुए कहा कि जातीय जनगणना के बाद क्या कांग्रेस एससी, एसटी व ओबीसी वर्गों को वाजिब हक दिला पाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी-एससी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमीलेयर को लेकर अभी भी चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बसपा वर्षों से जातीय जनगणना के लिए पहले केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर व वर्तमान में भाजपा सरकार पर दबाव बना रही है। इसकी पार्टी वर्षों से पक्षधर रही है और अभी भी है। उन्होंने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बसपा संस्थापक कांशीराम को अपनी गंभीर बीमारी की हालत में भी हास्पिटल छोड़कर रात में इनकी सरकार के तत्कालीन गृह मंत्री को हड़काना पड़ा था। विपक्ष ने भी संसद को घेरा था, तब जाकर यह कांग्रेसी सरकार हरकत में आई थी। उस समय केंद्र की कांग्रेस सरकार की नीयत खराब हो चुकी थी। जो कुछ भी अनहोनी के बाद राष्ट्रपति शासन लगाकर पर्दे के पीछे से अपनी सरकार चलाना चाह रही थी। बसपा ने इनका यह षडयंत्र फेल कर दिया था।

### झूठी खबर छापने के मामले में पत्रकारों को दी राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मानहानि और झूठी खबर छापने के मामले में पत्रकारों को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। याचियों पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज किया था, क्योंकि उन्होंने पुलिस जीप से कथित रूप से डीजल चोरी होने की खबर प्रकाशित करवाई थी। रिपोर्ट के सामने आने के बाद पुलिस ने याचियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 212 (झूठी सूचना), 229 (झूठे साक्ष्य देने की सजा) और 356 (मानहानि) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) की धारा 66 का हवाला देते हुए पुलिस स्टेशन फतेहगंज बांदा में आपराधिक मामला दर्ज किया। याचियों के अधिवक्ता ने दावा किया कि आपराधिक मामला दुर्भावनापूर्ण इरादे से दायर किया गया था और वास्तव में पत्रकारों ने कोई अपराध नहीं किया था।

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार को यदुनगर जौरी बिजनौर रोड सरोजनी नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। वहां उन्होंने पूजा अर्चना की और भगवत भजन सुना। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पाण्डेय भी उनके साथ कार्यक्रम में शामिल रहे। इस अवसर पर इस्कान से आस्था रखने वाले विदेशी भक्तों ने हरेरामा-हरेकृष्णा के भजन भी प्रस्तुत किए। अखिलेश यादव ने पार्टी पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव के पिताजी एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता स्व. हीरा लाल यादव की समाधि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। यहां सपा प्रमुख ने कहा कि वरिष्ठ समाजवादी नेता हीरा लाल आजीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। वे नेताजी के साथी और पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे।

## सेवानिवृत न्यायाधीशों के नाम से पहले सेवानिवृत्त शब्द का प्रयोग अनुचित

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के संबोधन को संशोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को न्यायमूर्ति कहकर ही संबोधित किया जाएगा। उनके नाम के पहले सेवानिवृत्त शब्द का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

सेवानिवृत्त शब्द को न्यायाधीश के नाम के साथ इस तरह नहीं जोड़ा जाना चाहिए, जैसे कि वह न्यायाधीश का पद हो। हाईकोर्ट के न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद भी अपने नाम के साथ न्यायमूर्ति संबोधन लगाते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम का उल्लेख सेवानिवृत्त न्यायाधीश या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के रूप में किया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायाधीश के नाम से पहले 'सेवानिवृत्त' शब्द का प्रयोग होना चाहिए, यह एक भ्रांति है, जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने लवकुश तिवारी और 1486 अन्य की याचिका पर विचार करते हुए की, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ के अपर मुख्य सचिव (गृह) के व्यक्तिगत हलफनामे में न्यायाधीश के नाम का वर्णन करते समय प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है।

# शारदा नहर कटने से दर्जनों गांव जलमग्न

**संवाददाता सदरपुर/ सीतापुर**

**अमृत विचार:** सीतापुर में शारदा सहायक नहर के पास बनी सड़क धसने से अचानक नहर कट गई। ज़िले के कई इलाकों में किसान अभी बाढ़ से निपट भी नहीं पाए थे कि तेज बहाव से कटी शारदा नहर के पानी से उनकी हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई। इसके अलावा शारदा नहर का पानी तेज़ी से करीब दो दर्जन गांवों को अपनी जद में लेने के बाद अब और गांवों की ओर रुख कर रहा है। नहर का भयावह मंजर देखकर आस पास के गांव वालों में दहशत का माहौल है। उपजिलाधिकारी और क्षेत्रीय विधायक मौके पर लोगों की मदद के लिए पहुंचे हैं। हालांकि कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और रेस्क्यू ऑपरेशन कर लोगों को सुरक्षित गांव से ऊंचे स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हादसा सदरपुर इलाके के सद्धूपुर गांव के पश्चिम रूसहन पुल के पास की है।



नहर कटने से धंसी सड़क, आवागमन का रास्ता हुआ बंद।

### तेज़ बहाव से कटी आठ फिट ऊंची सड़क

सदरपुर थाना क्षेत्र के सद्धूपुर गांव के निकट शारदा सहायक नहर में ज्यादा पानी के चलते तेज़ बहाव से नहर की पटरी कट जाने से किनारे की आठ फिट ऊंची सड़क के धंसने से कोहराम मच गया। नहर के कटने के बाद पानी के तेज़ बहाव ने पास के ही दो दर्जन गावों में सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा जमीन को अपनी जद में ले लिया। नहर कटान के भयावह मंजर से ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। गांवों के लोग अपने परिवार को बचाने के लिए ऊंची जगह तलाश रहे हैं।

## धर्म दर्शन

### श्रीकृष्ण जन्म स्थान

बर्बरता और अत्याचार की कुछ कम कहानियां थीं? आक्रान्ताओं ने जनता को लूटा, किन्तु इतने से ही वे संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने लोकविश्वास और आस्था को तोड़ने के लिए मन्दिरों और मूर्तियों को भी तोड़ा। किन्तु उससे भी बड़ी बात वह अमृत-चेतना है कि तुमने सौ बार तोड़ी, किन्तु वह फिर से और अधिक तेज से उद्दीप्त होकर खड़ी हो गई। 1815 में ईस्ट-इंडिया कंपनी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि को नीलाम किया, बनारस के राजा पटनीमल ने उसे खरीद लिया।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1944 में पं. मदन मोहन मालवीय ने जुगल किशोर बिरला की आर्थिक सहायता से कटरा के तत्कालीन मालिक रायकृष्णदास से यह भूमि खरीद ली। मालवीय जी की अन्तिम इच्छा को साकार करने के लिए 1951 में जुगल किशोर बिरला ने श्रीकृष्ण जन्म स्थान-सेवासंघ नाम से एक ट्रस्ट बनाया, जिसके अध्यक्ष लोकसभाध्यक्ष जीवी मावलंकर बने और बाद में श्री अनन्तशयनं आयंगर ट्रस्ट के अध्यक्ष बने। भागवत भवन के निर्माण की कहानी, पढ़ी-सुनी नहीं, आंखों देखी है। उस समय तनिक सा सौभाग्य प्रभु-कृपा से इन पंक्तियों के लेखक को भी मिला, जब 1966-67 में श्रीश्रीकृष्ण जन्मस्थान-सेवासंघ की पत्रिका श्रीकृष्ण संदेश के संपादन की सेवा का सुयोग बना। सोचने की बात है! भागवत-भवन कभी राजनीति का मुद्दा बना? नहीं! क्यों? महामना मालवीय जैसा निर्मल और विशाल हृदय संकल्प तो उन्हीं का था। हनुमानप्रसाद पोद्दार और सेठ जुगल किशोर बिरला का निश्छल-भाव मिल गया, फिर तो सारी बाधाएं मानो शरण में ही आगयीं। बिरलाजी का विचार था कि इस मन्दिर में श्रीमद्भागवत को शिलांकित कराया जाए, लेकिन वह काम बहुत कठिन था, ताम्रपत्र पर अंकित करने की विधि बहुत आसान थी। इसलिए जयदयाल डालमिया के नेतृत्व में ट्रस्ट ने यही निश्चय किया। भव्य भागवतभवन! उसकी दीवालों पर ताम्रपत्रो में श्रीमद्भागवत अंकित है। आज भागवत-भवन समस्त भारत का आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

### विश्वात्मा के विश्वरूप हरि विष्णु

ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन त्रिमूर्ति की कल्पना में विष्णु का विश्वरूप निखर कर सामने आया उनको विश्वात्मा के विश्वरूप के सात्विकतत्व के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इस तात्विक रूप में उनके प्रमुख कार्य संयोजन, धारण, केन्द्रीकरण और संरक्षण माने गए। सृष्टि की जो प्रवृतियां केन्द्र की ओर जाती है, एकता की भावनात्मक शक्ति उत्पन्न करती हैं, प्रकाश और सत्य का निर्देश करती हैं, वे सभी विष्णु से उत्पन्न होती है। जैसा कि विष्णु शब्द की व्युत्पत्ति 'विष्लृ' धातु अर्थात सर्वत्र विस्तार या व्यापक होने से स्पष्ट है।

महाभारत के उद्योग पर्व (5/70/13,214) के अनुसार भी विष्णु सर्वत्र व्यापक हैं, वे सबके स्वामी और विध्वंसक शक्तियों का दमन करते हैं। इसीलिए उनको सभी शक्तियों पर स्वामित्व प्राप्त हुआ। 'विष्णु सहस्रनाम' मे उनके एक हजार नामों का उल्लेख है। पांचरात्र या पंचदेवोपासना (शिव, शक्ति, गणेश, विष्णु और सूर्य) के प्रवर्तक आदि गुरू शंकराचार्य जी ने अपने भाष्य में विष्णु के सभी हजार नामों का अर्थ और रहस्य बताया है। उनका "हरि" नाम ही समस्त पापों और दुःखों के हरण का द्योतक है। आचार्य ब्रह्मयोगीने "कलिसन्तरण उपनिषद" (2/1/215) के अपने भाष्य मे लिखा हे, "जो अग्यान (अविद्या) और इसके दुष्परिणाम का अपहरण करता है, वह हरि है।" एक अति संक्षिप्त लेख माला में भगवान विष्णु के सभी नामों की व्याख्या अकल्पनीय है। इसलिए यहां मात्र शेषशायी विष्णु भगवान के "नारायण" की व्याख्या ही उल्लिखित है। इस शब्द की दो उपाधियों में पहली का अर्थ 'नार' अर्थात जल में निवास करने वाला है। इसकी दूसरी व्याख्या है, "जिसमें समस्त नरों (मनुष्यों का अयन) आवास हो।" नारायण की महिमा का विस्तृत विवरण महाभारत के मोक्षधर्म के नाराणीय उपाख्यान में ऋषि नारद उत्तरदिशा की लंबी यात्रा के क्रम में छीरसागर के तटवर्ती श्वेत द्वीप पर जा पहुंचे थे जहां श्वेत या धवल वर्ण के निवासी नारायण अर्थात विष्णु के उपासक थे।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

परवर्ती महोपनिषद के अनुसार नारायण विष्णु ही। अनन्त हैं। नारायणीय उपनिषदों का मूल मंत्र है- "ॐ नमो नारायणाय।" जहां तक मूर्तिविग्यान अथवा प्रति माशास्त्र का प्रश्न है विष्णु की प्रतिमाओं मे विविधता सर्वाधिक है। मूर्तिकारों ने श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रमुख गुणों का सवावेश विभिन्न मूर्तियों में किया है। प्रतिमा शास्त्र का एक प्रमुख संस्कृतग्रंथ "रूपमण्डन" है। पद्मपुराण एवं रूपमंडन के अनुसार कुछ प्रमुख मूर्तियों की व्याख्या निम्नवत् हैः- केशव (लंबे कशवाले)। माधव (मायापति या ग्यानपति)। गोविन्द (पृथ्वी के रक्षक)। विष्णु (सर्वव्यापक)। नारायण (शेषशायी, सार्वभौम निवास। जनार्दन (भक्तपुरस्कर्ता या भक्तों की पुकार सुनने वाला)। उपेन्द्र (इन्द्र के भ्राता या परम सहायक)। हरि (दुःख, दारिद्रय, पाप आदि का हरण करने वाला)। वासुदेव (विश्वान्तर्यामी)। कृष्ण (सबके आकर्षण का केंद्र, श्याम) आदि। महाभारत में वसुदेव द्वारा देवकी के गर्भ से श्रीहरिविष्णु के श्रीकृष्णरूप से अवतरण का उल्लेख है। आदि पर्व में इनकी गणना बारह आदित्यों में सबसे कनिष्ठ किन्तु गुणों सबसे श्रेष्ठ की गई है। वनपर्व में समुद्र सोखने के लिए देवों द्वारा इनकी स्तुति तथा इनके द्वारा ही देवताओं के कार्य के निमित्त महर्षि अगस्त्य के पास भेजने का वर्णन, अध्याय 102 तथा 103 में हुआ है। गीता के गायक, कुरूक्षेत्र के युद्ध में पार्थसारथी एवं महासमर के वास्तविक नियन्ता और वास्तविक नायक, श्री हरि विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ही हैं।

## वर्ग पहेली-173

**बाएं से दाएं**

1. 1. सिर के बाल, अलक, कुंतल 2. सिंह और घोड़े की गरदन पर होने वाले बाल, अयाल।

4. 1. छोटा गड्ढा 2. दरार 3. अंतराल।

5. 1. मज़बूत, ताकतवर, शक्तिशाली, बलवान 2. सर्वशक्तिमान, ईश्वर 3. समर्थ।

7. 1. दाब या भार के नीचे पड़ना 2. प्रबल शत्रु से डरकर पीछे हटना 3. भय से किसी का विरोध न करने के लिए न केवल मजबूर होना अपितु उसके अनुकूल आचरण करना 4. किसी बात या मामले का ज़ोर न पकड़ना 5. आर्थिक अभाव में लाचार होना 6. संकुचित या शांत होना 7. सम्मान करने का भाव 8. तुलना में फ़ीका पड़ना 9. किसी के सामने अपनी इच्छा के अनुसार कार्य न कर पाना। (मु.) दबी ज़बान में कहना : संकोचपूर्वक कोई बात कहना,अस्पष्ट या धीमी आवाज़ में कहना ताकि कोई दूसरा न सुन सके।

10. 1. जमात या कक्षा में साथ रहने वाला, सहपाठी 2. साधुओं की संगति में रहने वाला व्यक्ति।

11. 1. गले का एक आभूषण 2. (काव्यशास्त्र) एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो सगण होते हैं जिसे 'तिल्ला' या 'डिल्ला' भी कहते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. घर, आवास, भवन 2. स्थान, जगह 3. अन्न 4. सलाह, परामर्श।

2. 1. साझेदारी की शर्तें लिखा हुआ पत्र 2. करारनामा।

3. 1. आम का रस 2. आम और दूध को मिला कर बनाया गया पेय, (मैंगोशेक)।

6. 1. अवरूद्ध, रोक 2. बांध, मेंड़ 3. कैद, बंधन 4. अंगों का जोड़ 5. सिला हुआ फीता जिससे अंगरखा

8. आलू

9. 1. पान करने की क्रिया, पीना 2. पिपासा, प्यास 3. आराधन 4. विचार करने की क्रिया 5. संतुष्ट करना, तोषण।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | 2 | ■ | 3 |
| ■ | 4 | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 5 | | |
| ■ | 6 | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | 8 | | ■ | ■ |
| 9 | ■ | 10 | | | ■ |
| 11 | | | ■ | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -172 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 आ | ■ | 2 टा |
| ■ | 3 उ | त | रा | य | ल |
| 4 झें | प | ■ | म | ■ | ना |
| ■ | दे | ■ | कु | ■ | ■ |
| 5 क | श | ■ | 6 र | 7 म | णी |
| ठि | ■ | 8 ल | सी | का | ■ |
| 9 का | च | ■ | ■ | मी | ■ |

## सुडोकू -86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | | 3 |
| 1 | | | | 2 | 8 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | | 5 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| 6 | 1 | | 8 | | 3 | | 7 | 2 |
| | | | | 4 | | | 1 | |
| 5 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | 9 | | 1 | 7 | | | | 5 |
| 7 | | | | 8 | | 6 | | |

### सुडोकू -85 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 28 अगस्त 01.33 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 03.38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज का दिन विद्यार्थियों के लिए काफी सामान्य रहने वाला है। परिवार में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्षेत्र के उपकरणों में खराबी आने की संभावना है। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। मुंह में छाले पड़ सकते हैं।

**वृष** — आज आपके सभी काम धीरे-धीरे बनते जायेंगे। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। बच्चों को नीति की शिक्षा अवश्य दें। कई दिनों से चली आ रही बाधा का निवारण होगा। मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज आपका मन अशांत हो सकता है। माता के साथ वैचारिक मतभेद होने की आशंका है। नया काम शुरू कर रहे हैं तो अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन अवश्य ले लें। आपका कोई दोस्त आपसे मदद मांग सकता है। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी।

**कर्क** — आज स्वास्थ्य के प्रति आपको उदासीन नहीं रहना चाहिए। आपकी संवादशैली से लोग प्रभावित रहेंगे। युवाओं को अपने करियर को लेकर अच्छे विकल्प सूझ सकते हैं। विधिक मामलों में विजय मिलने की संभावना बन रही है। गृहक्लेश से मुक्ति मिलेगी।

**सिंह** — आज युवाओं को किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। लेकिन आपको आज मेहनत भी काफी करनी पड़ेगी। लवमेट्स से कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। गुस्से में आकर प्रतिक्रिया न दें। उच्च तकनीक से जुड़े कारोबार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों का अभाव रहेगा। धन के लेन-देन में उधारी बिल्कुल न करें। उच्च अधिकारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से सीखने का उत्तम अवसर है।

**तुला** — आज आपकी लापरवाही की वजह से आपको परेशानी होगी। तनाव की वजह से सिरदर्द की समस्या होने की संभावना है। दूसरों के मामलों में आपको हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। घर में थोड़ी परेशानी रहेगी। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे।

**वृश्चिक** — आज कई दिनों से अटके हुए मामले सुलझ सकते हैं। नई ऊर्जा के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। रिटेल कारोबारियों की आय में वृद्धि हो सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगी। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**धनु** — आज व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। शत्रु अपनी योजनाओं में विफल होंगे। अपने मन की बातों को मित्रों से साझा कर सकते हैं। घर की आन्तरिक साज-सज्जा में कुछ बदलाव लाने का विचार बना सकते हैं। विश्वस्त लोगों की सलाह आज आपके काफी काम आयेगी।

**मकर** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। बच्चों का व्यवहार अजीब हो सकता है। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी अधिकारियों को कार्यक्षेत्र में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य के ऊपर भी पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज दूसरों के भरोसे ज्यादा न रहें। काल्पनिक विचारों में खोये रहेंगे। आपसी संबंधों में खटास हो सकती है। घर की शांति में विघ्न उत्पन्न हो सकता है। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट खराब हो सकता है। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपका मन कुछ परेशान रहेगा।

**मीन** — आज अपने व्यवहार में परिस्थितियों के अनुरूप कुछ बदलाव ला सकते हैं। आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। छोटे भाई-बहनों की मदद करनी पड़ सकती है। लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के मन में कुछ नये विचार उभर सकते हैं। स्थान परिवर्तन की योजना बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेशी — सुबह : 08.17
थैंक गॉड — शाम : 06.45

&pictures
सूर्या एस थी — सुबह : 10.36
क्रैक — रात : 07.30

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 08.07
रैमपेज — शाम : 04.44

ZEE CINEMA
शिवा द सुपर हीरो — सुबह : 11.23
नवरत्ना — शाम : 05.23

colors CINEPLEX
कुछ कुछ होता है — सुबह : 10.53
दिल का रिश्ता — शाम :06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

टीचर- बेटा अगर सच्चे दिल से प्रार्थना की जाए तो वो सफल जरूर होती है।
छात्र- रहने दीजिए सर, अगर ऐसा होता तो आज आप मेरे सर नहीं, ससुर होते।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2120, राज श्री 1430, फॉर्चून कि. 1755, रविन्द्रा 2015, फॉर्चुन ली. 1600, जय जवान 1540, सचिन 1580, सूरज 1565, अवसर 1660, राग गोल्ड 1680, गृहणी ली 1595, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1685, चक्र टिन 1935, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1950, स्वास्तिक 2090 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10400, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी -डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 868 (अनुमानित) |


# वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने का प्रयास

## डिजिटल अवसंरचना तथा प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोले आरबीआई के गवर्नर दास

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक ऐसी नीतियां, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहा है जो वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, जुझारू और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे। आरबीआई@90 पहल के तहत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में दास ने यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के संबंध में आरबीआई द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों का जिक्र किया।

गवर्नर ने कहा कि यूपीआई प्रणाली में सीमा पार धन प्रेषण के उपलब्ध माध्यमों के लिए सस्ता तथा त्वरित विकल्प बनने की क्षमता है और इसकी शुरुआत छोटे मूल्य के व्यक्तिगत धन प्रेषण से की जा सकती है, क्योंकि इसे शीघ्रता से क्रियान्वित किया जा सकता है। संसद में जुलाई में पेश आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारत में धन प्रेषण (जो सेवा निर्यात के बाद बाह्य वित्तपोषण का दूसरा सबसे



- यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के संबंध में विभिन्न पहलों का किया जिक्र

बड़ा स्रोत है) 2024 में 3.7% बढ़कर 124 अरब अमेरिकी डॉलर और 2025 में 4% बढ़कर 129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक आरबीआई@100 की ओर बढ़ने की यात्रा को लेकर काफी आशावादी है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी नीतियां, दृष्टिकोण, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहे हैं जो वित्तीय क्षेत्र को अधिक मजबूत, गतिशील और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे। डीपीआई और उभरती प्रौद्योगिकियों पर उन्होंने कहा कि पिछले दशक में बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी बदलाव हुआ है। डीपीआई ने देश को एक दशक से भी कम समय में वित्तीय समावेश के ऐसे स्तर को हासिल करने में सक्षम बनाया है, जिसे हासिल करने में अन्यथा कई दशक या उससे भी अधिक समय लग जाता।

### रिजर्व बैंक कर्ज के लिए एकीकृत मंच यूएलआई लाने की तैयारी में

**बेंगलुरु।** आरबीआई वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण की सफलता से उत्साहित होकर विशेष रूप से छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ऋण का सहज प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत ऋण मंच (यूएलआई) लाने जा रहा है। पिछले साल, रिजर्व बैंक ने दो राज्यों में आसान ऋण को सक्षम बनाने वाले प्रौद्योगिकी मंच की पायलट परियोजना शुरू की थी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि अब से हम इस मंच को यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) का नाम देने का प्रस्ताव रखते हैं। यह मंच कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है। जनधन-आधार, यूपीआई और यूएलआई की नई त्रिमूर्ति भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में क्रांतिकारी कदम होगी। दास ने कहा कि 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा पेश की गई यूपीआई ने खुदरा भुगतान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला जल्द शुरू होने की उम्मीदों के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में खासी तेजी दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 612 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी से भी बाजार में तेजी आई।

बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 611.90 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 81,698.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 738.06 अंक बढ़कर 81,824.27 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में तेजी का यह पांचवां सत्र रहा। एनएसई का निफ्टी 187.45 अंक यानी 0.76



- फेडरल रिजर्व से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से बाजारों को मिली मजबूती
- विदेशी पूंजी प्रवाह और एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में खरीदारी से आया उछाल

प्रतिशत बढ़कर 25,010.60 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी लगातार आठवें सत्र में बढ़त पर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही।

### मिडकैप स्मॉलकैप ने दर्ज की बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत उछल गया जबकि स्मॉलकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व ने सितंबर में ब्याज दर में कटौती के संकेत दिए हैं। इससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में कमजोरी आई और वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा। भारतीय बाजार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख में बदलाव से नई ऊंचाई की तरफ बढ़ते दिखे। खासतौर पर बड़ी कंपनियों के शेयरों को लेकर उत्साह दिखा।

# वैध जानकारी दिए बिना जीएसटीआर-1 दाखिल नहीं कर पाएंगे करदाता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जीएसटीएन ने कहा- यह नियम एक सितंबर, 2024 से हो रहा है लागू

वैध बैंक खाते का ब्योरा नहीं देने वाले जीएसटी करदाता 1 सितंबर से अधिकारियों के समक्ष बाहरी आपूर्ति रिटर्न जीएसटीआर-1 दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने यह बात कही है।

जीएसटी नियम 10ए के अनुसार, करदाता को पंजीकरण की तिथि से 30 दिन की अवधि में वैध बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है, या फॉर्म जीएसटीआर-1 में माल या सेवाओं या दोनों की बाहरी आपूर्ति का विवरण प्रस्तुत करने से पहले या इन्वॉयस जमा करने की सुविधा (आईएफएफ) का उपयोग करने से पहले, जो भी पहले हो। जीएसटीएन ने कहा कि यह नियम एक सितंबर, 2024 से लागू हो रहा है। इसलिए अगस्त, 2024 से आगे की कर अवधि के लिए करदाता जीएसटी मंच पर पंजीकरण विवरण में वैध बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत किए बिना जीएसटीआर-01/आईएफएफ (जैसा भी मामला हो) दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटी परिषद ने पिछले साल जुलाई की बैठक में पंजीकरण प्रक्रिया को मजबूत करने और फर्जी पंजीकरणों की समस्या से निपटने के लिए नियम 10ए में संशोधन को मंजूरी दी थी।

## खनन उपकर से इस्पात विनिर्माताओं पर बढ़ेगा लागत का दबाव : इक्रा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कुछ राज्यों द्वारा नए खनन उपकर को लागू करने और लागत दबाव बढ़ने से घरेलू इस्पात उद्योग के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह बात कही है। कोर्ट ने खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने की राज्यों के अधिकार को 14 अगस्त को बरकरार रखा था। उन्हें 1 अप्रैल, 2005 से रॉयल्टी की की अनुमति दी थी। इक्रा ने कहा कि इससे परिचालन मुनाफा कम होगा जिससे प्राथमिक तथा माध्यमिक इस्पात उत्पादक दोनों प्रभावित होंगे।

# पहली तिमाही की वृद्धि 7.1% रह सकती है : एसबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान प्रभाग का अनुमान है कि अच्छी वर्षा के बीच कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के साथ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि सालाना आधार पर 7.1% रहेगी। रविवार को जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वृद्धि का आंकड़ा इससे कम भी रह सकता है।

रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 4.5 से 5.0% के बीच रहने का अनुमान है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कंपनियों का मार्जिन प्रभावित हो रहा है लेकिन मुद्रास्फीति के दबाव में कमी से ब्याज नीति में उदारता की गुंजाइश पैदा हुई है। बैंक के समूह मुख्य



- सार्वजनिक बैंक के आर्थिक अनुसंधान प्रभाग ने जारी की रिपोर्ट
- कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 4.5 से 5.0 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान

आर्थिक सलाहकार डॉ सौम्य कांति घोष द्वारा लिखी गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) कम होगा, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर में उछाल आएगा। जीडीपी की गणना करते समय वस्तु और सेवाओं पर कर को जोड़ दिया जाता है और सरकारी सब्सिडी घटा दी जाती है। एसबीआई नाउकास्टिंग मॉडल (अब तक प्रकाशित नियमित आर्थिक आंकड़ों पर आधारित मॉडल) के आधार पर वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2024) में जीडीपी वृद्धि 7.0-7.1% के दायरे में रह सकती है, साथ ही संभावना इसके इससे नीचे रहने की भी है। पहली तिमाही में जीवीए नीचे खिसक कर 6.7-6.8% के दायरे में रह है। वैश्विक आर्थिक विकास का दृष्टिकोण अनिश्चित बना हुआ है, लेकिन नरम होती मुद्रास्फीति ने ब्याज नीति को दार किये जाने की गुंजाइश बनाई है। विनिर्माण क्षेत्र में कर्मचारियों की लागत में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन कंपनियों की ऋृण की किस्तें चुकाने की क्षमता मजबूत बनी हुई है।



## एक नजर

### दर्शन को जेल में सुविधाएं के आरोप में नौ निलंबित

**बेंगलुरु।** रेणुकास्वामी हत्या मामले में जेल में बंद कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित तौर पर विशेष सुविधाएं देने पर कारागार के नौ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें मुख्य जेल अधीक्षक वी शेषमूर्ति और जेल अधीक्षक मल्लिकार्जुन स्वामी हैं। परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में अभिनेता के धूम्रपान की तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर आने के बाद सोमवार को यह कार्रवाई की गई। तस्वीर में दर्शन तीन अन्य लोगों के साथ जेल के प्रांगण में आराम से कुर्सी पर बैठे हुए दिखायी दे रहे हैं। उनके साथ मौजूद तीन लोगों में से दो कथित तौर पर अपराधी थे।

### इनामी महिला नक्सली सहित तीन गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जगरगुंडा थाना क्षेत्र के बेदरे कैंप और आसपास जंगल क्षेत्र से सीआरपीएफ व जिला बल ने घेराबंदी कर दो लाख की इनामी महिला सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने जगरगुण्डा एरिया कमेटी सीएनएम सदस्या उईका मोटी (20) पिता कोआ और मिलिशिया सदस्य डोडी भीमा (21) पिता बधरु को पकड़ा है। दोनों के थैले से दो जिलेटिन राड, एक बीजीएल सेल, 100 ग्राम बारुद आदि बरामद हुआ है।

### कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अदालत ने बदलापुर के कथित यौन शोषण में गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। निजी स्कूल में सहायक के रूप में कार्यरत आरोपी को उसकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। अधिकारी ने कहा कि अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### फुटपाथ पर सो रहे पांच को ट्रक ने कुचला, तीन की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार को तड़के ट्रक ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया, जिससे उनमें से तीन की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास तरबूज बाजार में सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग बेघर थे और फुटपाथ पर सो रहे थे। एक मालवाहक वाहन सीलमपुर से आयरन ब्रिज की ओर आ रहा था, जो पुल पर बीच में डिवाइडर पर चढ़ गया और उसने पांच लोगों को कुचल दिया।

# टिकट कटने पर भाजपा दफ्तर में हंगामा

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : पहली सूची आते ही कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पांच घंटे में भाजपा की तीन सूचियां, सुबह 10 बजे 44 नाम जारी किए, दो घंटे बाद 15 रह गए

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को उम्मीदवारों की तीन सूचियां जारी की। पहली सूची सुबह 10 बजे आई। इसमें तीन चरणों के 44 उम्मीदवारों के नाम थे, लेकिन इसे थोड़ी ही देर में रद कर दिया गया।

पहली सूची आते ही जम्मू भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने पैराशूट प्रत्याशी उतार दिए हैं। इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना अपने केबिन में चले गए और दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद बाहर निकले और कहा कि परेशान ना हों, सभी से व्यक्तिगत रूप से बात करूंगा। बात हाईकमान तक पहुंची तो पहली सूची जारी होने के दो घंटे बाद 12 बजे एक और सूची आई। इसमें सिर्फ पहले चरण के 15 उम्मीदवारों के नाम थे। रविंद्र रैना ने कहा कि अभी ध्यान 18 सितंबर को होने वाली पहले चरण की वोटिंग पर है। मैं हर कार्यकर्ता से व्यक्तिग रूप से बात करूंगा।

इसके बाद 2 बजकर 45 मिनट पर एक और सूची आई। इसमें सिर्फ एक नाम था। कोंकरनाग से चौधरी रोशन हुसैन के नाम की घोषणा की गई। बता दें कि जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। यह विधानसभा चुनाव अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सरकार चुनने का मंच तैयार करेगा। जम्मू-कश्मीर में 2014 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 25 सीट जीती थीं। तब यह पूर्ण राज्य था।

### पहले चरण के स्टार प्रचारकों में मोदी शामिल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने सोमवार को पहले चरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 40 स्टार प्रचारकों के नाम घोषित किये। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए 18 और 25 सितंबर और 01 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान हो रहा है। वोटों की गिनती 04 अक्टूबर को होनी है। राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी मुख्यालय अरुण सिंह द्वारा जारी सूची के अनुसार, स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, जी कृष्ण रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान, जय राम ठाकुर, डॉ जितेंद्र सिंह, योगी आदित्यनाथ, भजन लाल शर्मा, राम माधव, तरूण चुघ , आशीष सूद, जुगल किशोर शर्मा, गुलाम अली खटाना, डॉ नरिंदर सिंह, अनुराग ठाकुर, स्मृति ईरानी, जनरल वी के सिंह (सेवानिवृत्त), रविंदर रैना, अशोक कौल, डॉ निर्मल सिंह, कविंदर गुप्ता, सुनील शर्मा, देवेंद्र सिंह राणा, सुखनंदन चौधरी, शाम लाल शर्मा, त्रिलोक जम्वाल (हिमाचल प्रदेश), अरुणप्रभात सिंह, नीलम लंगेह, रणजोध सिंह नलवा, सरबजीत सिंह जोहल, धनंतर सिंह कोटवाल, संगीता भगत, हाजी जावेद जरगर, सोफी यूसुफ, मोहम्मद अनवर खान और संजीता डोगरा शामिल हैं।

# शादी की योजना नहीं बना रहा हूं लेकिन होती है तो ठीक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह शादी की योजना नहीं बना रहे हैं, लेकिन अगर होती है तो (ठीक) है, हालांकि वह 20-30 वर्षों से शादी के दबाव से बाहर निकल चुके हैं। राहुल ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान कश्मीरी छात्राओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने कश्मीरी छात्राओं के समूह के साथ इस बातचीत का वीडियो सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। इसमें जब कश्मीर की छात्राओं ने उनसे शादी की योजना के बारे में सवाल किया तो कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं शादी की योजना नहीं बना रहा हूं, लेकिन अगर होती है तो ठीक है। उनका यह भी कहना था कि वह 20-30 वर्षों से शादी के दबाव से बाहर निकल चुके हैं। राहुल ने उन लड़कियों से यह भी कहा कि वह अपनी शादी में उन्हें



- राहुल ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान कश्मीरी छात्राओं के साथ बातचीत के दौरान की टिप्पणी

आमंत्रित करेंगे। उन्होंने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई और कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश को दिल्ली से चलाने का कोई मतलब नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मेरी समस्या यह है कि वह किसी की बात नहीं सुनते हैं। मुझे ऐसे किसी भी व्यक्ति से समस्या है जो शुरू से मान लेता है कि वह सही हैं, यहां तक कि अगर उसे कोई कुछ दिखा रहा है कि वह गलत है, तो वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे। ऐसे में इस प्रकार का व्यक्ति हमेशा कोई न कोई समस्या पैदा करता है।

# पूर्व प्राचार्य का दूसरे दौर का हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट

## महिला चिकित्सक से दरिंदगी

**कोलकाता, एजेंसी**

सीबीआई ने महिला चिकित्सक से दुष्कर्म- हत्या की जांच के क्रम में सोमवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पांच अन्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट किया। 10 दिनों में घोष से हुई पूछताछ में उनके बयानों में तारतम्य नहीं दिखा, जिससे दूसरी बार पॉलीग्राफ टेस्ट करना पड़ा है।

सीबीआई ने कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच में सोमवार को संस्थान के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ से पूछताछ की गई। सीबीआई ने रविवार को घोष के बेलियाघाटा आवास पर तलाशी ली थी। घोष सोमवार को सुबह फाइल और दस्तावेजों के साथ साल्ट लेक स्थित एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। वशिष्ठ के घर पर भी सीबीआई ने छापा मारा था।

### कई दुर्गा पूजा समितियों का अनुदान लेने से इनकार

**कोलकाता।** महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या के मामले में न्याय की मांग पर राज्य की कई दुर्गा पूजा समितियों ने प. बंगाल सरकार की दी जाने वाली अनुदान राशि लेने से इनकार कर दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 85 हजार रुपये अनुदान देने की पेशकश को समितियों ने अस्वीकार कर दिया है।

# नेकां-कांग्रेस में सीटों के बंटवारे पर बनीं सहमति

## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव

- नेकांफ्रेंस 51, कांग्रेस 32, माकपा व जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स को एक-एक सीट

**श्रीनगर, एजेंसी**

नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में क्रमशः 51 और 32 सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सोमवार को सहमति जताई। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आवास पर लंबी बातचीत के बाद घोषणा की गई कि गठबंधन साझेदार मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी (माकपा) और जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि पांच सीट पर दोस्ताना मुकाबला होगा। आने वाले समय में कौनसी पार्टी किस सीट से चुनाव लड़ेगी, साथ ही उम्मीदवारों की सूची जारी होगी। अब्दुल्ला ने कहा कि गठबंधन उन शक्तियों के खिलाफ लड़ाई के लिए तैयार है जो न केवल इस राज्य बल्कि पूरे देश में लोगों को बांट रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर की आत्मा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। हमारे गठबंधन का लक्ष्य इसको बचाना है। इसलिए कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में ऐसी सरकार बनाने के लिए हाथ मिलाया है, जो लोगों के साथ पूरी तरह से दोस्ताना हो।

### कांग्रेस के प्रत्याशी चयन को स्क्रीनिंग कमेटी का कार्य शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र कांग्रेस के प्रत्याशी चयन के लिये स्क्रीनिंग कमेटी का कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने दी। उन्होंने टिकट पाने के इच्छुक आवेदकों को विधानसभा संयोजक, जिला संयोजक को अपनी बूथ कमेटी की सूचियां मंगलवार की शाम तक सौंपने को कहा है। काँग्रेस महासचिव ने कहा कि पार्टी के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान में पूछे गये सवालों से तिलमिलाकर भाजपा तय समय से पहले ही चुनाव कराने को मजबूर हो गयी है।

# नितिन और धैर्यशील राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नितिन पाटिल और भाजपा के धैर्यशील पाटिल सोमवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। ये दोनों सीटें पीयूष गोयल और उदयनराजे भोसले के लोकसभा चुनाव में जीत से रिक्त हुई थीं। लोकसभा चुनाव में भोसले सतारा सीट से, जबकि गोयल मुंबई उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के नितिन पाटिल ने निर्विरोध निर्वाचन का प्रमाणपत्र स्वीकार किया।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने की मां की हत्या

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने बुजुर्ग मां की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नूरपुर गांव निवासी रविंद्र (35) है। उसकी मां की उम्र 70 साल थी। रविंद्र की बहन कबूल ने बताया कि उसका भाई शराब का आदि व दिव्यांग है। रविंद्र नशामुक्ति केंद्र में इलाज कराकर लौटा था। रविंद्र ने मां रोशनी देवी की हत्या के बाद कबूल को घटना की जानकारी दी।

## 18 प्रदेशों के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट में होंगे पेश

- वेतन आयोग की सिफारिशों पर अमल नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों को लागू न करने के मामले में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को मंगलवार को अपने समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तलब किया है। तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, नगालैंड, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, केरल, बिहार, गोवा, हरियाणा और ओडिशा के मुख्य सचिवों को 27 अगस्त को उच्चतम न्यायालय के समक्ष पेश होना है।

# सुनिश्चित करें कि विवाह के गवाह प्रामाणिक हों : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में एक युवती और उसके फूफा के बीच हुये विवाहोत्सव पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने आर्य समाज मंदिर से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जो लोग ऐसे समारोहों के गवाह बनें, वे वास्तविक एवं प्रामाणिक हों। युवती के फूफा ने खुद को अविवाहित बताया था।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह की पीठ ने कहा कि मंदिर दोनों पक्षों से कम से कम एक गवाह रखने का प्रयास करेगा, जो या तो रिश्तेदार हो या परिचित हों जो उन्हें उचित समय से जानता हो। वर्तमान मामले में, कोर्ट ने कहा कि जिस तरह से लड़की के सगे फूफा ने आर्य समाज मंदिर में स्वयं को अविवाहित बताया, वह कानून के विपरीत है, और यह विवाह अमान्य है। इसमें कहा गया कि मालवीय नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित विवाह समारोह में जोड़े और विवाह संपन्न कराने वाले पुजारी के अलावा कोई भी मौजूद नहीं था। अदालत ने कहा कि इसकी वैधता और पवित्रता पूरी तरह से संदिग्ध है। अदालत को बताया गया कि आर्य समाज मंदिर वैवाहिक स्थिति के संबंध में पक्षों से हलफनामा तो लेता है, लेकिन आगे कोई सत्यापन नहीं किया जाता। पीठ ने न्यायमूर्ति अमित शर्मा भी शामिल हैं।




- कोर्ट ने आर्य समाज मंदिर को दिया निर्देश- दोनों पक्षों से एक गवाह रखे जो रिश्तेदार या परिचित हों

### आदेश की प्रति जीएनसीटीडी के मुख्य सचिव को भेजी जाए

कोर्ट ने आदेश दिया कि आदेश की प्रति जानकारी के लिए तथा उचित कदम उठाने के लिए जीएनसीटीडी के मुख्य सचिव को भेजी जाए। अदालत लड़की के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने एक जुलाई से लापता बेटी को पेश करने की मांग की थी। कोर्ट में उपस्थित हुई लड़की ने दावा किया कि याचिकाकर्ता उसका जैविक पिता नहीं है, बल्कि उसकी मां का दूसरा पति है और वह शादी के बाद अपने पति के साथ रह रही है। कोर्ट ने कहा कि यह विवाह फूफा की वैवाहिक स्थिति के संबंध में दोनों पक्षों द्वारा दिए झूठे हलफनामों पर था, इसलिए कानून की नजर में इसका कोई आधार नहीं है।

## खेल डायरी

### सर्फिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने जीता रजत



**थुलुसधू।** भारत ने मालदीव के थुलुसधू में आयोजित एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में टीम स्पर्धा, मारुहाबा कप में रजत पदक अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में जापान ने भारत से 58.40 के बड़े अंतर के साथ स्वर्ण पदक जीता। जिसमें भारत को 24.13 का स्कोर दर्ज किया। जबकि चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले कमली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वामणि की भारतीय टीम ने हीट 2 सेमीफाइनल में 32.16 के कुल स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहा था, जबकि दक्षिण कोरिया इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर अर्जित करने के साथ तीसरा स्थान पर रहा था। भारत ने शनिवार को एशियाई खेलों के लिए सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद रजत पदक जीता। इसी के साथ भारतीय पुरुष और महिला सर्फिंग टीमें जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### जू. बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे 13 देशों के खिलाड़ी

**पुणे।** भारतीय खिलाड़ी अभिषेक कनपाला और प्रकृति भरत मंगलवार से शुरू हो रहे योनेक्स सनराइज इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः भारतीय लड़कों और लड़कियों की अगुआई करेंगे। इस टूर्नामेंट में 13 देशों के कुल 280 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के तत्वावधान में पूना जिला महानगर बैडमिंटन संघ द्वारा किया जाएगा। यह टूर्नामेंट स्वर्गीय सुशांत चिपलकट्टी की स्मृति में आयोजित किया जाता है जो अब अंतरराष्ट्रीय जूनियर बैडमिंटन कैलेंडर का अहम हिस्सा बन गया है। मेजबान भारत के अलावा अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), आस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, नेपाल, मलेशिया, स्विट्जरलैंड, इंग्लैंड, ताइपे, ईरान के खिलाड़ी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे।

### प्रज्ञानानंदा ने लिरेन और गुकेश ने लाग्रेव से खेला ड्रा

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के छठे दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेली। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव के साथ एक और दिलचस्प ड्रॉ खेला, लेकिन रूस के इयान नेपोम्नियाचची को हार का सामना करना पड़ा। वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना से केवल 25 चाल में हार गए। छठे दौर अन्य मैचों में नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और स्थानीय खिलाड़ी वेस्ली सो ने अंक बांटे। अब जबकि तीन दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब फिरोजा चार अंक लेकर शीर्ष बने हुए हैं। उनके बाद कारूआना और वेस्ली सो का नंबर आता है जिनमें से प्रत्येक 3.5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा, गुकेश, वाचिएर लाग्रेव और लिरेन तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं, जबकि नेपोम्नियाचची और अब्दुसात्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। अनीश गिरी दो अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

### राजनीति नहीं करूंगी, स्वर्ण लाना है लक्ष्य : मनु

**भिवानी।** पेरिस ओलंपिक में देश के लिए दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर का सोमवार को उनके ननिहाल चरखी दादरी में भव्य स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने साथ ही कहा मैं राजनीति में नहीं आऊंगी। बल्कि अपने खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी हो उसकी सोच पर निर्भर रहता है कि वे राजनीति करें या फिर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करें। मेरा ध्यान सिर्फ देश के लिए स्वर्ण जीतने का है। अभी राजनीति नहीं करूंगी। सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट सहित कई राजनेता मौजूद थे। मनु ने कहा जो सम्मान मिल रहा है, उसी उत्साह के साथ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जज्बा भी बढ़ रहा है।

# सिर्फ कुश्ती खेलनी है तो संन्यास पर फिर विचार करें विनेश : संजय

## अध्यक्ष बोले- संस्थाएं हमारे काम में दखल न दें, हम ला सकते हैं चार-पांच पदक

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद खेल से संन्यास की घोषणा करने वाली पहलवान विनेश फोगाट को अपने इस फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए, बशर्ते उनका इरादा शुद्ध रूप से कुश्ती खेलना ही हो। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल से पहले विनेश का वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

संजय ने कहा अगर विनेश को शुद्ध रूप से कुश्ती खेलनी है, तो उन्हें संन्यास के अपने फैसले पर एक बार पुनर्विचार करना चाहिए। मौजूदा डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा हम पेरिस ओलंपिक में भारतीय पहलवानों के छह पदक जीतने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन देश विरोधी ताकतों के षड्यंत्र के तहत 18 महीने तक कुश्ती की गतिविधियां ठप कर दी गईं। इस आंदोलन के चलते देश को ओलंपिक में केवल एक पदक मिल सका। संजय ने कहा मैं कुश्ती और राजनीति को अलग-अलग रखना चाहता हूं। भारतीय महिला कुश्ती बहुत अच्छी स्थिति में है और लगातार आगे जा रही है। संजय ने कहा अगर डब्ल्यूएफआई को स्वतंत्र रूप से अपना काम करने दिया जाए और दो-चार संस्थाएं हमारे काम-काज में दखल देना बंद कर दें, तो हम अगले ओलंपिक में महिला कुश्ती में देश को चार से पांच पदक दिला सकते हैं।

### कुश्ती में राजनीति का कोई काम नहीं



अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा जिस हिसाब से विनेश आजकल राजनीतिक मंच साझा कर रही हैं, ऐसे में अगर उन्हें भविष्य में राजनीति ही करनी है, तो फिर उन्हें कुश्ती में राजनीति नहीं करनी चाहिए। विनेश के राजनीति के अखाड़े में उतरने की अटकलों पर संजय ने कोई भी टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा कि यह इस 30 वर्षीय पहलवान का व्यक्तिगत मामला है। उन्होंने कहा कि अगर विनेश प्रतिस्पर्धात्मक कुश्ती में लौटती है तो वह उन्हें पूरा सहयोग करेंगे। संजय ने यह भी कहा कि 2023 में देश के पहलवानों का आंदोलन डब्ल्यूएफआई को बहुत बड़ी सीख देकर गया है। गौरतलब है कि यह आंदोलन कथित यौन उत्पीड़न मामले में तत्कालीन डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ किया गया था। मौजूदा डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह को बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है।

## 6 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान का मैच

**दुबई।** आईसीसी ने सोमवार को आगामी महिला टी-20 विश्व कप के संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की जिसके अनुसार भारतीय महिला टीम 6 अक्टूबर को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप तीन अक्टूबर से शुरू होगा, पहले इसे बांग्लादेश में कराया जाना था। लेकिन कई खिलाड़ियों के वहां राजनीतिक अशांति के कारण सुरक्षा संबंधित चिंतायें जताने के बाद अब इसे दुबई और शारजाह में आयोजित किया जा रहा है। इन दोनों स्थलों पर कुल 23 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

### महिला टी-20 विश्व का कार्यक्रम

| तारीख | मैच | स्थान |
|---|---|---|
| 3 अक्टूबर | बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड | शारजाह |
| | पाकिस्तान बनाम श्रीलंका | शारजाह |
| 4 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज | दुबई |
| | **भारत बनाम न्यूजीलैंड** | दुबई |
| 5 अक्टूबर | बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड | शारजाह |
| | आस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका | शारजाह |
| 6 अक्टूबर | **भारत बनाम पाकिस्तान** | दुबई |
| | वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड | दुबई |
| 7 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | शारजाह |
| 8 अक्टूबर | आस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड | शारजाह |
| 9 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड | दुबई |
| | **भारत बनाम श्रीलंका** | दुबई |
| 10 अक्टूबर | बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज | शारजाह |
| 11 अक्टूबर | आस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान | दुबई |
| 12 अक्टूबर | न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका | शारजाह |
| | बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका | दुबई |
| 13 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | शारजाह |
| | **भारत बनाम आस्ट्रेलिया** | शारजाह |
| 14 अक्टूबर | पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड | दुबई |
| 15 अक्टूबर | इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज | दुबई |
| 17 अक्टूबर | पहला सेमीफाइनल | दुबई |
| 18 अक्टूबर | दूसरा सेमीफाइनल | शारजाह |
| 20 अक्टूबर | फाइनल | दुबई |

## सूर्यकुमार, सरफराज और श्रेयस पर रहेगी निगाह

कोयंबटूर, एजेंसी

**बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट**

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपना टेस्ट करियर पटरी पर लाने के लिए बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जिसमें उनकी टीम मुंबई मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैच में टीएनसीए एकादश का सामना करेगी।

श्रेयस अय्यर भी मुंबई की टीम का हिस्सा हैं और वह भी सत्र की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। अय्यर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच फरवरी में खेला था। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई की टीम का नेतृत्व सरफराज खान करेंगे जिनके लिए सभी शीर्ष खिलाड़ियों की वापसी के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा।

सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर के मैच में सभी का ध्यान निश्चित तौर पर सूर्यकुमार पर रहेगा जिन्होंने अपना एकमात्र टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी 2023 में खेला था।

## स्वर्ण पर निशाने को तैयार रुद्रांश

**नई दिल्ली।** पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल पेरिस पैरालंपिक में पदार्पण के दौरान स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य बनाए हैं और उनके जीवन का मंत्र है किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहना और अपनी क्षमता पर भरोसा बनाए रखना।

रुद्रांश जब महज आठ साल के थे तब एक दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवा बैठे थे। भरतपुर के इस किशोर ने विकलांगता को कभी अपने आड़े नहीं आने दिया और निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में नंबर एक स्थान पर पहुंच गए। अब उनका लक्ष्य अपने पहले पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है।

## जूनियर और महिला प्रतियोगिताओं में मिलेगी पुरस्कार राशिः जय शाह

- **सभी महिला और जूनियर टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को मिलेगा पुरस्कार**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को घरेलू स्तर पर सभी महिला और जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत की।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बीसीसीआई सचिव जय शाह शाह ने घोषणा की कि पुरुष क्रिकेट में विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए पुरस्कार राशि दी जाएगी। शाह ने लिखा हम अपने घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम के तहत सभी महिला और जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त सीनियर पुरुषों के लिए विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य घरेलू सर्किट में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। इस प्रयास में अटूट समर्थन के लिए शीर्ष परिषद को हार्दिक धन्यवाद। साथ मिलकर हम अपने क्रिकेटरों के लिए और अधिक बेहतर माहौल तैयार कर रहे हैं। जय हिंद।

## कोच स्वेन-गोरान एरिकसन का कैंसर के चलते निधन

**सुने (स्वीडन)।** विदेश में जन्में इंग्लैंड के पहले कोच स्वेन गोरान एरिकसन का निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।

क्लब स्तर पर इटली, पुर्तगाल और स्वीडन में ट्रॉफी जीतने वाले स्वीडन के कोच एरिकसन पांच साल तक इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच रहे। एरिकसन की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार सोमवार को परिवार की मौजूदगी में उनका निधन हो गया। आठ महीने पहले उन्होंने खुलासा किया था कि उन्हें अग्नाशय के कैंसर का पता चला है और उनके पास जीने के लिए अधिकतम एक साल बचा है।

## वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को हराया

तरौबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

- **तीन मैचों की शृंखला में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त, हैंड्रिग्स ने खेली ताबड़तोड़ पारी**



जश्न मनाते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। ● एजेंसी

वेस्टइंडीज ने अपनी पारी में 13 छक्के लगाए जिनके दम पर उसने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 30 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 अजेय बढ़त हासिल की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 179 रन बनाए। एक समय 14 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। शाई होप ने 22 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 22 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 35 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक शुरुआत की और चार ओवर के बाद उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 57 रन था लेकिन वह इस अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाया और उसकी पूरी टीम 19.4 ओवर में 149 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीज़ा हेंड्रिक्स ने 18 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। इन दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम टी-20 मैच मंगलवार को इसी स्थान पर खेला जाएगा।

## संन्यास के बाद लीजेंड्स लीग से जुड़े शिखर धवन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सोमवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) से जुड़ गए। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

वह अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से इतर अन्य टी20 लीग में खेल सकते हैं। धवन ने यहां जारी बयान में कहा मैं अब भी खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हूं। हालांकि मैं अपने फैसले से संतुष्ट हूं लेकिन क्रिकेट मेरे जीवन का अहम हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा मैं अपने क्रिकेट मित्रों के साथ फिर से जुड़ने और अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम सब साथ मिलकर नई यादें बनाएंगे। धवन ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 12,286 रन बनाए।

## वकार सहित पांच को नियुक्त किया मेंटर

लाहौर, एजेंसी

- **पीसीबी अध्यक्ष के सलाहाकार की भूमिका के लिए निकाला जाएगा विज्ञापन**

पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस सहित पांच अन्य को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले महीने होने वाली घरेलु प्रतियोगिताओं के लिये मेंटर नियुक्त किया गया है।

पीसीबी के अनुसार 12 सितंबर से फैसलाबाद में शुरु हो रहे चैंपियंस वनडे कप टूर्नामेंट के लिए वकार, मिस्बाह-उल-हक, शोएब मलिक, सकलैन मुश्ताक और सरफराज अहमद को मेंटर बनाया गया हैं। इससे पहले वकार को पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष के सलाहकार बनाया गया था इसी कार्यकाल के दौरान वकार घरेलु टूर्नामेंट के लिए मेंटर बनाया गया है। मेंटर के रूप में उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। पीसीबी अनुसार विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि वकार टीम निर्माण की भूमिका के लिए बेहतर साबित हो सकते है। उन्होंने कहा कि 'पारदर्शी और मजबूत भर्ती प्रक्रिया' के तहत यह नियुक्तियां की गई है। अध्यक्ष के सलाहकार की भूमिका के लिए विज्ञापन निकाला जाएगा।

### करारी हार के बाद पीसीबी अध्यक्ष ने किया बदलाव का वादा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम की करारी हार के बाद सोमवार को समस्याओं को ठीक करने की बात करते हुए कहा कि बदलाव होने वाले हैं। शाहिद अफरीदी, मोहम्मद हफीज और फवद आलम जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने रविवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट से मिली हार के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की। नकवी ने कहा मैं पाकिस्तान क्रिकेट में समस्याओं को ठीक करूंगा और पाकिस्तान क्रिकेट में बदलाव होने वाले हैं। नकवी ने कहा था शुरू में मुझे लगा कि छोटा बदलाव ही काफी होगा, लेकिन इस खराब प्रदर्शन के बाद यह स्पष्ट है कि एक बड़े बदलाव की जरूरत है।


## बॉलीवुड हलचल

### सुनील शेट्टी ने शुरू की हंटर 2 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सुनील शेट्टी अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। सुनील शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर हंटर 2 की शूटिंग की एक झलक साझा की। सुनील शेट्टी ने निर्देशक प्रिंस धीमान की पोस्ट को फिर से साझा किया जिसमें सीरीज का क्लैपबोर्ड था। एक्शन थ्रिलर हंटर के पहले सीजन में सुनील शेट्टी ने एसीपी विक्रम सिन्हा की मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके अलावा ईशा देओल, राहुल देव, बरखा बिष्ट, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आठ भाग की हंटर सीरीज का निर्माण यूडली फिल्म्स, सारेगामा इंडिया लिमिटेड के फिल्म डिवीजन द्वारा किया गया है और इसका निर्देशन प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा ने किया है। सुनील शेट्टी की आगामी परियोजना में द लीजेंड ऑफ सोमनाथ, वेलकम टू द जंगल, लायंसगेट और नंदा देवी शो है। कहा जा रहा है कि नंदा देवी एक विस्फोटक थ्रिलर प्रोजेक्ट है।

### इटली से एमी जैक्शन और एड वेस्टविक ने साझा कीं शादी की तस्वीरें



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री एमी जैक्शन ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। एमी जैक्सन ने हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक से शादी कर ली है। एमी जैक्शन ने इटली के अमाल्फी कोस्ट में बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक से क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी की है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट पोस्ट के जरिए अपनी ड्रीमी वेडिंग की पहली ऑफीशियल तस्वीरें फैन्स के साथ शेयर कीं हैं। एमी अपनी क्रिश्चियन वेडिंग के लिए एक सफेद गाउन चुना जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने हाथ में सफेद गुलाबों का गुलदस्ता लिया हुआ था। एड ने सफेद सूट पहना था और वे दोनों सफेद रंग के कपड़ों में बेहद खूबसूरत लग रहे थे। दोनों ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, सफर बस शुरू ही हुआ है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने इस साल जनवरी में सगाई की थी। शादी की रस्मों की शुरुआत एक यॉट पार्टी से शुरू हुई थी, जिसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार वाले शामिल हुए थे।

### फिल्म सिटी पहुंचकर भावुक हुईं प्रियंका



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हो गईं। प्रियंका इन दिनों हॉलीवुड फिल्मों में नजर आ रही हैं। वह जल्द फिल्म द ब्लफ में नजर आएंगी जिसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। प्रियंका चोपड़ा इस समय मुंबई में हैं। वह अपने छोटे भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत आई हुई हैं। प्रियंका फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हो गईं, जिसकी एक झलक उन्होंने फैंस के साथ भी साझा की है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह फिल्मसिटी के अंदर जाती नजर आ रही हैं।

### महेश बाबू की आवाज में मुफासा : द लायन किंग का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता महेश बाबू की आवाज में मुफासा : द लायन किंग का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मुफासा : द लायन किंग के हिंदी वर्जन में शाहरुख खान ने डबिंग की है। वहीं, फिल्म के तेलुगू वर्जन में महेश बाबू ने उसी कैरेक्टर को आवाज दी है, जिसका वॉइस ओवर हिंदी में शाहरुख खान ने किया है। तेलुगू में महेश बाबू ने मुफासा के किरदार के लिए आवाज दी है। महेश बाबू ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर मुफासा : द लायन किंग का तेलुगू वर्जन का ट्रेलर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, उस किरदार को एक नया आयाम जिसे हम जानते हैं और प्यार करते हैं. तेलुगु में मुफासा की आवाज बनने के लिए काफी एक्साइडेट हूं। क्लासिक का बहुत बड़ा फैन होने के नाते, यह मेरे लिए एक खास बात है. राजा की जय हो। बेरी जेनकिंस निर्देशित फिल्म मुफासा : द लायन किंग 20 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### सूडान में बारिश से टूटा बांध कई लोगों की गई जान

**काहिरा।** सूडान के पूर्वी लाल सागर राज्य में भारी बारिश के कारण एक बांध टूट गया है, जिसमें कई लोगों के मरने और लापता होने की सूचना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारी बारिश के बाद अरबात बांध टूट गया था, और फंसे हुए लोगों की मदद के लिए संसाधनों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

### थाईलैंड में भूस्खलन और बाढ़ से 22 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड में 16 अगस्त से अब तक बाढ़ और भूस्खलन से 22 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। 13 प्रांतों में 30 हजार 900 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

### जापान में मौसम विभाग का रिकॉर्ड बारिश का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि भीषण तूफान शानशान बुधवार को पश्चिमी जापान में दस्तक दे सकता है तथा निवासियों, विशेषकर प्रशांत तट के आसपास रहने वाले लोगों से तेज हवाओं, ऊंची लहरों और भारी बारिश से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

### लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री सलीम का निधन

**बेरूत।** लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री सलीम अल-होस का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मिकाती ने लेबनान में अल-होस के सम्मान में तीन दिनों के आधिकारिक शोक की घोषणा की, उन्हें लेबनान का विवेक कहा और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### मादक पदार्थ बिक्री में कोर्ट ने दी भारतीय मूल के लोगों को सजा

**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने फ्रोजन चिकन के पैकेट समेत अन्य चीजों में छुपाकर मादक पदार्थ की तस्करी करने के जुर्म में भारतीय मूल के लोगों को सजा सुनाई है। पिछले सप्ताह बर्मिंघम क्राउन अदालत ने मादक पदार्थ की आपूर्ति और धन शोधन की साजिश में मनिंदर दोसांझ (39) को 16 वर्ष और आठ महीने तथा अमनदीप ऋषि (42) को 11 वर्ष और दो महीने की जेल की सजा सुनाई। पुलिस ने अदालत को बताया कि उन्होंने 400 किलोग्राम उकोकीन के साथ 16 लाख पाउंड की अवैध नकदी जब्त की थी।

### उत्तर कोरिया ने किया नए ड्रोन का प्रदर्शन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए नए विस्फोटक ड्रोनों का प्रदर्शन देखा और अपनी सेना की युद्ध की तैयारी मजबूत करने के लिए ऐसे हथियारों के विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका और उत्तर कोरिया के मध्य तनाव के बीच किम अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### नीदरलैंड में उबर पर 32.4 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**द हेग।** नीदरलैंड की डेटा सुरक्षा निगरानी संस्था ने उचित सुरक्षा के बिना यूरोपीय चालकों के व्यक्तिगत विवरण कथित तौर पर साझा करने के लिए कैब सेवा प्रदाता उबर पर सोमवार को 32 .4 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। उबर ने इस फैसले को अनुचित बताया ।

## चार और अभिनेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- मलयालम सिनेमा की अभिनेत्री के आरोपों से खलबली

मलयालम सिनेमा की एक अभिनेत्री ने सोमवार को एम. मुकेश समेत चार प्रतिष्ठित अभिनेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए, जिससे न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं के उत्पीड़न के चौंकाने वाले खुलासों का सामना कर रहे फिल्म उद्योग में और खलबली मच गई है। अभिनेत्री द्वारा समाचार चैनलों को दिए साक्षात्कारों में माकपा के विधायक मुकेश के खिलाफ आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद युवा मोर्चा और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कोल्लम में अभिनेता के आवास की ओर मार्च निकाले और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने तथा उनसे इस्तीफा देने की मांग की। कोल्लम के विधायक ने अभी इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

महिला कलाकार ने मलयालम फिल्म उद्योग में तीन अन्य प्रतिष्ठित अभिनेताओं के खिलाफ भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। इस बीच, अभिनेता मणियांपिल्ला राजू ने मलयालम फिल्म उद्योग में सामने आ रहे आरोपों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई और खुलासे होंगे और उनके पीछे कई हित शामिल होंगे। राजू ने कहा कि कुछ लोग स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## लद्दाख : विशिष्ट भौगोलिक पहचान रखते हैं नए बने जिले

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख चर्चा में है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (26 अगस्त) को लद्दाख में 5 नए जिले बनाने की घोषणा की। नए जिलों का नाम जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग होगा। नए जिलों की घोषणा से पहले लद्दाख में केवल दो जिले थे, लेह और कारगिल। अब इनकी संख्या बढ़कर 7 हो जाएगी। लद्दाख का क्षेत्रफल 1,66,698 वर्ग किलोमीटर है। राजधानी लेह है। जनसंख्या करीब तीन लाख है। यहां बौद्ध धर्म का प्रभाव है, यहां कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ हैं। यहां कि अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन, कृषि और पशुपालन पर आधारित है। नए बने जिले द्रास, नुब्रा, शाम, जांस्कर और चांगथांग की अपनी विशिष्ट भौगोलिक, जनसंख्या और सामाजिक विशेषताएं हैं।



**शाम**
- शाम घाटी राजधानी लेह से 40 किमी पश्चिम में स्थित है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 20,000 है।
- शाम घाटी में कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ हैं।
- शाम घाटी की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है।

**नुब्रा**
- नुब्रा घाटी लद्दाख की राजधानी लेह से 150 किमी उत्तर में है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 30,000 है।
- नुब्रा घाटी में दो मुख्य नदियां हैं - श्योक और नुब्रा नदी।
- नुब्रा घाटी में बौद्ध मठों और पर्यटन स्थलों की बहुतायत है

**द्रास**
- द्रास लद्दाख का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 1,200 है।
- द्रास में एक छोटा सा हवाई अड्डा है
- अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन पर आधारित है।

**जांस्कर**
- जांस्कर घाटी लेह से 250 किमी दक्षिण में स्थित है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 15,000 है।
- जांस्कर घाटी में कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ हैं।
- जांस्कर घाटी की अर्थव्यवस्था कृषि और पर्यटन पर आधारित है।

**चांगथांग**
- चांगथांग राजधानी लेह से 160 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 1,000 है।
- चांगथांग में एक छोटा सा हवाई अड्डा है

**दो पुराने जिले**
- करगिल और लेह

(लेह लद्दाख की राजधानी है)

# बलूचिस्तान में बंदूकधारियों के हमलों में 37 लोगों की मौत

## बस से उतारकर पहचान पत्र देखा फिर एक-एक कर मार दी गोली

कराची, एजेंसी।

- दूसरी घटना में चार पुलिस अफसरों सहित 14 लोगों की हत्या
- बलूच लिबरेशन आर्मी ने मूसाखेल में हमले की जिम्मेदारी ली

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को दो अलग-अलग हमलों में हथियारबंद हमलावरों ने 37 लोगों की हत्या कर दी। पहली घटना में बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में बंदूकधारियों ने बसों से यात्रियों को उतारकर और उनके पहचान पत्र देखने के बाद पंजाब प्रांत के कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलों के बाद कार्रवाई में 21 आतंकी भी मारे गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयूब खोसो ने बताया कि यात्रियों को बसों से उतरने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पहचान पत्र देखने के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। खोसो ने बताया कि मृतकों में से ज्यादातर लोग दक्षिणी पंजाब के और कुछ खैबर पख्तूनख्वा के हैं जिससे पता चलता है कि उनकी जातीय पृष्ठभूमि के कारण उनकी हत्या की गई है। प्राधिकारियों ने बताया कि एक अन्य हमले में बलूचिस्तान के कलात जिले में बंदूकधारियों ने चार पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम 14 लोगों की हत्या कर दी। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने 24 अगस्त और 25 अगस्त की रात को बलूचिस्तान में कई स्थानों पर हमले किए। खोसो ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने मूसाखेल में राजमार्ग पर करीब 12 वाहनों में आग भी लगा दी। प्रांत में सबसे ज्यादा सक्रिय आतंकवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मूसाखेल में हमले की जिम्मेदारी ली है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की कड़ी निंदा की है।



बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों द्वारा जलाए गए वाहनों को देखते लोग।

### आतंकियों ने एक रेलवे पुल को भी उड़ाया

पुलिस ने बताया कि एक अन्य आतंकवादी हमले में बोलन के डोजन इलाके में एक रेलवे पुल को बम से उड़ा दिया गया। बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है लेकिन अन्य प्रांतों से अधिक संसाधन होने के बावजूद यह सबसे कम विकसित है। बीएलए और अन्य बलूच अलगाववादियों ने क्षेत्र में काम कर रहे पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत के लोगों पर हमले तेज कर दिए हैं।

### चार माह पहले भी हुआ था इस तरह का हमला

मूसाखेल में हमले से करीब चार महीने पहले पंजाब के लोगों को निशाना बनाते हुए ऐसा ही हमला किया गया था। अप्रैल में नोश्की के समीप एक बस से नौ यात्रियों को उतारा गया था और बंदूकधारियों ने उनके पहचान पत्र देखने के बाद उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। पिछले साल अक्टूबर में अज्ञात बंदूकधारियों ने बलूचिस्तान में केच जिले के तुरबत में पंजाब के छह श्रमिकों को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## आईएनएस मुंबई श्रीलंका पहुंचा

**कोलंबो।** भारतीय नौसेना का अग्रणी युद्धपोत आईएनएस मुंबई तीन दिवसीय यात्रा पर कोलंबो पहुंचा, जिसका श्रीलंका नौसेना द्वारा औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को दी। यह आईएनएस मुंबई की श्रीलंका बंदरगाह की पहली यात्रा है और इस साल आईएनएस काबरा, करंज, कामोर्टा, शाल्की और भारतीय तटरक्षक जहाज समर्थ, अभिनव और सचेत के साथ भारतीय जहाजों की यह 8वीं बंदरगाह यात्रा होगी।

## चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने उस मालवाहक पोत के चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया, जो बंगाल की खाड़ी में सागर द्वीप के दक्षिण में लगभग 90 समुद्री मील की दूरी पर डूब गया था। तटरक्षक बल ने कहा कि मुंबई में पंजीकृत मालवाहक जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जा रहा था।भारतीय तटरक्षक बल ने 26 अगस्त को रात्रिकालीन तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान संकटग्रस्त पोत 'एमवी आईटीटी प्यूमा' के चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया।

## भारत-सिंगापुर उभरते क्षेत्रों में बढ़ाएंगे आपसी सहयोग



सिंगापुर में दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव।

सिंगापुर, एजेंसी

- दोनों देशों के मंत्रियों ने विभिन्न मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

भारत और सिंगापुर ने दोनों के बीच उभरते और भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर जोर देते हुए सोमवार को छह स्तंभों पर विचार-विमर्श किया, जिसमें डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा व उन्नत विनिर्माण और कनेक्टिविटी शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां विदेश मंत्री एस जयशंकर, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री जी किंगयोग ने किया, जिसमें विदेश मंत्री विवियान बाला, गृह मंत्री और कानून मंत्री के शनमुगम आदि शामिल रहे।

### सिंगापुर के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री से मिले मंत्री

**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर जानकारी दी।

## बलात्कार की धमकी मामले में कार्रवाई करे पुलिसः आयोग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सोशल मीडिया पर वायरल उस वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें एक व्यक्ति तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक शीर्ष नेता की नाबालिग बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के लिए 10 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा करता हुआ दिखाई दे रहा है। आयोग ने इस मामले में पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने की गुजारिश की है। आयोग ने कहा है कि वीडियो में दिख रहा शख्स उत्तर 24 परगना जिले में मिनाखान ब्लॉक के मलांचा का रहने वाला है। आयोग ने कहा कि पूरा राज्य आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर की दुखद मौत पर शोक मना रहा है, जबकि बदला लेने के लिए एक और बलात्कार का आह्वान करना स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है और अगर दंडात्मक उपाय नहीं किए गए तो समाज में एक खतरनाक संदेश जा सकता है।

## मोदी ने बाइडेन से यूक्रेन व बांग्लादेश पर की बात

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार देर शाम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ फोन पर बात की तथा यूक्रेन और बांग्लादेश की स्थिति सहित अनेक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया। मैंने शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी के लिए भारत का पूर्ण समर्थन दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### उमर अब्दुल्ला से मिले अमेरिकी राजनयिक

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को यहां अपने आवास पर अमेरिकी राजनयिकों से मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा पर रोक संबंधी परामर्श पर पुनर्विचार करने को कहा। नेकां ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा अमेरिकी राजनयिकों ने नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से आज उनके गुपकर आवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ राजनयिक ग्राहम मेयर, गैर एप्पलगार्थ और अभिराम शामिल थे। पार्टी ने बताया कि बैठक में नेकां के सांसद आगा सईद रुहुल्लाह मेहदी और पार्टी प्रवक्ता एवं संचार प्रमुख तनवीर सादिक भी शामिल हुए।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश के 20 अवैध प्रवासी गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में सीमा पार आवाजाही और मानव तस्करी को बढ़ावा देने में शामिल कम से कम 14 अवैध बांग्लादेशियों, तीन रोहिंग्या, दो स्थानीय दलालों और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अनुसार, पश्चिमी अगरतला के सीमावर्ती गांव बेलाबोर में भारतीय दलालों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर बीएसएफ और जीआरपी ने रविवार को छापेमारी की और दो ग्रामीणों को उनके घरों से पकड़ा। प्रारंभिक जांच से पता चला कि ये दोनों त्रिपुरा के माध्यम से अवैध प्रवास और मानव तस्करी को सुविधाजनक बनाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। बीएसएफ ने शनिवार दोपहर को एक छापेमारी में अगरतला के निश्चिंतपुर में दो बंगलादेशी नागरिकों को पकड़ लिया, जब वे सीमा बाड़ को तोड़कर भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

## यूक्रेन पर बड़ा हमला, तीन की मौत

कीव, एजेंसी

- रूस ने हमले में 100 मिसाइल और 100 ड्रोन का किया इस्तेमाल
- यूक्रेन ने भी किया ड्रोन हमला, ऊंची आवासीय इमारत क्षतिग्रस्त

रूस की सेना ने सोमवार को यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें निशाने पर संभवतः ऊर्जा आधारभूत ढांचा था। इन हमलों में कम से कम तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। यह हमला रविवार मध्य रात्रि के आसपास शुरू हुआ और सोमवार भोर तक जारी था। यह पिछले कुछ सप्ताह में सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी बमबारी की निंदा करते हुए कहा कि इसमें विभिन्न प्रकार की 100 से अधिक मिसाइलों तथा करीब 100 शाहिद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, यूक्रेन के पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों की ओर रूसी ड्रोन के कई समूह बढ़ रहे थे, जिसके बाद कई क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल भी दागी गईं। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि राजधानी कीव में हमले की वजह से बिजली और जल आपूर्ति बाधित हुई है। यूक्रेन के पश्चिमी शहर लुत्स्क के मेयर इगोर पोलिशचुक ने कहा कि एक बहुमंजिला आवासीय इमारत और एक अज्ञात बुनियादी संरचना को हमले में नुकसान पहुंचा है और एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मध्य निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जहां हमले के कारण कई जगहों पर आग लग गई, एक दर्जन घर क्षतिग्रस्त हो गए और दो घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया के दक्षिण-पूर्वी, आंशिक रूप से कब्जे वाले क्षेत्र में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक बुनियादी ढांचा इकाई को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। दक्षिणी मायकोलाइव क्षेत्र में तीन लोग घायल हुए हैं।



हवाई लक्ष्यों पर फायर करती रूसी मिसाइल। • एजेंसी

**ज्ञान-विज्ञान** सेंटर फॉर हाई एंगुलर रेजोल्यूशन एस्ट्रोनॉमी की महत्वपूर्ण खोज

## ध्रुव तारे की सतह पर हैं आश्चर्यजनक काले व चमकीले धब्बे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ध्रुव तारा यानी पोलारिस, नार्थ स्टार व उत्तरी तारे के नाम से परिचित दुनिया में इस तारे से भला कौन अनभिज्ञ होगा। मगर बड़ी खबर है कि इस तारे की सतह काले व चमकीले धब्बों से पटी हुई है। सेंटर फॉर हाई एंगुलर रेजोल्यूशन एस्ट्रोनॉमी (चारा) दूरबीन से इस आश्चर्यजनक रहस्य का पता चल पाया है।

उत्तर में स्थित ध्रुव तारा न केवल वैज्ञानिक बल्कि आस्था का प्रतीक है। इसकी महत्ता सदियों से बनी हुई है और भविष्य में यथावत रहेगी। दुनिया की घड़ी इसी तारे पर निर्भर करती है और दिशा का ज्ञान इसके बिना संभव नहीं है। वैवाहिक जीवन का पदार्पण इस तारे के दर्शन के बिना अधूरा माना जाता है। पृथ्वी के अधिकांश हिस्सों से इस तारे को स्थिर देखा जा सकता है। समुद्री जहाजों के मार्गदर्शन में यह प्राचीनकाल से अहम भूमिका निभाता रहा है। इस तारे पर किस्से कहानियां भी खूब गढ़ी गई हैं। उत्तरी ध्रुव तारे की जितनी प्रसंशा या जिक्र किया जाय, वह कम है। अब जो जानकारी निकलकर सामने आ रही है, वह इस तारे की अंदरूनी सच्चाई है। इसकी सतह में सूर्य की सतह जैसे उभरने वाले काले धब्बे हैं। साथ हो चमकीले धब्बों का पता भी चला है। इन धब्बों का ध्रुव तारे पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, इसका खुलासा तो फिलहाल नहीं हो सका है। मगर इन धब्बों ने वैज्ञानिको का काम बढ़ा दिया है। निकट भविष्य में यह तारा वैज्ञानिकों के शोध का केंद्र बनने जा रहा है। जिससे इस तारे के अनेक रहस्य उजागर होंगे, जो तारों की दुनिया के प्रति हमारी सोच को बदल देंगे। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में 20 अगस्त को शोध प्रकाशित हुआ है।



### ध्रुवमत्स्य तारामंडल का सबसे चमकीला तारा है नार्थ स्टार

ध्रुव तारा ध्रुवमत्स्य नामक तारामंडल का सबसे चमकीला तारा है। पृथ्वी से दिखने वाले सर्वाधिक चमकीले तारों में इसका स्थान 45वां है। यह पृथ्वी से करीब 434 प्रकाश वर्ष दूरी पर स्थित है। तारों की श्रेणी में यह विशाल आकार का महादानव तारा है। हमारे सूर्य से 30 गुना बड़ा है। इसकी चमक सूर्य से 22 सौ गुना अधिक है। इसका भार सूर्य से साढ़े सात गुना अधिक है।

## अमेरिका-भारत के बीच सेतु हैं प्रवासी भारतीय : राजनाथ

**वाशिंगटन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के टेनेसी राज्य में भारतीय समुदाय से मुलाकात की और समाज, विज्ञान एवं अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें दोनों देशों के बीच सेतु की तरह बताया।

अपने दौरे के आखिरी दिन रविवार को मेम्फिस में राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले। सिंह ने भारतीयों को दोनों देश के बीच सेतु की तरह बताया, जो घनिष्ठ संबंधों और सद्भावना को बढ़ावा देता है। रक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी के सम्मान में प्रदर्शनी लगाने और साल 2019 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय के पास दो गांधी मार्ग सड़क संकेतक लगाने में भारतीयों के प्रयासों की भी सराहना की।

## यूनुस हिंदू समुदाय के नेताओं से मिले, दी जन्माष्टमी की बधाई

ढाका, एजेंसी

- स्वागत समारोह आयोजित करते हुए अंतरधार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प जताया

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को हिंदू समुदाय के नेताओं से मुलाकात की और जन्माष्टमी पर उनके लिए स्वागत समारोह आयोजित करते हुए अंतरधार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प जताया।

प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद कई दिनों तक हिंसा में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया तथा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। मुख्य सलाहकार कार्यालय ने यूनुस के हवाले से कहा कि हमारे देश में लोगों के बीच कोई विभाजन नहीं हो सकता। हम समान नागरिक हैं। अंतरिम सरकार देश के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बयान के अनुसार, यूनुस ने उम्मीद जताई कि वह ऐसे बांग्लादेश का निर्माण करेंगे जहां हर कोई बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सके और जहां किसी मंदिर की सुरक्षा की जरूरत न हो।

यूनुस के कार्यालय ने 'एक्स' पर उनके हवाले से कहा कि बांग्लादेश एक बड़ा परिवार है, जहां सरकार की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना है। बैठक के दौरान बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष बशुदेब धर, ढाका के रामकृष्ण मिशन के प्रमुख स्वामी पूर्णात्मानंद महाराज और काजोल देबनाथ एवं मोनिंद्र कुमार नाथ सहित हिंदू समुदाय के नेता उपस्थित थे।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, एक ही परिवार के तीन लोग लापता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर इलाके में सोमवार को बादल फटने के बाद एक महिला और उसके दो बच्चे लापता हो गए। रामबन के उपायुक्त बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा कि बादल फटने की घटना कुमाते, ध्रमण और हल्ला पंचायतों में हुई तथा बचाव दल मौके पर हैं और जिला प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने की घटना दोपहर करीब 2.30 बजे हुई, जिससे तंगेर और डादी नदियों में अचानक बाढ़ आ गई। जिला विकास परिषद के सदस्य मोहम्मद शफी जरगर ने बताया कि नसीमा बेगम (42), उनके बेटे यासिर अहमद (16) और छह साल की बेटी अपने घर से लापता हो गए हैं।